हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • बुधवार • 08.04.2026 • वर्ष : 16 • अंक : 251 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902

**एक नजर**

### ईडी ने की अल-फलाह यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष की संपत्ति जब्त

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत अल फलाह यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष जवाद अहमद सिद्दीकी की 39.45 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है। इसमें दिल्ली का घर, फरीदाबाद की जमीन और बैंक खाते शामिल हैं। ईडी ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा कि अल फलाह यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष जवाद अहमद सिद्दीकी की 39.45 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की गई है। इसमें दिल्ली का घर, फरीदाबाद की जमीन और बैंक खाते शामिल हैं। केंद्रीय जांच एजेंसी ने बताया कि यह कार्रवाई धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत छात्रों से धोखाधड़ी और धनशोधन के मामले में हुई है। अटैचमेंट में जवाद अहमद सिद्दीकी का जामिया नगर, ओखला, दिल्ली में स्थित रिहायशी मकान; फरीदाबाद के गांव धौज में अल-फलाह यूनिवर्सिटी कैंपस से लगी कृषि भूमि; और जवाद अहमद सिद्दीकी तथा अल-फलाह चैरिटेबल ट्रस्ट की डीमैट होल्डिंग्स, बैंक बैलेंस और फिक्स्ड डिपॉजिट शामिल हैं।

### लश्कर के 5 आतंकी गिरफ्तार

**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने लश्कर-ए-तैयबा के एक अंतरराज्यीय आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करके अब्दुल्ला उर्फ अबू हुरैरा समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। अब्दुल्ला 16 साल से फरार था और उसने केंद्र शासित प्रदेश के बाहर ठिकाना बना रखा था। जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ-साथ केंद्रीय एजेंसियों के इस ऑपरेशन में एक अन्य पाकिस्तानी आतंकवादी उस्मान उर्फ बैब को भी गिरफ्तार किया गया है।

### नागपुर में विस्फोटक बरामद

**नागपुर :** महाराष्ट्र के नागपुर शहर के सेंट्रल ऐवन्यू (सीए रोज) इलाके में मंगलवार को बड़ी मात्रा में जिंदा विस्फोटक मिलने से हड़कंप मच गया। गणेशपेठ पुलिस थाना क्षेत्र के दोसर भवन चौराहे पर स्थित मेट्रो स्टेशन के ठीक समीप यह घटना सामने आई है। गणेशपेठ पुलिस को मंगलवार सुबह एक घर के पास संदिग्ध बैग मिलने की सूचना को मिली, जिसके बाद जांच शुरू की गई। जांच के दौरान बैग में 15 जिलेटिन की छड़ें, 58 डेटोनेटर और 8 कनेक्टर बरामद किए गए।

### असम पुलिस ने पवन खेड़ा के दिल्ली आवास की ली तलाशी

**नयी दिल्ली/गुवाहाटी :** असम पुलिस की टीम मंगलवार को कांग्रेस के मीडिया विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा के दिल्ली स्थित आवास पर पहुंची। दिल्ली पुलिस की मौजूदगी में असम पुलिस ने खेड़ा के घर पर छानबीन की। इस दौरान खेड़ा घर में मौजूद नहीं थे। असम पुलिस के अपर पुलिस आयुक्त देबोजीत नाथ के मुताबिक मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी की ओर से पवन खेड़ा के खिलाफ गुवाहाटी स्थित क्राइम ब्रांच पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई गयी प्राथमिकी के सिलसिले में पूछताछ के लिए हम यहां आए। हमें इस केस के सिलसिले में पवन खेड़ा की तलाश थी, लेकिन वह नहीं मिले और उनके घर की तलाशी ली गई। हमें कुछ आपत्तिजनक सामान मिला है। इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस जब्त कर लिए गए हैं। वह कहां हैं, यह अभी पता नहीं है, लेकिन उन्हें ढूंढ लिया जाएगा।

## असम चुनावी दौरे के अंतिम दिन मां कामाख्या के दरबार पहुंचे मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन

# झारखण्ड वासियो के सुख समृद्धि की कामना की

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची/गुवाहाटी :** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने असम प्रवास के दौरान प्रसिद्ध शक्तिपीठ मां कामाख्या मंदिर में माथा टेका। मुख्यमंत्री ने मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर मां का आशीर्वाद लिया और समस्त झारखंड वासियों की सुख-समृद्धि एवं उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना की।

मुख्यमंत्री की इस यात्रा को राज्य की उन्नति के लिए उनकी आध्यात्मिक आस्था से जोड़कर देखा जा रहा है। पूजा के बाद मंदिर परिसर में उपस्थित लोगों और पुजारियों ने मुख्यमंत्री को अंगवस्त्र एवं प्रसाद भेंट कर सम्मानित किया।



### वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न की पूजा

गुवाहाटी स्थित नीलांचल पर्वत पर विराजमान मां कामाख्या के दरबार में मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत किया गया। मंदिर के पुजारियों ने पूरे वैदिक मंत्रोच्चार और परंपरा के साथ विशेष अनुष्ठान संपन्न कराया। मुख्यमंत्री ने माता रानी के चरणों में शीश झुकाकर झारखंड के सर्वांगीण विकास और जनकल्याण के लिए प्रार्थना की।

### सीएम हेमन्त सोरेन लौटे रांची

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन रांची लौट आये हैं। लगभग एक सप्ताह असम विधानसभा चुनाव प्रचार में व्यस्त कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन रांची लौटे हैं।

### माता की कृपा से प्रगति के पथ पर बढ़े राज्य

इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए कहा, यह मेरा परम सौभाग्य है कि मुझे एक बार फिर माता रानी के दर्शन का अवसर मिला। मैंने मां से यही प्रार्थना की है कि झारखंड निरंतर उन्नति और प्रगति के पथ पर अग्रसर रहे और राज्य में शांति व खुशहाली बनी रहे।

## मणिपुर के बिष्णुपुर में रॉकेट हमले में दो बच्चों की मौत



एजेंसी

**इम्फाल :** मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में एक रॉकेट हमले में दो बच्चों की मौत हो गई। इस हमले के बाद तनाव और आक्रोश फैल गया। घटनास्थल पर बड़ी संख्या में पुलिस बलों को तैनात किया गया है। फिलहाल, हमले के पीछे किसका हाथ है, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। मामले की जांच जारी है।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार यह हमला मोइरांग थाना क्षेत्र अंतर्गत त्रोंग्लाओबी अवांग लेइकाई में सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात करीब दो बजे हुआ, जहां एक संदिग्ध प्रोजेक्टाइल एक घर पर आ गिरा। विस्फोट में पांच वर्षीय बालक और पांच माह की बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी मां गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें राज मेडिसिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, महिला की हालत नाजुक बनी हुई है।

## रिम्स जमीन खरीद-फरोख्त मामले में एसीबी ने चार को किया गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रिम्स की जमीन को अवैध तरीके से बेचने के मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने बड़ी कार्रवाई की है।

गिरफ्तार किए गए आरोपितों में रांची के बांधगाड़ी निवासी राजकिशोर बड़ाईक, कार्तिक बड़ाईक, कोकर चौक, राजेश कुमार झा आदर्श नगर और चेतन कुमार शामिल है।

जानकारी के अनुसार, आरोपितों ने गलत वंशावली तैयार कर व्यक्तिगत लाभ के उद्देश्य से रिम्स की अधिग्रहित भूमि की धोखाधड़ी कर खरीद-बिक्री की। जांच के दौरान दस्तावेजों में हेरफेर और अवैध लेन-देन से जुड़े साक्ष्य मिलने के बाद कार्रवाई की गई।

उल्लेखनीय है कि उच्च न्यायालय के आदेश पर एसीबी ने मामले में




(कांड संख्या 01/2026) प्राथमिकी दर्ज की है। वर्ष 1964-65 में अधिग्रहित की गयी सात एकड़ से अधिक जमीन पर अवैध तरीके अपार्टमेंट और भवन बनाए गए थे। अधिकारियों, बिल्डरों और भू माफियाओं की भूमिका की जांच का निर्देश उच्च न्यायालय ने दिया था।

कोर्ट ने राजस्व विभाग, रांची नगर निगम, निबंधन कार्यालय और आरआरडीए के अधिकारियों की मिलीभगत की जांच के लिए एसीबी को प्राथमिकी दर्ज करने के आदेश दिए थे।

# तीन राज्यों में थमा चुनाव प्रचार, मतदान कल

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** असम, केरल और पुदुचेरी में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान मंगलवार शाम 5 बजे समाप्त हो गया। इसके साथ ही चुनाव आयोग के निर्देशानुसार साइलेंस पीरियड लागू हो गया है। इन तीनों क्षेत्रों की कुल 296 सीटों (असम-126, केरल-140, पुदुचेरी-30) पर 9 अप्रैल को एक ही चरण में मतदान कराया जाएगा, जबकि मतों की गिनती 4 मई को होगी।

जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 (1) (बी) के तहत मतदान से 48 घंटे पहले साइलेंस पीरियड प्रभावी हो जाता है। इस अवधि में किसी भी प्रकार के चुनाव प्रचार, टीवी-रेडियो प्रसारण, रैलियों या मतदाताओं को प्रभावित करने वाली सामग्री के प्रसार पर पूर्ण प्रतिबंध रहता है।



### असम में 126 सीटों के लिए विस चुनाव

असम की 126 विधानसभा सीटों के लिए 722 उम्मीदवार मैदान में हैं। नामांकन वापसी के अंतिम दिन 67 उम्मीदवारों ने अपने नाम वापस ले लिए। इनमें केवल 59 महिला उम्मीदवार हैं, जो कुल का लगभग 8 प्रतिशत है, जबकि महिला मतदाताओं की भागीदारी करीब 50 प्रतिशत है।

### केरल में 140 सीटों के लिए विस चुनाव

केरल विधानसभा की 140 सीटों के लिए 890 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। यहां प्रमुख राजनीतिक दलों के बीच मुकाबला त्रिकोणीय है, जिससे चुनावी प्रतिस्पर्धा तीव्र हो गई है। सरकार बनाने के लिए 71 सीटों का बहुमत आवश्यक है।

### पुदुचेरी में 30 सीटों के लिए विस चुनाव विस चुनाव

पुदुचेरी में 30 सीटों पर चुनाव हो रहा है, जिनमें 5 सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। सरकार बनाने के लिए 16 सीटों का बहुमत जरूरी है।

### तमिलनाडु व पश्चिम बंगाल में चुनावी गतिविधियां

इस बीच तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में भी विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया तेज हो गई है। नामांकन पत्रों की जांच पूरी हो चुकी है और उम्मीदवार 9 अप्रैल तक अपने नाम वापस ले सकते हैं।

तमिलनाडु की 234 सीटों और पश्चिम बंगाल के पहले चरण की 152 सीटों पर 23 अप्रैल को मतदान होगा, जबकि पश्चिम बंगाल के दूसरे चरण की 142 सीटों पर 29 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के चुनाव परिणाम 4 मई को घोषित किए जाएंगे, जो आने वाले समय में क्षेत्रीय राजनीति की दिशा तय करेंगे।

## ओडिशा : पुलिस पर पथराव...धारदार हथियारों से हमला

### 50 से ज्यादा पुलिसकर्मी घायल



एजेंसी

**रायगढ़ :** ओडिशा के रायगढ़ के काशीपुर ब्लॉक में मंगलवार को माइनिंग के लिए एक प्राइवेट कंपनी के सड़क बनाने के काम को लेकर खनन विरोधी प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पत्थर फेंके। इतना ही नहीं प्रदर्शनकारियों ने अधिकारियों पर तलवारों, कुल्हाड़ियों और दूसरे धारदार हथियारों से हमला किया। इस घटना में करीब 56 पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, यहां प्रदर्शनकारियों ने सड़क बनाने के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस ने उनसे बातचीत करने की कोशिश की। इस पर प्रदर्शनकारियों ने पुलिसकर्मियों पर पत्थरबाजी शुरू कर दी। इस हिंसक प्रदर्शन में रायगढ़ सब-डिविजनल पुलिस अधिकारी गौरीशंकर साहू समेत कई पुलिसवाले घायल हो गए। सात गंभीर रूप से घायल पुलिसकर्मियों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अन्य घायलों का इलाज काशीपुर कम्युनिटी हेल्थ सेंटर में किया जा रहा है। कानून-व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए, रायगढ़ के जिला मजिस्ट्रेट आशुतोष कुलकर्णी, पुलिस सुपरिटेंडेंट स्वाति एस कुमार और दूसरे सीनियर अधिकारी मौके पर पहुंचे।

## कोलकता पर हमले की पाकिस्तानी धमकी पर रक्षा मंत्री राजनाथ की चेतावनी

# बुरी नजर डालने की कोशिश करने पर 'टुकड़े-टुकड़े कर देंगे'

एजेंसी

**कोलकाता :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा मोहम्मद आसिफ द्वारा कोलकाता पर हमले की धमकी देने वाले बयान पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि पाकिस्तान को इस तरह की भड़काऊ और गैर जिम्मेदाराना बयानबाजी से बचना चाहिए, अन्यथा उसे इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं।

पश्चिम बंगाल के बैरकपुर में चुनाव प्रचार के दौरान आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान को 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध की याद दिलाई। उन्होंने कहा कि उस युद्ध के बाद पाकिस्तान दो हिस्सों में बंट गया था और बांग्लादेश का गठन हुआ था। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर पाकिस्तान इस बार पश्चिम बंगाल की ओर बुरी नजर डालने की कोशिश करेगा तो इस बार उसके कितने टुकड़े होंगे, यह केवल भगवान ही जानते हैं।



क्या कहा था पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा मोहम्मद आसिफ ने 4 अप्रैल को सियालकोट में पत्रकारों से बातचीत करते हुए भारत को धमकी दी थी। उन्होंने कहा था कि यदि भारत कोई झूठा हमला (फॉल्स फ्लैग ऑपरेशन) करने की कोशिश करता है तो संघर्ष केवल सीमा तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि कोलकाता तक पहुंच सकता है।

उनके इस बयान के बाद भारत में राजनीतिक प्रतिक्रिया तेज हो गई और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसका सार्वजनिक रूप से जवाब दिया। राजनाथ सिंह ने कहा कि पाकिस्तान को इतिहास से सबक लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि 55 वर्ष पहले 1971 में जब युद्ध हुआ था तो पाकिस्तान को इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़े थे।

## एयर इंडिया के सीईओ ने दिया इस्तीफा, उत्तराधिकारी की तलाश

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** टाटा की अगुवाई वाली एयरलाइन एयर इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एवं प्रबंध निदेशक (एमडी) कैंपबेल विल्सन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। एयरलाइन ने उनके उत्तराधिकारी की तलाश के लिए एक समिति का गठन किया है।

एयरलाइन के अनुसार नए उत्तराधिकारी की घोषणा होने तक विल्सन सीईओ एवं प्रबंध निदेशक के पद पर बने रहेंगे। एयरलाइन ने कहा कि विल्सन ने 2024 में ही एयर इंडिया के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन को 2026 में पद छोड़ने



की अपनी इच्छा से अवगत करा दिया था। तब से वह यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं कि संगठन और नेतृत्व दल बदलाव के लिए स्थिर स्थिति में हो।

एयर इंडिया ने बताया कि कंपनी के निदेशक मंडल ने आने वाले महीनों में नए प्रमुख की नियुक्ति के लिए एक समिति का गठन किया है, जो उनके उत्तराधिकारी की तलाश करेगी।

# पश्चिम एशिया संकट : अमेरिका ने ईरान पर शुरू किये ताबड़तोड़ हमले

एजेंसी

**वाशिंगटन :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर मंगलवार रात 8 बजे (ईस्टर्न टाइम) तक होर्मुज नहीं खोला गया, तो आज रात एक सभ्यता खत्म हो जाएगी। ट्रंप की इस डेडलाइन समाप्त होने से पहले ही ईरान पर अमेरिकी हमलों का सिलसिला तेज हो गया है। रिपोर्ट के अनुसार, मंगलवार को अमेरिकी वायुसेना ने ईरान के प्रमुख क्रूड ऑयल निर्यात केंद्र खर्ग द्वीप पर बड़े पैमाने पर बमबारी की। इसके अलावा अमेरिकी और इजरायली सेनाओं ने संयुक्त रूप से ईरान के रेलवे स्टेशनों, नों हाईवे और कई महत्वपूर्ण पुलों को निशाना बनाना शुरू कर दिया है।

मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को एक बार फिर कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंनेन्हों ने कहा कि अगर स्थिति नहीं बदली तो आज रात ही एक प्राचीन सभ्यता का स्थायी अंत हो सकता है। ट्रंप ने कहा कि आज रात एक पूरी सभ्यता का अंत हो जाएगा, जिसे फिर कभी वापस नहीं लाया जा सकेगा। मैं ऐसा नहीं चाहता, लेकिन शायद ऐसा ही होगा। शायद कुछ क्रांतिकारी और अद्भुत घटित हो, कौन जानता है?



### ईरान के पुलों और रेलवे ठिकानों पर हमले

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान को पाषाण युग में भेजने की दी गई धमकी वाली डेडलाइन मंगलवार रात 8 बजे समाप्त होने वाली है, लेकिन उससे पहले ही अमेरिकी और इजरायली सेनाओं ने ईरान के रेलवे स्टेशनों, नों हाईवे और पुलों को निशाना बनाना शुरू कर दिया है। इजरायली रक्षा बल ने पुष्टि की है कि उसने ईरान के विभिन्न इलाकों में एक साथ कई लक्ष्यों पर हमले किए हैं। आईडीएफ के अनुसार, कोम शहर में कोम ब्रिज और याह्याबाद रेलवे ब्रिज को निशाना बनाया गया। इसके अलावा शहरियार इलाके में कुछ नागरिक ठिकानों पर भी हमले की रिपोर्ट है।

### खर्ग द्वीप पर भारी बमबारी

ईरान के प्रमुख क्रूड ऑयल निर्यात केंद्र खर्ग द्वीप पर मंगलवार को अमेरिकी वायुसेना द्वारा बड़े पैमाने पर बमबारी की गई। यह हमला ऐसे समय में हुआ जब ट्रंप ने ईरान के हर पुल और पावर प्लांट को नष्ट करने की खुली धमकी दी थी। सोमवार को ट्रंप ने कहा कि वे युद्ध अपराधों की कोई चिंता नहीं कर रहे और ईरान की बुनियादी सुविधाओं को पूरी तरह तबाह करने की चेतावनी दी। उन्होंनेन्हों नेकहा कि हर पावर प्लांट जलता हुआ, फटता हुआ और कभी इस्तेमाल न होने लायक रहेगा। मुझे उम्मीद है कि मुझे ऐसा नहीं करना पड़ेगा।

### तुर्की में इजरायल के कौंसुकौं सुलेट के पास फायरिंग

ईरान में चल रहे संघर्ष के बीच तुर्की के इस्तांबुल में इजरायल के कौंसुकौं सुलेट के पास फायरिंग की घटना हुई है। इस गोलीबारी में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। घटना के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं, जिनमें पुलिसकर्मी हमलावरों पर जवाबी कार्रवाई करते दिख रहे हैं।

एक व्यक्ति खून से लथपथ नजर आ रहा है। तुर्की अधिकारियों ने बताया कि तीन हमलावरों को निष्क्रिय कर दिया गया है। राहत की बात है कि इस समय इस्तांबुल में इजरायल का कोई राजनयिक मौजूद नहीं है।

### पाकिस्तान में आज से लॉकडाउन! रात 8 बजे के बाद बाजार बंद

प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पेट्रोलियम उत्पादों, ऊर्जा संरक्षण और खर्च में कटौती को लेकर एक हाई लेवल बैठक की. जिसमें फैसला लिया गया कि पंजाब, खैबर पख्तूनख्वा, बलूचिस्तान, इस्लामाबाद कैपिटल टेरिटरी, गिलगित-बाल्टिस्तान और आजाद जम्मू और कश्मीर प्रांतों में बाजारें, मंडियां और शॉपिंग मॉल रात 8 बजे बंद हो जाएंगे. प्रतिबंध 7 अप्रैल से प्रभावी होंगे. खैबर पख्तूनख्वा के डिविजनल मुख्यालयों में बाजारें, मंडियां और शॉपिंग मॉल को रात 9 बजे तक खुला रहने की अनुमति होगी. रोजमर्रा के इस्तेमाल की चीजों की दुकानें, डिपार्टमेंटल स्टोर और सभी प्रकार के मॉल भी रात 8 बजे बंद हो जाएंगे. बेकरी, रेस्तरां, तंदूर और खाने-पीने की अन्य जगहें रात 10 बजे बंद हो जाएंगी. मैरिज हॉल, मार्की और अन्य व्यावसायिक स्थल जहां शादियां होती हैं, वे रात 10 बजे के बाद बंद रहेंगे.

## एक नजर

### भाजपा कार्यालय में मना 47वां स्थापना दिवस कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह



**बरही** : भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर बरही स्थित भाजपा कार्यालय में एक सादगीपूर्ण लेकिन उत्साहपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व पश्चिमी मंडल अध्यक्ष नागेश्वर रजक ने किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने पार्टी का ध्वज फहराया और एक-दूसरे को बधाई देकर संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यकताओं ने गर्व के साथ स्वयं को विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी का सदस्य बताया और संगठन को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, मंडल अध्यक्ष नागेश्वर रजक, गुरुदेव गुप्ता, भगवान केसरी, प्रीति गुप्ता, सुरेश यादव, रोशन कुमार सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। समारोह के दौरान संगठन की उपलब्धियों पर चर्चा करते हुए आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने पर भी विचार-विमर्श किया गया।

### श्रद्धा कार्यक्रम में पौधारोपण, समाज को दिया हरित संदेश



**चौपारण** : प्रखंड के बछई पंचायत अंतर्गत ग्राम डुमरी में एक प्रेरणादायक पहल देखने को मिली, जहां स्वर्गीय टोड़ी साव के श्रद्धा कार्यक्रम के अवसर पर उनके परिजनों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए फलदार पौधारोपण किया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान जयराम साव, सुरेंद्र साव, गुलाबचंद साव एवं आदित्य साव ने विधिवत पूजा-पाठ और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ दो आम के पौधे लगाए। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए अनुकरणीय बताया। कार्यक्रम में हरियाली दूत दिनेश साव, भावी मुखिया प्रत्याशी गणेश साहू, संतोष कुमार रजक, कार्तिक यादव समेत कई गणमान्य लोग और परिवार के सदस्य मौजूद रहे। इस मौके पर हरियाली दूत दिनेश साव ने कहा कि बढ़ती गर्मी और पर्यावरण असंतुलन को देखते हुए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन के खास अवसरों जैसे जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ या श्रद्धांजलि कार्यक्रम पर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। उन्होंने इच्छुक लोगों को नि:शुल्क पौधे उपलब्ध कराने की भी बात कही।

# विधायक ने किया शक्तिपीठ मां कामाख्या का दर्शन, सीएम हेमंत सोरेन से हुई शिष्टाचार भेंट

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता





**बरही** : बरही विधानसभा क्षेत्र के विधायक मनोज कुमार यादव इन दिनों असम विधानसभा चुनाव में पार्टी के पक्ष में प्रचार प्रसार कर रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को उन्होंने गुवाहाटी स्थित सुप्रसिद्ध शक्तिपीठ माँ कामाख्या मंदिर पहुंचकर मत्था टेका और विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। माँ कामाख्या के चरणों में शीश नवाने के बाद विधायक ने कहा कि आज उन्हें जगत जननी के दर्शन और पूजन का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने माँ से समस्त क्षेत्रवासियों और झारखंडवासियों के सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य एवं खुशहाली की मंगल कामना की। इस दौरान असम के पूर्व एमसीएल शेखर यादव, बरही ओबीसी मंडल अध्यक्ष मनोज साव आदि उपस्थित थे।

**मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंदिर परिसर में हुई भेंट**

मंदिर परिसर में दर्शन के दौरान विधायक मुलाकात झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से हुई। दोनों नेताओं ने एक-दूसरे का अभिवादन किया और कुछ देर तक शिष्टाचार वार्ता की।

**असम के कई विधानसभा क्षेत्रों में मांग रहे वोट**

बता दें कि प्रदेश भाजपा नेतृत्व के निदेर्शानुसार मनोज यादव असम विधानसभा चुनाव में पार्टी और गठबंधन के उम्मीदवारों के पक्ष में लगातार जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। उन्होंने कोकराझार, गोसाईगांव और जालुकबारी समेत कई महत्वपूर्ण विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार किया और स्थानीय मतदाताओं से वोट की अपील की। उन्होंने विश्वास जताया कि असम में एक बार फिर विकास के नाम पर पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर आईसीएआर-आईएआरआई झारखंड में स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही** : आईसीएआर-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान-, झारखंड की एनएसएस इकाई द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर संस्थान परिसर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम लोक नायक जय प्रकाश आई हॉस्पिटल, हजारीबाग के सहयोग से आयोजित किया गया। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों, कर्मचारियों एवं स्थानीय लोगों के बीच स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा निवारक स्वास्थ्य सेवाओं को प्रोत्साहित करना कार्यक्रम का समापन डॉ. एस. के. महान्ता, परिसर प्रभारी के संबोधन के साथ हुआ, जिन्होंने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा संतुलित पोषण के महत्व पर विशेष जोर दिया। डॉ. विशाल नाथ, ओएसडी ने भी उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए निवारक स्वास्थ्य देखभाल की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। डॉ. दीपक कुमार गुप्ता, एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक ने कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी प्रतिभागियों एवं चिकित्सा दल का आभार व्यक्त किया।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न, कार्यकर्ताओं ने लिया भाग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही** : भारतीय जनता पार्टी बरही पश्चिमी मंडल द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय दो दिवसीय प्रशिक्षण महाअभियान सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष नागेश्वर रजक ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि के साथ किया गया। इस अवसर पर मंडल के अनेक सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित रहे और प्रशिक्षण में भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के जिला कार्यक्रम प्रभारी हरि श्रीवास्तव मौजूद रहे। उनके साथ प्रवक्ता राजेश कुमार गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि रंजीत चंद्रवंशी सहित कई प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष नागेश्वर रजक, पप्पू चंद्रवंशी, प्रीति गुप्ता, अर्जुन साह, भगवान केसरी, हरेंद्र गोप, संगीता शर्मा, धीरेंद्र कुमार यादव, प्रकाश ठाकुर, संतोष यादव, विजय राणा, संजय यादव, सुधीर कुमार यादव, कामेश्वर रविदास, पंकज कुमार, संतोष कुमार सिंह, गिरजा देवी, घनश्याम यादव, राजकुमार यादव, ज्योतिष यादव, आलोक कुमार वर्णवाल, अरुण सिंह, उपेंद्र सिंह, दिनेश साव, मनोज यादव, राजन यादव, सुरेश यादव, प्रदीप पाण्डेय, दिनेश सिंह, मनोज साव, बासुदेव यादव, श्रवण कुमार सिंह, नवरंगी लाल सहित बड़ी संख्या में कार्यकताओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान संगठन की नीतियों, कार्यप्रणाली एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने संतोष व्यक्त किया।

## कोयले की चाल धसने से मजदूर की हुई मौत आपसी समझौते के बाद मामला सालटा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव** : सोमवार की शाम 5:00 नापों और इंदिरा के बीच में सीसी लॉन्ग अवैध कोयला खदान में होरम गांव निवासी मजदूर 35 वर्षीय हरिनाथ महतो की कोयले की चाल धसने से मौत हो गई। घटना को लेकर होरम गांव के ग्रामीणों एवं कोयला खदान संचालक के बीच मामले को रफा दफा करने के लिए कई घंटे विचार विमर्श किया गया । मंगलवार सुबह 3:30 बजे आपसी सामंजस्य बैठने के बाद मामले का समाधान कर लिया गया। आनन फानन में अंधेरी की रात में ही हरिनाथ का अंतिम संस्कार कर दिया गया। सूत्रों द्वारा बताया गया कि सभी पांचो कोयला खदान संचालक ने मृतक के परिवार को ?275000 राशि सहयोग देने के रूप में सहमति बनी है। ज्ञात हो की इसी खदान में 15 -20 दिन पूर्व कोयले की चाल धंसने से दो लोग बाल बाल बच गए थे। चाल धसने के महज 2 मिनट पूर्व खदान से दो खदान संचालक बाहर निकले थे। अन्यथा बड़ी घटना घट सकती थी। बताते चलें कि इसके आसपास तकरीबन 20 से 25 अवैध कोयला खदान चलाये जा रहे हैं ,कोयला खदान के अंदर में , तकरीबन 1 किलोमीटर व्यास में सैकड़ो पिलर के साथ हॉल बन गया है जो कभी भी बड़ी घटना घटने के संकेत नजर आ रहे हैं। यहां से अवैध कोयला निकालकर लूरुँगा के आसपास अवैध रूप से कोयला डंप किया जा रहा है और भारी मात्रा में रोजाना रात के अंधेरे में 15 से 20 बड़ी वाहन से बाहर के मंडी में भेजी जा रही है। कुछ गाड़ियां उरीमारी से होकर गुजरती है तो कुछ गाड़ियां बड़कागांव से होकर गुजरती हैं। लूरुंगा में कोल माफिया और ग्रामीणों के बीच कोयले की लेनदेन को लेकर आपस में ही कई बार रोजाना लड़ाई झगड़ा निरंतर होने की बात सामने आ रही है ,कभी भी खूनी संघर्ष में तब्दील हो सकता है। यह कभी भी बड़ी घटना को अंजाम दे सकता है। पुलिस प्रशासन एवं वन विभाग को इस ओर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। बड़ी कार्रवाई करने की जरूरत है ताकि समय रहते सभी प्रकार की दुर्घटनाओं को टाला जा सके।

## विभावि रिलायंस रिटेल के प्लेसमेंट ड्राइव में MBA छात्रों का शानदार प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग के प्रबंधन विभाग में सत्र 2024-26 के MBA छात्रों के लिए दिनांक 7 अप्रैल 2026 को रिलायंस रिटेल प्राइवेट लिमिटेड द्वारा कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर कंपनी की ओर से एचआर प्रतिनिधि नीरज केडिया एवं जितेंद्र साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत प्री-प्लेसमेंट टॉक से हुई, जिसमें छात्रों को कंपनी की कार्यप्रणाली, करियर अवसरों एवं चयन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। इस प्लेसमेंट ड्राइव में कुल 23 छात्रों ने भाग लिया, जिनमें से 13 छात्र ग्रुप डिस्कशन राउंड में सफल रहे। अंतिम चरण में 6 विद्यार्थियों का चयन किया गया। यह प्लेसमेंट ड्राइव डॉ. मिता सिंह के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रबंधन विभाग के निदेशक डॉ. मोख्तार आलम ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विभाग ने जानकारी दी कि अप्रैल माह में और भी कई प्रतिष्ठित कंपनियाँ प्लेसमेंट के लिए आने वाली हैं, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर रोजगार अवसर प्राप्त होंगे। डॉ मीता ने बताया कि इस आयोजन को सफल बनाने में विभाग के सभी शिक्षकों एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा।

## हीमोफिलिया रोगियों ने सांसद से की जीवनरक्षक दवा और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : हीमोफिलिया सोसाइटी, रांची चैप्टर के बैनर तले मंगलवार को दर्जनों हीमोफिलिया रोगियों और उनके परिजनों ने हजारीबाग सांसद सेवा कार्यालय सांसद मनीष जायसवाल से मुलाकात कर अपनी गंभीर समस्याओं को उनके समक्ष रखा। सोसाइटी के सचिव संतोष कुमार जायसवाल के नेतृत्व में पहुंचे इन मरीजों ने सांसद मनीष जायसवाल को एक मांग पत्र सौंपते हुए आग्रह किया कि हजारीबाग स्थित डे-केयर यूनिट में हीमोफिलिया की सबसे आधुनिक और सर्वोत्तम औषधि, फैक्टर 8 मिमीम यानी एमिसिजुमैब को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया जाए। मरीजों का कहना है कि इस जीवनरक्षक दवा की उपलब्धता से उनके उपचार में क्रांतिकारी बदलाव आएगा और वे एक सामान्य जीवन जीने की ओर अग्रसर हो सकेंगे। दवाओं की मांग के साथ-साथ प्रतिनिधिमंडल ने अस्पताल की प्रशासनिक और चिकित्सा व्यवस्था में सुधार की भी पुरजोर वकालत की। उन्होंने सांसद मनीष जायसवाल को बताया कि डे-केयर यूनिट में नियमित फैक्टर की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ ही वहां औषधि विभाग और शिशु रोग विभाग के विशेषज्ञों का स्थायी पदस्थापन अत्यंत आवश्यक है ताकि आपात स्थिति में मरीजों को तुरंत विशेषज्ञ सलाह मिल सके। इसके अतिरिक्त मरीजों ने एक बेहद संवेदनशील मुद्दे की ओर ध्यान दिलाते हुए कहा कि वर्तमान में डे-केयर यूनिट के कुछ चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों का व्यवहार मरीजों के प्रति संतोषजनक नहीं है। उन्होंने मांग की कि इस गंभीर और दर्दनाक बीमारी से जूझ रहे लोगों के साथ मानवीय और गरिमापूर्ण व्यवहार सुनिश्चित किया जाए ।

# सांसद ने जगदीशपुर-इचाक पथ का किया शिलान्यास, दो लोकसभा क्षेत्रों के लाखों ग्रामीणों को मिलेगी बड़ी राहत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही** : हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने मंगलवार को क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करते हुए सदर प्रखंड के जगदीशपुर बीटी रोड से सिवाने नदी होते हुए इचाक प्रखंड के इचाक बीटी रोड को जोड़ने वाले अत्यंत महत्वपूर्ण पथ का विधिवत शिलान्यास किया। यह मार्ग हजारीबाग लोकसभा के सदर विधानसभा और कोडरमा लोकसभा के बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करेगा। इस अवसर पर जगदीशपुर पहुंचे सांसद मनीष जायसवाल का ग्रामीणों ने ढोल-ताशों, फूल-मालाओं और जयकारों के साथ भव्य स्वागत किया, जिसके बाद उन्होंने स्थानीय गणमान्य लोगों की उपस्थिति में नारियल फोड़कर और शिलापट्ट का अनावरण कर निर्माण कार्य की आधारशिला रखी । डीएमएफटी मद से करीब 2 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह 1700 मीटर लंबा पीसीसी पथ आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा, जिसमें जल निकासी के लिए 430 मीटर नाली, सुरक्षा हेतु 100 मीटर गार्डवाल और सुगम आवागमन के लिए आधा दर्जन से अधिक पुलिया का निर्माण भी शामिल है। शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि यह पथ निर्माण हजारीबाग सदर, इचाक और बरकट्ठा क्षेत्र के लगभग 50 से 60 गांवों के लिए लाइफलाइन साबित होगा। उन्होंने कहा कि इस सड़क के बन जाने से न केवल सुदूरवर्ती गांवों के लोगों को जिला मुख्यालय पहुंचने में आसानी होगी, बल्कि स्थानीय किसानों को अपनी उपज हाट-बाजारों तक ले जाने में भी बड़ी राहत मिलेगी, जिससे क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास को एक नई गति प्राप्त होगी। उक्त अवसर पर विशेषरूप से सदर विधानसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि किशोरी राणा, सदर पूर्वी सांसद प्रतिनिधि सह मुखिया कृष्णा मेहता, जिला योजना के सांसद प्रतिनिधि अनूप कुमार, सदर पूर्वी भाजपा मंडल अध्यक्ष अजीत कुशवाहा, भाजपा एससी मोर्चा के जिला अध्यक्ष महेंद्र राम बिहारी, कटकमसांडी पूर्वी सांसद प्रतिनिधि बीरेंद्र कुमार बीरू, इचाक सांसद प्रतिनिधि भागवत प्रसाद मेहता, इचाक के पूर्व मंडल अध्यक्ष गौतम नारायण सिंह, सुभाष सोनी, भाजपा कार्यकर्ता जितेंद्र कुमार, सीताराम प्रसाद, श्यामलाल महतो, धर्मेंद्र कुमार, गौतम वर्मा, उमेश मेहता, बिरजू मेहता, चरकू मेहता, बबलू मेहता, सरोज सिंह। गौतम कुमार, दशरथ कुमार, सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य सैकड़ो लोग मौजूद रहें ।

## संक्षिप्त खबरें

### राजकीय मध्य विद्यालय बेंदगी में छात्रों के बीच पोशाक का किया गया वितरण



**बरही** : प्रखंड अंतर्गत रसोईया धमना पंचायत के राजकीय मध्य विद्यालय में दर्जनों छात्रों के बीच पोशाक का वितरण किया गया। जिसमें मुख्य रूप से समाजसेवी मो तस्लीम शामिल हुए, वहीं उन्होंने दर्जनों छात्रों के बीच पोशाक का वितरण किया। पोशाक पाकर बच्चे प्रसन्न दिखे। इस दौरान मो तस्लीम ने कहा कि पोशाक वितरण का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद अहर गरीब स्कूली बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना, स्कूल में नामांकन बढ़ाना और ड्रॉप - आउट दर को कम करना है। यह योजना समानता को बढ़ावा देती है, और बच्चों मद आत्मविश्वास जगाती है। और सामाजिक - आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों पर बोझ कम करती है। मौके पर विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं समेत दर्जनों छात्र मौजूद थे।

### सड़क का निर्माण कार्य शुरू, ग्रामीणों में खुशी



बरही : बरही प्रखंड अंतर्गत रसोईया धमना पंचायत के लसकरी में सोमवार से सड़क मरम्मती का कार्य शुरू हो। करीब एक माह पूर्व अपेम लाइव न्यूज में एक महीना पहले इस संबंध में खबर प्रकाशित की गई थी, जिसके बाद सड़क का कार्य शुरू हो गया है। वहीं सड़क का निर्माण कार्य शुरू होने से स्थानीय लोगों ने इस पहल का स्वागत किया है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क में गड्ढे होने के कारण आवागमन में काफी परेशानी होती थी। बारिश और घरों का गन्दा पानी सड़क पर जमा हो जाते थे, जिससे राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। साथ ही ग्रामीणों ने बताया कि सड़क में बने गड्ढे में पानी जम जाने के कारण मच्छर भी पनपते थे, जिससे स्थानीय लोगों को बीमारियों का खतरा बना रहता था। साथ ही बताया कि सड़क खराब होने के कारण स्कूली बच्चों को भी आने - जाने में परेशानी होती थी। अब सड़क बन जाने से इन सभी समस्याओं से निजात मिल जाएगी। साथ ही मौके पर मौजूद दिनेश प्रजापति, मो जुल्फीकार, मो नसीम, मनीष, नूनेश एवं मुन्ना सहित अन्य लोगों ने बताया कि सड़क के निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाएगा। किसी भी प्रकार की लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इस सड़क के बनाए जाने से पूरे क्षेत्र के लोगों को फायदा मिलेगा।

### जेएलकेएम पार्टी के सुनिता साहु ने 100 केवी के ट्रांसफार्मर का फीता काटकर किया उद्घाटन



**बड़कागांव** : बड़कागांव प्रखंड के चेपाखुर्द में विगत कई दिनों से ट्रांसफार्मर जला हुआ था। जिसकी सूचना झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष सुनीता साहू को युवाओं ने दिया। जिस पर तत्कालीन संज्ञान लेते हुए श्रीमती साहु ने विभाग के एसी साहेब को इसकी सूचना दी। कनीय अभियंता प्रदीप प्रजापति के द्वारा स्थानीय बिजली विभाग को इसकी जानकारी देते एसी हजारीबाग से 100 के बी का ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवाया ।जिसका जिला महिला मोर्चा के अध्यक्ष सुनीता साहू के द्वारा फीता काटकर ट्रांसफार्मर का उद्घाटन कर पहले की तरह सुचारू रूप से बहाल करवाया गया। मौके पर सुनीता साहु ने कहा कि बड़कागांव विधानसभा में जेलएलकेएम पार्टी का विधायक होगा तभी बिजली का समस्या का पुर्ण समाधान एवं क्षेत्र का पूर्ण विकास होगा ।मौके पर मुख्य रूप से जेएलकेएम पार्टी के प्रखंड मीडिया प्रभारी तारकेश्वर महतो,टिंकु देवी ,अमली देवी, आशा देवी, छठिया देवी, गीता देवी ,रेणुका देवी, कौशीला देवी, पर्वती देवी, सुरेन्द्र राम, विक्की करमाली, शंकर साव, विकास यादव,राजा करमाली, रंजीत साव, गणेश यादव,रंधीर साव व दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### टीबी मुक्त भारत के लिए 100 दिन अभियान का बरही अनुमंडलीय अस्पताल में प्रशिक्षण



**बरही** : मंगलवार को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में टीबी मुक्त भारत के लिए 100 दिन अभियान का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में एमओ, सीएचओ, एएनएम, बीटीटी, सहिया साथी, सहिया और एमपीडब्ल्यू शामिल थे। चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मियों को प्रशिक्षण देते हुए उपाधीक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानी ने कहा कि प्रथम चरण में 14 गांवों में अभियान चलाया जाएगा। गर्भवती माताओं को छोड़कर 14 साल के उपर के सभी का एक्स रे किया जाएगा। एक्स रे के साथ उनका ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, हेमोग्लोबीन, बीएम आई और स्पटम की जांच की जाएगी। इसके लिए मेडिकल टीम के साथ एक्स रे वैन साथ जाएगी। एक दिन में 100 से 150 लोगों का एक्स रे और जांच का लक्ष्य रखा गया है। मेडिकल टीम में एमओ, सीएचओ एएनएम सहिया साथी सहिया और एमपीडब्ल्यू शामिल रहेंगे। 100 दिन अभियान के प्रशिक्षण कार्यक्रम में डॉक्टर, स्वास्थ्यकर्मी, एएनएम, बीटीटी, एमपीडब्ल्यू, सहिया साथी, सहिया शामिल थे।

## एक नजर

### प्रदेश भाजपा की बैठक संपन्न

**रांची** : आदित्य साहू के नेतृत्व में बनी प्रदेश भाजपा के पदाधिकारियों की पहली बैठक मंगलवार को हुई। बैठक में राज्य की वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर चर्चा हुई और संगठन को मजबूत बनाने की भविष्य की रणनीति तैयार की गई।
प्रदेश भाजपा कार्यालय में करीब दो घंटे तक चली इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह समेत सभी नवमनोनित पदाधिकारी मौजूद रहे। संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने नए पदाधिकारियों को लड्डू खिलाकर स्वागत किया, जबकि प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने पार्टी का पट्टा पहनाकर उनका स्वागत किया। बैठक के दौरान राज्य की राजनीतिक स्थिति पर खुलकर चर्चा हुई और संगठन को धारदार बनाने के लिए भविष्य की रणनीति बनाई गई।

### झारखंड के पूर्वी सिहभूम में 52 मिमी बारिश दर्ज

**रांची** : राज्य के विभिन्न जिलों में पिछले लगभग 10 दिनों से बादल, बारिश और गर्जन की स्थिति बनी हुई है। पिछले 24 घंटों के दौरान भी राज्य के कई जिलों में अच्छी बारिश दर्ज की गई। इस दौरान सबसे अधिक बारिश पूर्वी सिंहभूम जिले के गुड़ाबांधा में 52.2 मिलीमीटर रिकॉर्ड की गई। मौसम विभाग ने 08 अप्रैल को राज्य के 17 जिलों में गर्जन के साथ हल्की बारिश, वज्रपात और ओलावृष्टि की संभावना व्यक्त की है। विभाग की ओर से इस दौरान 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की संभावना व्यक्त की गई है। इसे लेकर विभाग की ओर से ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। ऑरेंज अलर्ट जिले में रांची, खूंटी, रामगढ़, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां, बोकारो, हजारीबाग, गिरिडीह, कोडरमा, धनबाद, देवघर, जामताड़ा, दुमका, पाकुड़, गुड्डा और साहिबगंज शामिल हैं। वहीं, पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान 35.2 डिग्री सरायकेला में और सबसे कम तापमान 16.4 डिग्री सेल्सियस रांची के कांके में रिकॉर्ड किया गया।

### राज्यपाल संतोष गंगवार की प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों को नसीहत

# जनहित को रखें सर्वोपरि, पहचान कार्यों और व्यवहार से बनती है

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने भविष्य के नीति-निमार्ताओं को राज्य और जनहित में समर्पण के साथ कार्य करने का मंत्र दिया है। मंगलवार को रांची स्थित राजभवन (लोक भवन) में भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान राज्यपाल ने युवा अधिकारियों के साथ सीधा संवाद कर उन्हें प्रशासनिक सेवा की बारीकियों और नैतिक मूल्यों से अवगत कराया।
राज्यपाल ने अधिकारियों को प्रेरित करते हुए कहा कि प्रशासनिक सेवा में किसी भी अधिकारी की पहचान उसके पद से अधिक उसके कार्य करने के तरीके और आम जनता के साथ उसके व्यवहार से बनती है। उन्होंने निर्देश दिया कि कठिन और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी सजग रहकर समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करें। इस महत्वपूर्ण बैठक के दौरान राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ. नितिन कुलकर्णी भी उपस्थित रहे। राज्यपाल ने सभी प्रशिक्षु अधिकारियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उम्मीद जताई कि वे अपनी सेवा के दौरान राज्य के विकास में मील का पत्थर साबित होंगे।



### झारखंड को विकसित राज्यों की श्रेणी में लाने का आह्वान

प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि झारखंड प्राकृतिक संसाधनों और संभावनाओं से समृद्ध राज्य है। उन्होंने जोर देकर कहा, राज्य को विकास के पथ पर तेजी से आगे ले जाने और इसे देश के विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल करने की जिम्मेदारी आप जैसे युवा अधिकारियों के कंधों पर है। इसके लिए आपको पूरी निष्ठा और समर्पित भाव से कार्य करना होगा।

### क्षेत्र भ्रमण और जन-संवाद पर दिया जोर

राज्यपाल ने अधिकारियों को 'ऑफिस' से निकलकर 'जमीनी हकीकत' समझने की सलाह दी। उन्होंने प्रशासनिक सफलता के लिए भी मार्गदर्शन किया। योजनाओं के क्रियान्वयन को समझने के लिए गांवों और सुदूर क्षेत्रों का दौरा करें। आम लोगों के साथ निरंतर संवाद बनाए रखें ताकि उनकी समस्याओं को करीब से समझा जा सके। कार्यों में पूरी पारदर्शिता बरतें और जनता के प्रति संवेदनशील बनें। हर निर्णय और कार्य के प्रति उत्तरदायित्व की भावना रखें।

# झारखंड में जल्द लागू होगा स्वास्थ्य गारंटी कार्ड : इरफान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि राज्य में जल्द ही स्वास्थ्य गारंटी कार्ड लागू किया जाएगा, जिससे हर व्यक्ति को बेहतर और सुलभ इलाज सुनिश्चित होगा। झारखंड के हर व्यक्ति को स्वास्थ्य सुरक्षा देना सरकार की प्राथमिकता है। यही कारण है कि नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड (एनक्यूनएएस) रैंकिंग में झारखंड ने पूरे देश में तीसरा स्थान हासिल किया है, यह राज्य के लिए गर्व की बात है। मंत्री इरफान अंसारी बतौर मुख्य अतिथि मंगलवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर नामकुम स्थित एनएचएम सभागार में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में बोल रहे थे।
मंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए दिन-रात काम किया जा रहा है। विश्व स्वास्थ्य दिवस पर मंत्री ने लोगों से प्रतिदिन कम से कम 45 मिनट अपने स्वास्थ्य के लिए निकालने को कहा।
मौके पर मंत्री ने आईपीएच परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण



और हरियाली का संदेश दिया गया। इसके अलावे मंत्री ने 1200 स्थायी चिकित्सकों की जल्द बहाली करने, 7500 एएनएम-जीएनएम की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू किए जाने, राज्य को जल्द 247 नए एम्बुलेंस देने, संथाल परगना में नया कंट्रोल कमांड सेंटर स्थापित करने, ब्लड उपलब्धता के लिए नई पॉलिसी लागू करने की भी बात कही।
मंत्री ने झारखंड उच्च न्यायालय के आदेश पर भी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बिना डोनर के ब्लड उपलब्ध कराना जमीनी स्तर पर चुनौतीपूर्ण है, इसलिए विभाग इस आदेश में संशोधन के लिए जल्द ही न्यायालय का रुख करेगा।

# लोकायुक्त और सूचना आयुक्तों के नामों पर लगी मुहर, जल्द होगी घोषणा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : झारखंड में लंबे समय से खाली पड़े संवैधानिक पदों और विभिन्न आयोगों में नियुक्तियों का रास्ता साफ होता दिख रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के असम दौरे से लौटते ही राज्य को नए लोकायुक्त और सूचना आयुक्त मिल सकते हैं। उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार, चयन प्रक्रिया पूरी कर ली गई है और संबंधित फाइलों को राज्यपाल की अंतिम सहमति के लिए राजभवन भेज दिया गया है। इन नियुक्तियों को लेकर राज्य की सियासत भी गरमा गई है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जब तक कोर्ट का डंडा नहीं चलता, सरकार की नींद नहीं खुलती। उन्होंने महिला और बाल संरक्षण आयोग की बदहाली के लिए सरकार की उदासीनता को जिम्मेदार ठहराया।
पलटवार करते हुए कांग्रेस महासचिव राकेश सिन्हा ने कहा कि नियुक्तियों की प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है और जल्द ही सभी आयोगों का गठन कर लिया जाएगा। उन्होंने बीजेपी पर जनता का ध्यान असल मुद्दों से भटकाने का आरोप लगाया।



### लोकायुक्त का पद 2021 से खाली

भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने वाली सबसे महत्वपूर्ण संस्था 'लोकायुक्त' भी जून 2021 से नेतृत्व विहीन है। तत्कालीन लोकायुक्त जस्टिस डी.एन. उपाध्याय के असामयिक निधन के बाद से यह पद रिक्त है। हाईकोर्ट के कड़े रुख और बार-बार दिए गए निर्देशों के बाद अब सरकार ने इस पद को भरने की कवायद तेज की है।

### सूचना आयोग में 5000 से अधिक अपीलें लंबित

राज्य सूचना आयोग पिछले चार साल से लगभग निष्प्राण पड़ा है। मई 2020 में तत्कालीन प्रभारी मुख्य सूचना आयुक्त हिमांशु शेखर चौधरी का कार्यकाल समाप्त होने के बाद से यहाँ सुनवाई ठप है। इसका सीधा असर आरटीआई कार्यकताओं और आम जनता पर पड़ा है, जिसके कारण आयोग में 5,000 से अधिक अपीलें धूल फांक रही हैं। नई नियुक्तियों से इन लंबित मामलों के निपटारे की उम्मीद जगी है।

### 40 से ज्यादा पदों पर होनी है बहाली

सिर्फ सूचना आयोग ही नहीं, बल्कि राज्य के कई अन्य महत्वपूर्ण बोर्ड और निगम भी बिना अध्यक्ष के चल रहे हैं। चर्चा है कि सूचना आयुक्तों की नियुक्ति के बाद महिला आयोग और बाल संरक्षण आयोग (जहाँ लंबे समय से कामकाज प्रभावित है), झारखंड राज्य बाल श्रमिक आयोग, रांची क्षेत्रीय विकास प्राधिकार (फ्रऊअ) और जेरेडा (खफ्रऊअ), तेनुघाट विद्युत निगम लिमिटेड और खान पर्षद इन संस्थानों में भी नियुक्तियां की जाएंगी।

# अब पुलिसकर्मियों के निलंबन की जानकारी मुख्यालय को तुरंत देनी होगी, आदेश जारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : झारखंड पुलिस मुख्यालय ने प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ और पारदर्शी बनाने की दिशा में एक कड़ा रुख अपनाया है। अब राज्य के किसी भी जिले या इकाई में यदि किसी पुलिस पदाधिकारी या कर्मी को निलंबित किया जाता है, तो उसके आदेश की प्रति अनिवार्य रूप से मुख्यालय को भेजनी होगी। इस संबंध में मुख्यालय ने सभी जिलों और वाहिनियों के लिए गाइडलाइन जारी कर दी है।
पुलिस मुख्यालय ने चेतावनी दी है कि इस निर्देश के पालन में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा के भीतर सूचना साझा करनी होगी।



### क्यों पड़ी इस आदेश की जरूरत?

मंगलवार को पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, प्रभारी एनजी शाखा द्वारा जारी आधिकारिक पत्र में यह स्पष्ट किया गया है कि वर्तमान में जिला स्तर पर अनुशासनहीनता या भ्रष्टाचार जैसे आरोपों में कर्मियों पर कार्रवाई तो होती है, लेकिन इसकी सूचना समय पर मुख्यालय तक नहीं पहुँचती। सूचना के अभाव में मुख्यालय स्तर पर पुलिसकर्मियों के सर्विस रिकॉर्ड (अभिलेखों) को अपडेट करने में काफी तकनीकी और प्रशासनिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

### कड़ाई से पालन करने का निर्देश

मुख्यालय ने इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए अब यह अनिवार्य कर दिया है कि किसी भी जिले, इकाई या वाहिनी में कार्यरत या प्रतिनियुक्त पुलिसकर्मी के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई होते ही उसका आदेश/जिलादेश/बलादेश तुरंत मुख्यालय को प्रेषित किया जाए। सभी एसएसपी, एसपी और समादेष्टाओं को इस निर्देश का अक्षरशः पालन करने को कहा गया है।

### पारदर्शिता और रिकॉर्ड संधारण पर जोर

पुलिस विभाग के इस कदम का मुख्य उद्देश्य प्रशासनिक पारदर्शिता बनाए रखना है। समय पर सूचना मिलने से मुख्यालय को यह पता रहेगा कि राज्य के कितने और कौन से पुलिसकर्मी निलंबित हैं, जिससे उनके प्रमोशन, वेतन वृद्धि या अन्य विभागीय प्रक्रियाओं में किसी प्रकार की त्रुटि न हो।

# आंगनवाड़ी सेविका चयन पर बवाल फर्जी दस्तावेज के आरोपों से घिरी प्रक्रिया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कुकड़ू** : सरायकेला-खरसावां जिले के कुकड़ू प्रखंड अंतर्गत कूदा गांव में आंगनवाड़ी सेविका चयन प्रक्रिया एक बार फिर विवादों के घेरे में आ गई है। मंगलवार को आयोजित ग्रामसभा में चयन प्रक्रिया के दौरान ही ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया और पारदर्शिता पर गंभीर सवाल उठाए। चयन प्रक्रिया में कुल 9 अभ्यर्थियों ने भाग लिया जिसमें अंक के आधार पर आलोमनी महतो का चयन किया गया। लेकिन चयन की घोषणा होते ही ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि चयनित अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत एमए की मार्कशीट संदिग्ध है। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक मूल प्रमाण पत्रों का सत्यापन नहीं होता चयन को वैध नहीं माना जा सकता। नियमानुसार



आंगनवाड़ी सेविका चयन में शैक्षणिक प्रमाण पत्रों का सत्यापन, मेरिट सूची का पारदर्शी प्रकाशन और ग्रामसभा की सहमति आवश्यक होती है। ऐसे में बिना पूर्ण जांच के चयन प्रक्रिया पूरी करना नियमों का उल्लंघन माना जा रहा है। वहीं बालिका महतो के चयन को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। 6 जनवरी 2026 को ग्रामसभा द्वारा उनका चयन किया गया था, लेकिन दस्तावेज समय पर जिला कार्यालय नहीं भेजे जाने के कारण चयन रद्द कर दिया गया।

## नगर निगम का बड़ा फैसला

# आवास बोर्ड की कॉलोनियों में अब नहीं चलेंगी दुकानें, नगर निगम रद्द करेगा ट्रेड लाइसेंस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : राजधानी रांची के पॉश रिहायशी इलाकों में व्यावसायिक गतिविधियां चलाने वालों के लिए बुरी खबर है। रांची नगर निगम ने झारखंड राज्य आवास बोर्ड की कॉलोनियों में चल रही दुकानों और प्रतिष्ठानों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए उनके ट्रेड लाइसेंस रद्द करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस फैसले से हरमू, अरगोड़ा और बरियातू जैसे क्षेत्रों के सैकड़ों व्यवसायी प्रभावित होंगे।



### इन इलाकों पर गिरेगी गाज

- हरमू हाउसिंग कॉलोनी
- अरगोड़ा हाउसिंग कॉलोनी
- बरियातू हाउसिंग कॉलोनी

### सुप्रीम कोर्ट का आदेश बना आधार

नगर निगम की इस कार्रवाई का मुख्य आधार सर्वोच्च न्यायालय (सुप्रीम कोर्ट) का हालिया फैसला है। सिविल अपील संख्या 14604/2024 और 14605/2024 में कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि आवास बोर्ड की आवासीय कॉलोनियों का उपयोग केवल निवास के लिए होगा, वहां व्यावसायिक गतिविधियां प्रतिबंधित रहेंगी।

### आवास बोर्ड की पहल पर निगम की कार्रवाई

झारखंड राज्य आवास बोर्ड ने 13 नवंबर 2025 को नगर निगम को पत्र लिखकर अनुरोध किया था कि आवासीय क्षेत्रों में चल रही दुकानों के पुराने लाइसेंस रद्द किए जाएं। भविष्य में इन क्षेत्रों के लिए कोई नया ट्रेड लाइसेंस जारी न हो। इसी के आलोक में निगम प्रशासन ने 20 नवंबर 2025 को आधिकारिक आदेश जारी कर कार्रवाई की रूपरेखा तैयार की है।

### व्यवसायियों में हड़कंप, प्रशासन अडिग

पिछले कई दशकों से इन कॉलोनियों में घर के आगे के हिस्से में दुकान या ऑफिस चला रहे लोगों के बीच इस आदेश से चिंता की लहर है। कई छोटे-बड़े प्रतिष्ठान अब अवैध होने की कगार पर हैं।
हालांकि, निगम अधिकारियों का कहना है कि यह कदम शहरी नियोजन के नियमों को सख्ती से लागू करने के लिए उठाया गया है। प्रशासन का तर्क है कि रिहायशी इलाकों में दुकानों के कारण यातायात, पार्किंग और शांति व्यवस्था प्रभावित होती है। न्यायालय के आदेश का अनुपालन करना अनिवार्य है, इसलिए अब इन क्षेत्रों में किसी भी प्रकार की व्यावसायिक गतिविधि की अनुमति नहीं दी जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### शकुंतला-भुवनेश्वरी पुरस्कार से सम्मानित होंगे कवि बुद्धिनाथ झा



**रांची** : हैदराबाद स्थित शकुंतला भुवनेश्वरी मैथिली-संस्कृत संवर्द्धन न्यास ने अपनी वार्षिक पुरस्कार की घोषणा कर दी है। तीन सदस्यीय समिति ने निर्णय लिया है कि मैथिली गद्य-पद्य में समान रूप से लिखने वाले सक्रिय लेखक, महाभारत जैसे शास्त्रीय साहित्य को मैथिली पटल पर हृदबद्ध रूप में निबद्ध करने वाले कवि बुद्धिनाथ झा को 2026 का शकुंतला-भुवनेश्वरी पुरस्कार एक सादे समारोह में प्रदान किया जाएगा। पुरस्कार में एक लाख रुपए, शॉल, प्रशस्ति पत्र दिये जाएंगे। स्मरणीय है कि यह पुरस्कार न्यास की ओर से प्रतिवर्ष दिया जाता है। मुख्य न्यासी श्री चन्द्र मोहन कर्ण ने इसकी आधिकारिक घोषणा करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की है। बुद्धिनाथ झा का पैतृक घर मधुबनी जिले के नागदह में है। ये झारखंड के बोकारो स्टील प्लांट में नौकरी करते थे। अभी अवकाश प्राप्ति के बाद साहित्य को पूरी तरह समर्पित हो चुके हैं। वयोवृद्ध साहित्यकार बुद्धिनाथ को रांची विश्वविद्यालय के रिटायर्ड प्रोफेसर डा. नरेन्द्र झा, दूरदर्शन रांची केंद्र के पूर्व निदेशक प्रमोद कुमार झा, कृष्णमोहन झा मोहन, बदरीनाथ झा, अमरनाथ झा, डा. महेन्द्र, सुभाष चन्द्र यादव, केदार कानन, सुस्मिता पाठक, किसलय कृष्ण, डा. संजय वशिष्ठ और आशीष चमन आदि ने बधाई दी है। इससे पहले यह पुरस्कार मैथिली के वरिष्ठ लेखक महेन्द्र, शिवशंकर श्रीनिवास, अशोक, जगदीश चन्द्र ठाकुर अनिल, सुभाष चन्द्र यादव, सुस्मिता पाठक और वीरेंद्र मल्लिक को मिल चुका है।

### श्री श्याम मंदिर में198 वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ आयोजित



**रांची** : श्री श्याम मित्र मंडल के द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आज 198 वा श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया राम सिया राम सिया राम जय जय राम के गायन व बजरंग बली की जय जयकारों से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। मण्डल के वरिष्ठ कार्यकारणी सदस्य राजेश ढांढनिया ने अखण्ड ज्योति एवं पूजन के सभी कार्य सम्पन्न करवाएं।
सुनील मोदी ने बालाजी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्जवलित कर केसरिया पेड़ा गुड़ चना फल का भोग बालाजी महाराज को अर्पित किया। सुनील मोदी ने श्रीरामचरितमानस ग्रंथ की पूजा करके पाठ वाचकों का चंदन वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक ढपली के स्वर के साथ श्री गणेश वंदना कर श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया । श्री सुंदरकांड का संगीतमय पाठ उपस्थित जनों से करवाया गया। भक्तजन श्री हनुमान जी महाराज की आराधना में लीन थे। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया। श्री सुंदरकांड के पाठ के उपरांत पुनः श्री हनुमान चालीसा का पाठ करके महाआरती करके भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया गया। श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद सेवा पुष्पा देवी पोद्दार ने केसरिया पेडा सेवा मुकेश मित्तल ने गिरिगोला सेवा एवम राजेश जयसवाल ने फल प्रसाद सेवा निवेदित की। इस अवसर पर मण्डल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका उपाध्यक्ष श्रवन ढानढनिया उपाध्यक्ष अशोक लड़िया महामंत्री गौरव अग्रवाल कोषाध्यक्ष मनोज खेतान वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य राजेश ढांढनिया स्नेह पोद्दार रिषभ कुमार हर्ष कृष्णा अंकित कुमार आदि भक्त उपस्थित थे। उपरुक्त सभी जानकारी मंडल के महामंत्री गौरव अग्रवाल ने दी।

### समाज में समरसता और आत्मविश्वास बढ़ाने का सशक्त साधन है खेल : शुभ्रा

**रांची** : मारवाड़ी युवा मंच, रांची समर्पण शाखा ने सत्र 2026-27 की नवनिर्वाचित अध्यक्षा शुभा अग्रवाल के नेतृत्व में मंगलवार को विकास और शांति के लिए अंतर्राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर मोरहाबादी स्थित बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित अध्यक्षा शुभा अग्रवाल ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम है, बल्कि यह समाज में समरसता और आत्मविश्वास बढ़ाने का सशक्त साधन भी है। उन्होंने दिव्यांग खिलाड़ियों के जज्बे की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शाखा के मीडिया प्रभारी वेदिका सिंघानिया ने कहा कि इस कार्यक्रम के तहत उभरते हुए युवा दिव्यांग खिलाड़ियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। शाखा की ओर से खिलाड़ियों को अंगवस्त्र एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही शांति के प्रतीक के रूप में सभी ने सफेद कार्ड के साथ फोटो खिंचवाकर समाज में शांति और एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में शाखा सचिव रेखा राईका, कार्यक्रम संयोजिका मोनिका गोयनका, सोनम अग्रवाल, वेदिका सिंघानिया, शायरी अग्रवाल, शिल्पा लोहिया सहित अन्य सदस्यों की सक्रिय भागीदारी रही।

### जेवर दुकान में लूट, गहने और कैश ले भागे अपराधी

**रांची**: राजधानी रांची के बरियातू थाना क्षेत्र स्थित एक जेवर दुकान को अपराधियों ने अपना निशाना बनाया है। मंगलवार की शाम ढलते ही कुछ अपराधियों ने जेवर दुकान पर धावा बोल दिया। दुकानदार को कब्जे में लेकर चांदी और नकद ले कर फरार हो गए। रांची के बरियातू थाना क्षेत्र के हरिहर सिंह रोड स्थित प्रति ज्वेलर्स में अज्ञात अपराधी के द्वारा मंगलवार की शाम लूट की वारदात को अंजाम दिया गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि मंगलवार की शाम अचानक बाइक सवार अपराधी जेवर दुकान के अंदर पहुंचे और दुकानदार को हथियार के बल पर अपने कब्जे में लेकर लूट को अंजाम दिया। जानकारी के अनुसार जेवर दुकान में उस समय सोना उपलब्ध नहीं था इसलिए अपराधियों को सिर्फ 1 किलो चांदी और 20 हजार कैश ही हाथ लगे। भागते समय अपराधी दुकानदार का मोबाइल भी अपने साथ लूट कर लेते चले गए। रांची सिटी एसपी पारस राणा ने बताया कि अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस को अलर्ट किया गया है, जगह-जगह नाकेबंदी कर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। सिटी एसपी ने बताया कि अपराधी दुकान से चांदी और 20 हजार कैश लेकर फरार हुए हैं।

### सब जूनियर महिला हॉकी चैंपियनशिप में झारखंड की क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की

**रांची**: राजधानी रांची के मोरहाबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में 1 से 12 अप्रैल 2026 तक आयोजित 16वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप में सातवें दिन रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। शनिवार को अ डिविजन के 4 और इ डिविजन के 2 मुकाबले खेले गए। सात दिनों के लीग मैचों के समापन के साथ ही इ डिविजन के मैच समाप्त हो गए, जबकि अ डिविजन की टीमें अब 9 अप्रैल को होने वाले क्वार्टर फाइनल के लिए तैयार हैं। मेजबान झारखंड ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अपने दूसरे मैच में बिहार को 9-0 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की और क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर ली। इस एकतरफा मुकाबले में झारखंड की ओर से संदीपा कुमारी और प्रीति बिलुंग ने 2-2 गोल किए, जबकि पुष्पा मांझी, सेवानी केरकेट्टा, सुष्मिता गुड़िया, रिचा मिंज और मरियम भेंगरा ने 1-1 गोल दागे।

## एक नजर

### डोमचांच में आयान इलेक्ट्रॉनिक का हुआ भव्य उद्घाटन

**डोमचांच** : नगर क्षेत्र स्थित कृष्णा मार्केट में आयान इलेक्ट्रॉनिक दुकान का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर डोमचांच नगर अध्यक्ष उमेश वर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने फीता काटकर दुकान का शुभारंभ किया। उद्घाटन समारोह में स्थानीय गणमान्य लोग एवं क्षेत्र के कई व्यापारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान उमेश वर्मा ने कहा कि इस तरह के प्रतिष्ठानों के खुलने से स्थानीय लोगों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और क्षेत्र के व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा।दुकान संचालकों ने बताया कि आयान इलेक्ट्रॉनिक में ग्राहकों को आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक सामान उचित कीमत पर उपलब्ध कराया जाएगा। उद्घाटन के मौके पर उपस्थित लोगों ने नए प्रतिष्ठान की सफलता की कामना की।

### नुक्कड़ नाटक से गूंजा स्वास्थ्य संदेश, युवाओं ने दिखाई सच्चाई

**रामगढ़** : विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर राधा गोविन्द विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के विद्यार्थियों ने मंगलवार को रामगढ़ ब्लॉक चौक पर एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। इस कार्यक्रम के माध्यम से आमजन को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने और वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने का संदेश दिया गया। नुक्कड़ नाटक का विषय था स्वास्थ्य के लिए साथ मिलकर: विज्ञान के साथ खड़े रहें। कार्यक्रम को देखने के लिए आसपास के लोगों की अच्छी-खासी भीड़ जुटी, जिन्होंने विद्यार्थियों की प्रस्तुति की सराहना की। नाटक में विद्यार्थियों को दो समूहों में विभाजित किया गया था। पहले समूह ने स्वस्थ जीवनशैली को दर्शाते हुए नियमित व्यायाम, संतुलित आहार, अनुशासन और सकारात्मक सोच के महत्व को प्रस्तुत किया। वहीं दूसरे समूह ने अस्वस्थ जीवनशैली को दिखाया, जिसमें जंक फूड का अधिक सेवन, शारीरिक गतिविधि की कमी और स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही के दुष्परिणामों को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया गया।

### मनरेगा बचाओ संग्राम तेज, कार्यकर्ताओं को दिया प्रशिक्षण

**कोडरमा** : डोमचांच प्रखंड में प्रखंड कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत ब्लॉक स्तरीय जनसंवाद एवं बी.एल.ए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने की, जबकि संचालन गणेश पांडे ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद जिला अध्यक्ष प्रकाश रजक ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मनरेगा योजना गरीबों और मजदूरों के लिए जीवनरेखा है, लेकिन इसे लगातार कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक करने और योजना को बचाने के लिए संघर्ष करने की अपील की। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि महंगाई, गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतें और रोजमर्रा की वस्तुओं की किल्लत से आम जनता परेशान है, लेकिन सरकार इन समस्याओं पर गंभीर नहीं है। प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने कहा कि जनसंवाद कार्यक्रम का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं को सुनना और उनके समाधान के लिए संघर्ष करना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा गरीब, मजदूर और किसानों के अधिकारों के लिए लड़ती रही है और आगे भी लड़ती रहेगी। कांग्रेस नेता अनंत मेहता ने संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक सक्रिय रहना होगा। अजय कृष्णा ने बताया कि बी.एल.ए प्रशिक्षण से कार्यकर्ताओं को चुनावी प्रक्रिया की बेहतर समझ मिलेगी, जिससे संगठन को मजबूती मिलेगी।

# हैसला हादसे पर सरकार सख्त : श्रम मंत्री ने पीड़ित परिवारों को मदद का दिया भरोसा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़** : रामगढ़ थाना क्षेत्र के हैसला स्थित झारखंड इस्पात प्राइवेट लिमिटेड में 6 अप्रैल की तड़के हुए भीषण फर्नेस विस्फोट ने पूरे इलाके को झकझोर दिया। इस दर्दनाक हादसे में नौ मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें से इलाज के दौरान तीन की मौत हो गई, जबकि अन्य मजदूर अब भी जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहे हैं। घटना की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने तत्काल संज्ञान लेते हुए राज्य के श्रम मंत्री संजय यादव को पूरे मामले की जांच कराने का निर्देश दिया। इसके बाद श्रम मंत्री ने उच्च स्तरीय जांच कमेटी के गठन की घोषणा की। मंगलवार को श्रम मंत्री संजय यादव रामगढ़ पहुंचे और सीधे हैसला जाकर हादसे में जान गंवाने वाले मजदूरों के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने परिजनों से पूरी घटना की जानकारी ली और उन्हें हरसंभव सहायता देने का भरोसा दिलाया। इस दौरान रामगढ़ विधायक ममता देवी और कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजाद अनवर भी मौजूद रहे। मंत्री और विधायक ने मृतकों के परिजनों को कंपनी की ओर से 21-21 लाख रुपये का मुआवजा चेक सौंपा। इसके साथ ही आश्वासन दिया गया कि परिवारों को आगे भी आर्थिक सहयोग दिया जाएगा। मंत्री ने कहा कि मृतक मजदूरों के परिवार को उनकी वेतन राशि मिलती रहेगी और बच्चों की शिक्षा की जिम्मेदारी भी सुनिश्चित की जाएगी। इसके बाद श्रम मंत्री रांची रोड स्थित एक निजी अस्पताल पहुंचे, जहां घायल मजदूरों का इलाज चल रहा है। उन्होंने घायलों से मुलाकात कर उनकी स्थिति की जानकारी ली और चिकित्सकों से बातचीत की। मंत्री ने तत्काल निर्देश दिया कि गंभीर रूप से घायल मजदूरों को बेहतर इलाज के लिए रांची के देवकमल अस्पताल रेफर किया जाए। मीडिया से बातचीत में श्रम मंत्री ने कहा कि प्रारंभिक जांच में फैक्ट्री प्रबंधन की लापरवाही सामने आई है, जिसके कारण इतनी बड़ी दुर्घटना हुई। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस मामले को बेहद गंभीरता से ले रही है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि गरीब मजदूरों का शोषण किसी भी हालत में स्वीकार नहीं किया जाएगा और सरकार उनके अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। मंत्री ने स्पष्ट किया कि घायलों और मृतकों के परिजनों को सरकारी प्रावधानों के तहत हर संभव सहायता दी जाएगी। दौरे के दौरान कई जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। इनमें रमेश प्रसाद यादव, गिरधारी यादव, बजरंग महतो, पंकज तिवारी, बद्री विश्वकर्मा, अशोक यादव और सुबोध कुमार सहित अन्य शामिल थे। यह हादसा एक बार फिर औद्योगिक सुरक्षा मानकों पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जाता, तो इस तरह की दुर्घटना से बचा जा सकता था। फिलहाल, सभी की नजर जांच कमेटी की रिपोर्ट पर टिकी है, जिससे इस हादसे के असली कारण सामने आने की उम्मीद है। साथ ही, यह भी देखा जाएगा कि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए क्या ठोस कदम उठाए जाते हैं।

## मरकच्चो में गैस संकट गहराया लोगों ने किया चक्का जाम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**मरकच्चो** : प्रखंड में इंडेन गैस की कीमत को लेकर उपभोक्ताओं का गुस्सा मंगलवार को फूट पड़ा। गैस सिलेंडर की आपूर्ति में लगातार हो रही देरी और बढ़ती परेशानी से नाराज उपभोक्ताओं ने एजेंसी के समीप मरकच्चो बरियारडीह पथ को सुबह दो घण्टे जाम कर दिया। जानकारी के अनुसार कई दिनों से गैस नहीं मिलने के कारण उपभोक्ता काफी परेशान थे। लोगों का कहना है कि समय पर गैस नहीं मिलने से घरों में खाना बनाने तक की समस्या उत्पन्न हो गई है। बार-बार एजेंसी का चक्कर लगाने के बावजूद भी समाधान नहीं निकलने पर आखिरकार लोगों ने सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया। जाम के कारण सड़क के दोनों और वाहनों की लंबी कतार लग गई जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। सूचना मिलते ही प्रखण्ड विकास पदाधिकारी हुलास महतो,थाना प्रभारी नन्दकिशोर तिवारी दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने बुझाने का प्रयास किया। उपभोक्ताओं ने प्रशासन से जल्द से जल्द गैस की आपूर्ति सुनिश्चित करने और एजेंसी के कार्य शैली में सुधार की मांग की है। प्रशासन द्वारा उचित कार्रवाई और समस्या के समाधान का आश्वासन दिए जाने के बाद जाम हटाया गया।

## महुआ चुनने निकली महिला लापता दो दिन बाद कुएं में मिली लाश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा** : चंदवारा प्रखंड के तिलैया डैम थाना क्षेत्र छठ की धमरई में एक कुएं से महिला का शव हुआ बरामद मिली जानकारी के अनुसार दम आप क्षेत्र के एक कुएं से महिला का शव बरामद किया गया। मिली जानकारी के अनुसार मृतक्का की पहचान गीता देवी पति करो सब उम्र लगभग 35 वर्ष के रूप में की गई जो बीते दो दिनों से लापता थी। परिजनों के अनुसार गीता देवी घर से महुआ चुन्नी के लिए घर से निकली थी जो वहीं से लापता हो गई थी काफी खोजबीन के बाद तिरिया दम कॉपी में गुमशुदा की का रिपोर्ट दर्ज कराया गया था। मंगलवार की सुबह ग्रामीणों की नजर कुएं के पास पड़ी एक चप्पल पर गया जब लोगों ने कुएं में देखा तो अंदर महिला का सर्वे पानी में तैरता हुआ नजर आया ग्रामीण के द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस सब को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल कोडरमा भेज दिया गया। वहीं घटना की सूचना पाकर परिजनों का आरोप कर बुरा हाल है इधर थाना प्रभारी प्रेम कुमार में कहा कि घटना की जांच की जारी है। जब तक जांच पूरी नहीं हो पाती है तब तक इस हत्या या आत्महत्या बताना संभव है।

## पीवीयूएनएल की नीतियों के खिलाफ झारखंड श्रमिक संघ का आंदोलन का एलान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**भुरकुंडा** : झारखंड श्रमिक संघ ने पीवीयूएनएल प्रबंधन और केंद्र सरकार की नीतियों पर तीखा विरोध जताते हुए मजदूरों और विस्थापितों के अधिकारों को लेकर बड़ा आंदोलन छेड़ने की चेतावनी दी है। संघ के जिला उपाध्यक्ष सह पीवीयूएनएल पतरातू सचिव वीरेंद्र यादव ने प्रेस बयान जारी कर कहा कि मजदूर विरोधी नीतियां किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार झारखंड के मजदूरों के साथ भेदभावपूर्ण रवैया अपना रही है। विशेष रूप से राज्य के उद्योगों में न्यूनतम मजदूरी को ग्रेड-सी में रखने के निर्णय पर उन्होंने कड़ी आपत्ति जताई। उनका कहना था कि खनिज संपदा से समृद्ध होने के बावजूद झारखंड के लोग आर्थिक और सामाजिक रूप से पिछड़े हैं, ऐसे में मजदूरों के साथ इस तरह का व्यवहार अन्यायपूर्ण है। वीरेंद्र यादव ने कहा कि हाल के दिनों में पीवीयूएनएल पतरातू में मजदूरों का आंदोलन पूरी तरह जायज था और संघ इसका समर्थन करता है। उन्होंने बलकुदरा छाई डैम से प्रभावित विस्थापितों को नौकरी और मुआवजा देने में प्रबंधन की उदासीनता पर भी सवाल उठाए। इसके कारण प्रभावित ग्रामीणों में लगातार असंतोष बढ़ रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कंपनी की गतिविधियों से आसपास के क्षेत्रों–कुरसे, देवरिया, लादी, चिकोर और महुआ टोला–में प्रदूषण फैल रहा है, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। संघ ने कहा कि जिन क्षेत्रों की जमीन अधिग्रहित की गई है, वहां कंपनी को सीएसआर के तहत विकास कार्य करना चाहिए। साथ ही राज्य सरकार के प्रावधान के अनुसार 75 प्रतिशत स्थानीय लोगों को रोजगार देने की नीति का पालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस पर बीएफसीएल में जागरूकता प्रशिक्षण, स्वस्थ जीवनशैली पर जोर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़** : विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर बिहार फाउंड्री एंड कास्टिंग्स लिमिटेड (बीएफसीएल) परिसर में मंगलवार को स्वास्थ्य जागरूकता एवं प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम व्यावसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग की ओर से आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य कर्मचारियों और अधिकारियों को बेहतर स्वास्थ्य और सुरक्षित जीवनशैली के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कर्मचारियों और अधिकारियों ने भाग लिया और स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। पूरे सत्र के दौरान प्रतिभागियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। प्रशिक्षण सत्र का संचालन फैक्ट्री मेडिकल ऑफिसर डॉ. लेख राज ने किया। उन्होंने आधुनिक जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों पर विस्तार से चर्चा करते हुए डायबिटीज, हृदय रोग और उच्च रक्तचाप जैसे गंभीर रोगों के कारण और उनसे बचाव के उपाय बताए। इसके साथ ही मोटापा, धूम्रपान, नशा और शारीरिक निष्क्रियता के दुष्प्रभावों पर भी प्रकाश डाला। डॉ. लेख राज ने कहा कि बदलती जीवनशैली और अनियमित खानपान के कारण आज अधिकांश लोग स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे हैं। ऐसे में समय रहते सजग होना और सही आदतें अपनाना बेहद जरूरी है। सत्र के दौरान संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के लिए ध्यान (मेडिटेशन) के महत्व को विस्तार से समझाया गया। कर्मचारियों को तनाव प्रबंधन के प्रभावी उपाय भी बताए गए, ताकि वे कार्यस्थल और व्यक्तिगत जीवन में संतुलन बना सकें। कंपनी प्रबंधन ने सभी कर्मचारियों से अपील की कि वे स्वस्थ जीवन के लिए नियमित व्यायाम को अपनी दिनचर्या में शामिल करें।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**डोमचांच** : झारखंड राज्य विधिक सेवा रांची के निर्देश के आलोक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा तत्वाधान में कोडरमा के प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार रमाकान्त मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन में एवं जिला विधिक प्राधिकार कोडरमा के सचिव गौतम कुमार के देखरेख में दिन मंगलवार को डोमचांच प्रखंड के मधुबन पंचायत के समीप आयुष्मान आरोग्य मंदिर भेलवाटाँड में विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। विधिक जागरूकता शिविर में मुख्य रूप से आरोग्य मंदिर के सीएचओ रवि रंजन, पीएलवी डोमचांच प्रखंड सुब्रत कुमार मुखर्जी मौजूद थे। विधिक जागरूकता शिविर को संबोधित करते हुए सीएचओ रवि रंजन ने कहा कि समाज में आज भी लोग अपने स्वास्थ्य के प्रति गंभीर नहीं रहते हैं, जिसके चलते उन्हें कई सारी गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ता है, इसलिए बहुत जरूरी है लोग अपने सेहत के प्रति सजग रहे। आज भी लोग अपने बीमारी के प्रति लापरवाह रहते हैं जिसके चलते उनकी मौत हो जाती है।जो एक सभ्य समाज के लिए चिंता का विषय है। इसलिए हर हाल में लोगों को जागरूक होना चाहिए। जागरूकता से गंभीर बीमारी से बचा जा सकता है। वही विधिक को संबोधित करते हुए पीएलवी सुब्रत कुमार मुखर्जी ने बताया कि वर्तमान समय के भागदौड़ वाले दिनचर्या में लोग अपने स्वास्थ्य का ठीक से ध्यान नहीं रख पाते हैं। कई समय में ऐसा भी देखा गया कि अगर किसी व्यक्ति को कोई गंभीर बीमारी होती है तो लोग डॉक्टर के पास नहीं जाकर अंधविश्वास के रास्ते पर ओझा, गुनी पास झाड़ फूंक कराने चले जाते हैं, जिसके चलते उन्हें अपने जीवन से हाथ धोना पड़ता है। आज भी समाज में व्याप्त रूप में कुरीति फैली हुई है,जिसे दूर करने के लिए जागरूकता की आवश्यकता है। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देश के आलोक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वाधान में समय-समय पर लोगों को जागरूक करने के लिए विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाता है। प्राधिकार का मुख्य उद्देश्य है लोगों को कानून के साथ-साथ सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति भी जागरूक करना है ताकि गरीब जरूरतमंद लोगों को इसका भरपूर लाभ मिल सके। कई बार लोग जानकारी के अभाव में सरकारी जन कल्याणकारी योजनाओं से भी वंचित रहते हैं। वही जिले के विभिन्न प्रखंड व पंचायतो में भी विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष पर पीएलवी के द्वारा विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर एएनएम स्वर्णरेखा कुमारी, खुशबू कुमारी, ज्योति कुमारी, डोली कुमारी, इंदर यादव परमेश्वर दास कदमा देवी, आरती कुमारी, मदन दास के अलावे अन्य लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### पूर्व जिला अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने जनसमस्याओं को लेकर कोडरमा उपायुक्त से मुलाकात




**कोडरमा** : कोडरमा में जनहित से जुड़े विभिन्न मामलों को लेकर गुरुजी पद्यक्ष शालिनी गुप्ता ने आज कोडरमा उपायुक्त महोदय से मुलाकात की। इस दौरान लक्ष्मीपुर धरगांव निवासी पार्वती देवी के स्वर्गीय पति, जो झारखंड आंदोलनकारी रहे हैं, उनके पेंशन संबंधी मामले को प्राथमिकता से उठाया साथ ही। मुलाकात के दौरान हरलाडीह जामु क्षेत्र में हाथी के हमले से हुई एक महिला की मौत के मामले में मृतक के परिजनों को उपायुक्त से मिलवाया और। प्रशासन से पीड़ित परिवार को शीघ्र मुआवजा दिलाने की मांग की। साथ ही, जंगल क्षेत्र में लगभग एक किलोमीटर ट्रेंच कटवाने की पहल पर भी चर्चा की ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। इसके अतिरिक्त, मृतक के परिजनों पर पड़े कर्ज के बोझ को कम करने के लिए भी पहल की। वहीं बोनाकाली और मरियमपुर क्षेत्रों में हुए नुकसान के लिए जल्द मुआवजा देने की मांग भी रखी। बैठक के दौरान अन्य जनसमस्याओं पर भी विस्तार से चर्चा हुई, जिस पर उपायुक्त द्वारा सकारात्मक आश्वासन दिया गया।

### नगर परिषद की बैठक में सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने पर जोर



**झुमरी तिलैया** : शहर को स्वच्छता की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के उद्देश्य से नगर परिषद अध्यक्ष रमेश हर्षधर के कक्ष में सफाई व्यवस्था को लेकर बैठक आयोजित की गई, जिसमें सभी पर्यवेक्षकों ने भाग लिया। बैठक के दौरान पर्यवेक्षकों ने जमीनी स्तर पर आने वाली समस्याओं को विस्तार से रखा। पर्यवेक्षकों ने बताया कि सफाई कर्मियों की संख्या कम होने के कारण कार्य प्रभावित हो रहा है। इस पर रमेश हर्षधर ने कहा की स्वच्छता में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाशत नहीं की जाएगी। जहां कमी है, वहां व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा और हर हाल में शहर को साफ-सुथरा रखा जाएगा। उन्होंने नालियों की सफाई के लिए अलग टीम गठित करने का निर्देश देते हुए कहा कि पार्षदों के साथ समन्वय स्थापित कर वार्डवार योजना बनाई जाए, ताकि हर क्षेत्र में समान रूप से सफाई कार्य हो सके। अध्यक्ष ने आगे कहा की जब तक हम सब मिलकर जिम्मेदारी नहीं निभाएंगे, तब तक अपेक्षित परिणाम नहीं मिलेंगे। पार्षद और पर्यवेक्षक मिलकर काम करें, तभी शहर में वास्तविक बदलाव आएगा। बैठक में रोस्टर प्रणाली के तहत सफाई और धुंआ छिड़काव (फॉगिंग) कार्य करने का निर्णय लिया गया, जिससे नियमितता बनी रहेगी और कार्य में पारदर्शिता आएगी।केएमएसडब्ल्यू परियोजना प्रबंधक अमित कुमार को निर्देश दिया गया कि घर-घर जाकर कचरा संग्रहण सुनिश्चित किया जाए और जिन क्षेत्रों में यह कार्य छूट गया है, वहां तत्काल पहुंचकर व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए। साथ ही जन जागरूकता अभियान के तहत वाहन के माध्यम से लोगों को जागरूक करने पर बल दिया गया।शिकायत निवारण के लिए एक विशेष शिकायत नंबर जारी करने की बात कही गई, जिसमें केएमएसडब्ल्यू का संपर्क अंकित रहेगा। इससे जिन घरों से कचरा संग्रहण छूट जाता है, वे आसानी से संपर्क कर सकेंगे।इसके अतिरिक्त सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों दुकान, होटल, अस्पताल और विवाह भवन को निर्देश दिया गया कि वे खुले में कचरा न फेंकें और निर्धारित वाहन में ही कचरा दें। हर वार्ड में पार्षद और पर्यवेक्षक के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर साफ-सफाई कार्य को गति देने पर जोर दिया गया। बैठक में सिटी प्रबंधक लेमांशु कुमार और रणधीर कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में मार्गदर्शन व प्लेसमेंट कार्यक्रम आयोजित



**रामगढ़** : डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, सुकरीगढ़ा (लारी) में मंगलवार को कैरियर परामर्श, मार्गदर्शन एवं प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशिक्षुओं को बेहतर करियर विकल्पों की जानकारी देना और उन्हें भविष्य के लिए तैयार करना था। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. एस. राधाकृष्णन के चित्र पर दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पित कर की गई। इसके बाद अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह देकर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपेंद्र पांडे (संस्थापक, आकांक्षा एजुकेशन स्टेशन) और विशिष्ट अतिथि के रूप में जितेंद्र कुमार भगतिया (संयुक्त सचिव, नवोदय एलुमनी एसोसिएशन ऑफ झारखंड) उपस्थित रहे। इनके साथ महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव संजय प्रभाकर और प्राचार्य सुशील कुमार उपाध्याय भी मौजूद रहे। प्राचार्य सुशील कुमार उपाध्याय ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी दौर में सही मार्गदर्शन छात्रों के लिए बेहद जरूरी है। इसके बाद व्याख्याता बाबू चंद्र प्रसाद ने पीपीटी के माध्यम से सी-टेट और जे-टेट की तैयारी से संबंधित पाठ्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि जितेंद्र कुमार भगतिया ने प्रशिक्षुओं को आदर्श शिक्षक बनने की प्रेरणा दी। उन्होंने अनुशासन, सामाजिक जिम्मेदारी और राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका पर जोर दिया। संजय प्रभाकर ने अपने संबोधन में कहा कि एक अच्छे शिक्षक के लिए विषय पर गहरी पकड़ और स्पष्ट समझ होना अनिवार्य है। उन्होंने प्रशिक्षुओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए निरंतर अध्ययन करने की सलाह दी। कार्यक्रम में महाविद्यालय के कई शिक्षक उपस्थित रहे, जिनमें परवेज अख्तर, अशोक राम, सुप्रिया बर्मन, सुलेखा कुमारी, मुरारी कुमार दुबे, वरुण कुमार और बाबू चंद्र प्रसाद शामिल थे। मंच संचालन नयन कुमार मिश्रा ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन इंदु कुमारी झा ने किया।

### रामगढ़ में संगोष्ठी और रैली के जरिए दिया गया स्वस्थ जीवन का संदेश

**रामगढ़** : विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर मंगलवार को सिविल सर्जन कार्यालय, रामगढ़ में एक विशेष संगोष्ठी एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वास्थ्य कर्मियों और आमजन को बेहतर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा सेवाभाव के साथ स्वयं के स्वास्थ्य पर भी ध्यान देने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिविल सर्जन अनिल कुमार ने की। अपने संबोधन में उन्होंने स्वास्थ्यकर्मियों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि समाज की सेवा करते हुए अपने स्वास्थ्य की अनदेखी नहीं करनी चाहिए। उन्होंने सहिया दीदियों से अपील की कि वे अपने क्षेत्र में पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करें और समय-समय पर अपनी स्वास्थ्य जांच अवश्य कराएं। संगोष्ठी में एसीएमओ नवल कुमार ने जीवन में खुश रहने के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि स्वस्थ और प्रसन्न जीवन ही वास्तविक संपत्ति है। उन्होंने सभी को सकारात्मक सोच अपनाने और तनावमुक्त रहने की सलाह दी।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में ट्रक ने स्कूटी सवार महिला को अपने चपेट में लिया, सड़क जाम




**बोकारो :** बोकारो के माराफारी थाना क्षेत्र के रितुडीह स्थित शिव मंदिर व दुर्गा मंदिर के बीच में एक गिट्टी लदे हुए ट्रक ने स्कूटी सवार महिला को अपने चपेट में ले लिया । जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई, साथ में स्कूटी सवार महिला की बेटी भी गंभीर रूप से घायल हो गई है । जिसे स्थानीय नर्सिंग होम में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि सेक्टर 3 सी आवास संख्या 694 निवासी सुनील कुमार राम की पत्नी रिंकू देवी अपनी बेटी दिव्या के कुमारी के साथ स्कूटी संख्या jh09bbj/9947 से अपने बहन जो बालीडीह में रहती है, उसके यहां से लौट रही थी इसी दौरान जब वह रितुडीह स्थित शिव मंदिर व दुर्गा मंदिर के बीच में पहुंचे तो पीछे से आ रही ट्रक संख्या jho9aa/9958 ने जोरदार होरन मार दिया । जिससे महिला डर कर गिर गई और ट्रक की चपेट में आ गई। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने मुआवजे की मांग को लेकर सड़क को जाम कर दिया है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही संबंधित थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। और मामले की जांच पड़ताल में जुट गई । मालूम हो कि कुछ दिन पूर्व इसी के आसपास एक और महिला की दुर्घटना में जान चली गई थी जिसके उपरांत नहीं के बड़े-बड़े अधिकारी मौके पर पहुंचकर दुर्घटना रोकने के लिए बेहतर कदम उठाने की बात कही परंतु यहां आए दिन कोई ना कोई सड़क दुर्घटना होती रहती है और आम जनों की जान दुर्घटना के कारण जा रही है।

### विश्व स्वास्थ्य दिवस पर प्रेरणा शाखा का सराहनीय हुआ आयोजन

**झुमरी तिलैया :** एक मंच एक लक्ष्य, सशक्त युवा सशक्त राष्ट्र के संकल्प के साथ विश्व स्वास्थ्य दिवस पर मारवाड़ी युवा मंच की प्रेरणा शाखा द्वारा आयोजित कार्यक्रम ने सेवा और जागरूकता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति चिंता के साथ समाज के प्रति जिम्मेदारी का सशक्त संदेश भी देखने को मिला। भालोटिया विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों के लिए विशेष दंत जांच शिविर लगाया गया। इस दौरान बच्चों के दांतों की जांच कर उन्हें स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। संयोजिका नेहा हिसारिया एवं सारिका लड्ढा के कुशल नेतृत्व और प्रयासों से यह आयोजन अत्यंत सफल रहा। दोनों के समर्पण और सक्रियता ने पूरे कार्यक्रम को सुव्यवस्थित और प्रभावशाली बनाया। इस अवसर पर उपस्थित चिकित्सकों एवं सहयोगी कर्मियों को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में नारायण चिकित्सालय के कर्मी मंजू देवी, बिनोद यादव और मोनू कुमार शामिल रहे। वहीं सद्गुरु मेडिकल के रोशन कुमार और रोहित कुमार को भी उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। विद्यालय परिवार का मिला भरपूर सहयोग भालोटिया विद्यालय के प्रधानाचार्य विकास पांडेय के साथ प्रदीप बनर्जी, मनीषा कुमारी, अर्चना कुमारी और इशिका पांडे ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
कार्यक्रम में उपस्थित डॉ सागरमनी सेठ ने कहा, स्वास्थ्य ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। बच्चों को प्रारंभ से ही स्वच्छता और नियमित जांच के प्रति जागरूक करना आवश्यक है, तभी एक स्वस्थ और सशक्त समाज का निर्माण संभव है।

# आंगनवाड़ी सेविका चयन पर विवाद ग्रामीणों ने पारदर्शिता पर उठाए सवाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कुकड़ू :** सरायकेला-खरसावां जिले के कुकड़ू प्रखंड अंतर्गत कूदा गांव में आंगनवाड़ी सेविका चयन प्रक्रिया एक बार फिर विवादों के घेरे में आ गई है। मंगलवार को आयोजित ग्रामसभा में चयन प्रक्रिया के दौरान ही ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया और पारदर्शिता पर गंभीर सवाल उठाए। चयन प्रक्रिया में कुल 9 अभ्यर्थियों ने भाग लिया जिसमें अंक के आधार पर आलोमनी महतो का चयन किया गया। लेकिन चयन की घोषणा होते ही ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि चयनित अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत एमए की मार्कशीट संदिग्ध है। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक मूल प्रमाण पत्रों का सत्यापन नहीं होता चयन को वैध नहीं माना जा सकता। नियमानुसार आंगनवाड़ी सेविका चयन में शैक्षणिक प्रमाण पत्रों का सत्यापन, मेरिट सूची का पारदर्शी प्रकाशन और ग्रामसभा की सहमति आवश्यक होती है। ऐसे में बिना पूर्ण जांच के चयन प्रक्रिया पूरी करना नियमों का उल्लंघन माना जा रहा है। वहीं बालिका महतो के चयन को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। 6 जनवरी 2026 को ग्रामसभा द्वारा उनका चयन किया गया था, लेकिन दस्तावेज समय पर जिला कार्यालय नहीं भेजे जाने के कारण चयन रद्द कर दिया गया। नियम के अनुसार चयन के बाद निर्धारित समय सीमा में सभी दस्तावेज संबंधित विभाग को भेजना अनिवार्य होता है, लेकिन इस प्रक्रिया में लापरवाही सामने आई। बालिका महतो ने इस मामले में डीएसडब्ल्यू से लेकर उपायुक्त तक शिकायत की, बावजूद इसके कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। बीडीओ सह सीडीपीओ ने टुसू मेला की व्यस्तता का हवाला देते हुए देरी की बात स्वीकार की, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी और बढ़ गई है। फिलहाल प्रशासन ने चयनित अभ्यर्थी के दस्तावेजों की जांच की बात कही है लेकिन लगातार सामने आ रही गड़बड़ियों ने पूरी प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों ने मामले की उच्चस्तरीय जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

## राज इंटरनेशनल स्कूल विश्व स्वास्थ्य दिवस पर स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**कोडरमा :** स्थित राज इंटरनेशनल स्कूल में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने और अच्छे स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के लिए मनाए जाने वाले विश्व स्वास्थ्य दिवस को ध्यान में रखते हुए राज इंटरनेशनल स्कूल में यह दिन बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। जिनमें अच्छे स्वास्थ्य के बारे में भाषण, खान-पान की आदतों के बारे में जागरूकता, स्वस्थ भोजन तैयार करना, स्वास्थ्य के बारे में लेख आदि प्रमुख थे। इस अवसर पर विद्यालय की प्रचार्य राहुल घोष ने इस प्रेरक भाषण के माध्यम से सभा में सार्थक संदेश दिया। उन्होंने कहा कि अच्छे स्वास्थ्य के लिए जल्दी सोना, जल्दी उठना तथा संतुलित आहार लेना भी बहुत जरूरी है किसी को कभी भी नकारात्मकता नहीं लानी चाहिए क्योंकि एक स्वस्थ हृदय, एक स्वस्थ शरीर का संयोजन है और अच्छे स्वास्थ्य के बारे में चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि शारीरिक खेलों की घटती प्रवृत्ति और मोबाइल फोन के प्रति बढ़ती प्रवृत्ति भी चिंता का विषय बन रही है। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने कार्यक्रम अयोजित किया जिसमे आस्था ने स्वास्थ्य संबंधी विचार प्रस्तुत किया, हर्ष ने स्वस्थ रहने के लिए बच्चों को प्रतिज्ञा करवाई, पृथ्वी - जीके प्रश्नोत्तरी, नयन वर्मा ने समाचार सुर्खियां, आलोक कुमार ने भाषण, विश्वजीत,अंकुश, उत्तम और रोहित ने स्वस्थ रहने के लिए उद्धरण दिए अवि ओम कश्यप ने चर्चा के दौरान कुछ आश्चर्यजनक तथ्य स्वास्थ्य के बारे में बताए` आलिया, ईशू और आरुषि ने पोस्टर का प्रदर्शन किया। प्रोग्राम का संचालन अंशिका अनुराग ने किया।

## 'सर्व स्वास्थ्य केंद्र' का उद्घाटन, निःशुल्क प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं से मिलेगा लाभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** इस्पात संयंत्र द्वारा निगमित सामाजिक दायित्व के तहत वंचित वर्गों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में मंगलवार को सेक्टर-09 में 'सर्व स्वास्थ्य केंद्र' का गरिमामय उद्घाटन किया गया। इस केंद्र का उद्घाटन मुख्य अतिथि बोकारो इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी प्रिय रंजन द्वारा किया गया. उल्लेखनीय है कि इस केंद्र के संचालन हेतु 21 फरवरी 2026 को सेल-बीएसएल और पिरामल स्वास्थ्या मैनेजमेंट एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे। इस अवसर पर अधिशासी निदेशक सुश्री राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक चित्त रंजन मिश्रा, अधिशासी निदेशक डॉ. बी. बी. करुणामय, अधिशासी निदेशक अनुप कुमार दत्त, अधिशासी निदेशक विकास मनवती एवं मुख्य महाप्रबंधक अनिमा कुशवाहा विशेष रूप से उपस्थित थीं। कार्यक्रम के दौरान सहायक प्रबंधक प्रवीण कुमार ने उपस्थित अतिथियों को संबोधित किया। सेक्टर-09 स्थित यह 'सर्व स्वास्थ्य केंद्र' बोकारो और उसके आस-पास के क्षेत्रों में रहने वाले गरीबी रेखा से नीचे के लाभार्थियों को निःशुल्क प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करेगा। केंद्र में ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर की नियमित जांच, साप्ताहिक एक्स-रे और ईसीजी जैसी नैदानिक सेवाएं तथा आवश्यक दवाएं पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। इस पहल का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों पर चिकित्सा व्यय का बोझ कम करना और उनके स्वास्थ्य के अधिकार को सुनिश्चित करना है।

## ब्लास्ट फर्नेस में हाइड्रोजन इंजेक्शन हेतु बोकारो स्टील प्लांट ने किया ऐतिहासिक समझौता

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बोकारो :** सस्टेनेबल इस्पात उत्पादन और वैश्विक डीकाबोर्नाइजेशन लक्ष्यों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के बोकारो स्टील प्लांट ने 7 अप्रैल को फोर्ब्स मार्शल प्राइवेट लिमिटेड के साथ ब्लास्ट फर्नेस संख्या-1 में हाइड्रोजन गैस इंजेक्शन शुरू करने हेतु एक ऐतिहासिक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। यह अनुबंध हस्ताक्षर बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी प्रिय रंजन तथा संयंत्र के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। यह पहल आयरन निर्माण प्रक्रिया में कार्बन उत्सर्जन को कम करने की दिशा में एक परिवर्तनकारी तकनीकी यात्रा की शुरूआत मानी जा रही है। वैश्विक स्तर पर ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करने पर बढ़ते जोर के बीच इस्पात उद्योग में स्वच्छ प्रौद्योगिकियों को अधिकाधिक अपनाया जा रहा है। ब्लास्ट फर्नेस, कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन का प्रमुख स्रोत होने के कारण इस परिवर्तन के केंद्र में हैं। राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशन के अंतर्गत संचालित इस परियोजना का उद्देश्य पारंपरिक कार्बन आधारित ईंधनों के स्थान पर आंशिक रूप से हाइड्रोजन–एक स्वच्छ एवं प्रभावी अपचायक–का उपयोग करना है। इस परियोजना में सेल का अनुसंधान एवं विकास केंद्र, आयरन एंड स्टील मुख्य परामर्शदाता के रूप में अग्रणी भूमिका निभा रहा है, जबकि प्राइमेटल्स टेक्नोलॉजीज, यूके द्वारा विशेष तकनीकी सहयोग एवं मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। इस पहल की सबसे बड़ी विशेषता इसका अभूतपूर्व पैमाना है। बोकारो स्टील प्लांट के ब्लास्ट फर्नेस में प्रस्तावित हाइड्रोजन इंजेक्शन की मात्रा वैश्विक स्तर पर अब तक के सबसे बड़े प्रयासों में से एक होगी, जो इसे इस्पात उद्योग में अपनी तरह की पहली पहल बनाती है। अधिकारियों ने बताया कि इस परियोजना के सफल क्रियान्वयन से न केवल कार्बन उत्सर्जन में उल्लेखनीय कमी आएगी, बल्कि बोकारो स्टील प्लांट और सेल को ग्रीन स्टील नवाचार के अग्रणी स्थान पर स्थापित करने में भी मदद मिलेगी। यह सहयोग भारी उद्योग में कम-कार्बन भविष्य की दिशा में नए वैश्विक मानक स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

## दो ट्रकों की जोरदार भिड़ंत, केबिन में फंसे चालक को कड़ी मशक्कत के बाद निकाला गया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चौपारण :** जीटी रोड पर लोहाबर स्थान के समीप मंगलवार को एक भीषण सड़क दुर्घटना में ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार सड़क किनारे स्थित होटलों के पास दोनों ओर खड़ी गाड़ियों के कारण सड़क संकरी हो जाती है, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। इसी क्रम में मंगलवार को एक ट्रक ने आगे चल रहे दूसरे ट्रक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि चालक केबिन में बुरी तरह फंस गया और लंबे समय तक बाहर नहीं निकल सका। घटना की सूचना मिलते ही चौपारण पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों के सहयोग से राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद गैस कटर की मदद से केबिन को काटकर चालक को बाहर निकाला गया। घायल चालक को तुरंत सामुदायिक अस्पताल चौपारण ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। डॉक्टरों के अनुसार फिलहाल उसकी स्थिति स्थिर बनी हुई है।बताया जा रहा है कि संबंधित ट्रक झारखंड से बिहार की ओर जा रहा था और लोहाबर स्थित पेट्रोल पंप के पास यह हादसा हुआ। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सड़क किनारे अवैध रूप से खड़ी गाड़ियों पर सख्ती से कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

# 25 माह में दारोगा वेतन मद से करोड़ों की अवैध निकासी का खुलासा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** बोकारो ट्रेजरी से 20 महीने में एक दारोगा के वेतन मद में 3.15 करोड़ की निकासी मामला। जांच में चौंकाने वाले तथ्य आया सामने जहां 25 माह में 63 बार हुई निकासी जहां 3 करोड़ 15 लाख से आंकड़ा बढ़कर 4 करोड़ 29 लाख 71 हजार 7 रुपया हो गया है। बोकारो एसपी ने जानकारी देते हुए उक्त बाते कही। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की जांच की जा रही है और 25 माह से पहले भी जांच की जाएगी। बताया जा रहा है कि जब 3.15 करोड़ निकासी का मामला सामने आया तो बोकारो उपायुक्त ने जहां जांच का जिम्मा अपर समाहर्ता हो सौंपा वही बोकारो एसपी ने इस संदर्भ में पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय सहित पुलिस उपाधीक्षक, नगर, बोकारो को जांच पड़ताल कर जॉच प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिए। जिसके बाद जब अवैध निकासी का मामला सामने आया तो इस अवैध निकासी के जांच के आलोक में जॉचकर्ता के द्वारा पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, बोकारो पहुँचकर लेखा शाखा में उपस्थित लेखापाल कौशल कुमार पाण्डेय से वेतन मद में 3.15 करोड़ की निकासी के संदर्भ में पूछताछ किया गया तो, उसके द्वारा पहले साफ तौर इनकार करते हुए कहा गया कि इस प्रकार की कोई मामला नहीं है और ना ही इस प्रकार की विपत्र हस्ताक्षर कराकर ट्रेजरी भेजा गया है। जब लेखापाल द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं मिला तो e-Kuber DDO Level Bill Management System, Govt. of Jharkhand पोर्टल पर जांच की गई जहां जांच करने पर पाया गया कि SWN/POL/291 को वित्तीय वर्ष 2023-24, 2024-25 एवं 2025-26 का सर्च किया गया तो पाया गया कि विगत तीन वित्तीय वर्षों में हवलदार उपेन्द्र सिंह के नाम से वेतन मद में कुल 25 माह में 63 बार में कुल 4,29,71,007/ रू0 की फर्जी तरीके से खाता संख्या-42945898462 में निकासी की गई है। निकासी किये गये राशि के संबंध में साक्ष्य प्राप्त होने पर पुनः इस संबंध में जब लेखापाल कौशल कुमार पाण्डेय से पुछताछ किया गया तो इनके द्वारा अंततः अपनी गलती को स्वीकार करते हुए बताया गया कि हवलदार उपेन्द्र सिंह जो जुलाई माह के साल 2016 में सेवानिवृत हो चुके थे जहां पोर्टल में उनके जन्म तिथि एवं खाता संख्या को एडिट कर उनके नाम से विगत तीन वित्तीय वर्षों में इनके द्वारा डी०डी०ओ० को अंधकार में रखकर 63 बार में कुल 4 करोड़ 29 लाख 71 हजार 7 रुपए की फर्जी तरीके से निकासी कर खाता सं0-42945898462 में ट्रांसफर किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### के0 एम0 मेमोरियल अस्पताल की लापरवाही से नवजात बच्चे की मौत पर अस्पताल में हंगामा



**बोकारो :** बोकारो में नवजात बच्चे की मौत पर अस्पताल में हंगामा। परिजनों ने अस्पताल पर ईलाज में लापरवाही बरतने का लगाया आरोप। मौके पर पहुंची चास थाना पुलिस। घटना बोकारो के चास थाना क्षेत्र के0 एम0 मेमोरियल अस्पताल की। वहीं इलाज कर रहे डॉक्टर के बयान के बाद और मामला गंभीर हो गया जब कहा गया बच्चे की मौत मां का दूध पीने से सरकने के चलते हुआ वहीं परिजनों का आरोप है कि बच्चा ठीक था लेकिन जैसे ही सोते हुए नवजात बच्चे को इंजेक्शन लगाया गया उसकी मौत हो गई। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही पता चल पाएगा। पूरी घटना बताते चले कि चास के रहनेवाला मिराज अंसारी की पत्नी को डिलेवरी को लेकर 3 अप्रैल को चास स्थित के0 एम0 मेमोरियल अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां सिजेरियन ऑपरेशन के जरिए नवजात बच्चे का जन्म हुआ। परिजनों के अनुसार बच्चा स्वस्थ और ठीक ठाक था। वही रात को बच्चा का थोड़ा तबीयत खराब हुआ तो डॉक्टरों ने इंजेक्शन के लिए प्रेस्क्राइब किया और बच्चे को इंजेक्शन दिया जा रहा था हो एंटीबायोटिक बताया जा रहा है। बच्चे की स्थिति ठीक थी और बच्चा खेलते खेलते सो गया जहां आज सुबह 7 बजे के करीब नर्स द्वारा इंजेक्शन लगाया गया जिसके बाद बच्चे की तबीयत बिगड़ी तो अस्पताल प्रबंधन द्वारा डॉक्टर को बुलाया गया जहां नवजात बच्चे की मौत हो गई। इसी को लेकर अस्पताल में परिजनों की भारी भीड़ जुट गई और हंगामा होने लगा। प्रबंधन, समाजसेवी और डॉक्टर के बीच चली वार्ता हंगामेदार रही। वही इस पूरे मामले में बच्चे का इलाज कर रहे शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर इमरान असगर ने कहा कि बच्चे की मौत मां का दूध पीने के दौरान सरकने से हुआ होगा जो पोस्टमार्ट रिपोर्ट के बाद ही पता चल पाएगा।
वही सिविल सर्जन डॉक्टर अभय भूषण प्रसाद ने कहा कि मां का दूध बच्चे के लिए अमृत है। सरकने से मौत पर बच्चे का चेहरा नीला पड़ जाएगा।

### शतरंज की बिसात पर अनमोल का कब्जा, तृतीय चेस टैलेंट सर्च टूर्नामेंट में जीते खिताब



**बोकारो :** शोषित मुक्ति वाहिनी के बैनर तले आयोजित तृतीय चेस टैलेंट सर्च वन डे रैपिड टूनार्मेंट 2026 का रोमांचक समापन हुआ। जैनामोड़ के अग्रसेन भवन में आयोजित इस प्रतियोगिता में बोकारो के चास निवासी सुनील प्रसाद के पुत्र अनमोल सिंह ने अपनी चालों का लोहा मनवाते हुए 'चैंपियन' की ट्रॉफी पर कब्जा किया।
प्रतियोगिता की खास बातें: कुल राउंड: 7 राउंड की कड़ी प्रतिस्पर्धा। औसत रेटिंग: 1171 । मुख्य अतिथि: सिकंदर नायक और सुबोध सिंह पवार।
पुरस्कार: 23,000 नकद, स्मार्ट वॉच और मेडल। 7 राउंड के मुकाबले के बाद अनमोल सिंह 6 अंकों के साथ शीर्ष पर रहे। वहीं धनबाद के राजा बोस और अनिस चेस अकादमी के दीपक लाल साहा ने क्रमश: दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, सिमडेगा**

(सर्वसाधारण के लिए सूचना)

लापता रंजिता खेस्स, उम्र–करीब 24 वर्ष, पति–अनिल बरवा, सा0–जामपानी लकराचट्टा, थाना–टी0टाँगर, जिला–सिमडेगा, राज्य–झारखण्ड, जो दिनांक–11.03.2026 को अपने मायका सा0–भेलवाडीह पतराटाली, थाना–पाकरटाँड़, जिला–सिमडेगा से बिना किसी को बताये चली गयी है, जो अबतक अपने घर नही लौटी है। लापता महिला की बरामदगी अभी तक नहीं हो पायी है, जिसकी विवरणी निम्नवत् हैः–



हुलिया की विवरणी :–
लिंग :– स्त्री।
उम्र :– 24 वर्ष।
रंग :– गोरा।
उँचाई :– 04 फीट 02 ईंच।
भाषा :– आड़िया, सादरी एवं हिन्दी ।
पहनावा :– साड़ी एवं हवाई चप्पल।

अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त लापता महिला के बारे में पता चलता है तो नीचे अंकित दूरभाष नं0 पर अविलंब सूचित करेंगे।

| | |
|---|---|
| पुलिस अधीक्षक, सिमडेगा | – मोबाइल नं0–9431116444 |
| पुलिस उपाधीक्षक, (मु0) सिमडेगा | – मोबाइल नं0–9431706227 |
| थाना प्रभारी, टी0टाँगर | – मोबाइल नं0–9431706232 |
| पुलिस नियंत्रण कक्ष, सिमडेगा | – मोबाइल नं0–9262998531 |
| मानव तस्करी संबंधी टोल फ्री नं0 | – मोबाइल नं0–1800–3456–256 |

पुलिस अधीक्षक, सिमडेगा।
PR.NO.376869 Simdega(26-27):D



**जिला विधिक सेवा प्राधिकार,सिमडेगा**
**राष्ट्रीय लोक अदालत, 2026**

दिनांक–09 मई, 2026 शनिवार
स्थान– व्यवहार न्यायालय, सिमडेगा समय– 08:00 बजे

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार,राँची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा के तत्वावधान में दिनांक 09 मई, 2026 को पूर्वाह्न 08:00 बजे से व्यवहार न्यायालय परिसर, सिमडेगा में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में निम्न प्रकार के मामलें का निष्पादन किया जाना है:–

1. बैंकिंग सम्बंधी मामलें
2. धारा 138 एन आई एक्ट
3. मोटर दुर्घटना दावा वाद
4. श्रम विवाद सम्बंधी मामलें
5. पारिवारिक विवाद
6. भू–अर्जन
7. सेवा सम्बंधी मामलें
8. दिवानी मामले
9. राजस्व मामले
10. खनन सम्बंधी मामले
11. बिजली एवं पानी से सम्बंधित
12. दूरभाष सम्बंधी मामले ।

दिनांक 09 मई, 2026 को प्रातः 08:00 बजे से राष्ट्रीय लोक अदालत का कार्य व्यवहार न्यायालय सिमडेगा में अपराहन 12:30 बजे तक चलेगा।

अतः सिमडेगा वासियों से निवेदन है कि उपरोक्त वादो से संबंधित मामलों को संबंधित विभाग से सर्म्पक कर अधिक से अधिक वादों का निपटारा कर राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ उठायें तथा इसे सफल बनायें।

नोटः आप फत ब्कम एवं नालसा हेल्पलाईन नंबर 15100 के माध्यम से भी अपने शिकायत/वाद/मामलों का आवेदन कर सकते हैं। राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में किसी भी प्रकार की विस्तृत जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस के दिन व्यवहार न्यायालय के परिसर में स्थित जि0 वि0 से0 प्र0 सिमडेगा के कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा सचिव, जि0 वि0 से0 प्र0 सिमडेगा मो0 नं0 916525299949 से संपर्क कर सकते हैं।

मुफ्त कानूनी सहायता के लिए:
कॉल : 15100
टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर
ऑनलाइन आवेदन:
https://www.nalsa.gov.in/lsams/

Civil Court Simdega
DLSA, Simdega

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्रीमती मरियम हेमरोम<br>सचिव<br>जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा | श्री एस0 एस0 खोटरे<br>पुलिस अधीक्षक सह सदस्य<br>जि0 वि0 से0 प्राधिकार, सिमडेगा | श्रीमती कंचन सिंह<br>उपायुक्त सह उपाध्यक्ष<br>जि0 वि0 से0 प्रा0,सिमडेगा | श्री राजीव कुमार सिन्हा<br>प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष<br>जि0 वि0 से0 प्रा0,सिमडेगा |

निवेदक– जिला प्रशासन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा।
PR.NO.376828 Simdega(26-27):D

# पश्चिम बंगाल की नई वोटर लिस्ट से 91 लाख बाहर

सुप्रीम कोर्ट के सख्त आदेश के बाद चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल की फाइनल वोटर लिस्ट जारी कर दी है। छह अप्रैल को शीर्ष अदालत ने 24 घंटे में आयोग को फाइनल वोटर लिस्ट जारी करने का आदेश दिया था। पश्चिम बंगाल में विशेष गहन संक्षिप्त पुनरीक्षण के बाद अब यह बड़ा कदम उठा। 91 लाख वोटर्स के नाम हटा दिए गए। यह संख्या किसी भूकंप से कम नहीं। हर जिले की अलग सूची जारी की गई ताकि पारदर्शिता बनी रहे। आयोग ने स्पष्ट किया कि 60 लाख से अधिक मतदाता जांच के दायरे में थे। इनमें से 27 लाख से ज्यादा के नाम कट गए। ये पहले से संदिग्ध सूची में थे। मृतकों के नाम भी बड़ी संख्या में शामिल हैं। यह कदम लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने वाला है या राजनीतिक खेल का हिस्सा? गौरतलब हो, पश्चिम बंगाल में वोटर लिस्ट लंबे समय से विवादों में थी। विधानसभा चुनावों के दौरान अवैध घुसपैठ के आरोप लगे। बांग्लादेश से आए कथित घुसपैठियों के नामों का मुद्दा गरमाता रहा। भाजपा ने बार-बार चेतावनी दी कि वोटर लिस्ट में फर्जी नाम भरे पड़े हैं। तृणमूल कांग्रेस ने इसे साजिश बताया। सुप्रीम कोर्ट ने दोनों पक्षों की सुनवाई की। अदालत ने कहा कि स्वच्छ वोटर लिस्ट बिना लोकतंत्र अधूरा है। आयोग को निर्देश दिया कि तत्काल कार्रवाई हो। 24 घंटे में लिस्ट जारी करो, वरना अवमानना का सामना करो। यह आदेश आयोग के लिए चुनौती था। पश्चिम बंगाल जैसे बड़े राज्य में लाखों नामों की जांच करना आसान नहीं। फिर भी आयोग ने कमर कस ली। विशेष पुनरीक्षण अभियान चलाया। क्षेत्रीय अधिकारियों को सक्रिय किया। परिणाम सामने आया 91 लाख नाम कट गए। आंकड़ों पर नजर डालें तो तस्वीर साफ होती है। 60 लाख संदिग्ध मतदाता थे। जांच में 27 लाख कटे। बाकी 91 लाख में मृतक नाम प्रमुख हैं। आयोग ने कहा कि कई नाम ऐसे थे जो दशकों पुराने हैं। मालिक मर चुके, फिर भी लिस्ट में दर्ज। कुछ नाम डुप्लिकेट थे। एक ही व्यक्ति का कई जगह नाम। कुछ अवैध प्रवासियों के। जिले दर जिले सूची जारी हुई। कोलकाता में सबसे ज्यादा कटौती। उत्तर 24 परगना और दक्षिण 24 परगना जैसे सीमावर्ती जिलों में संख्या डरावनी। वहां घुसपैठ का खतरा हमेशा रहता है। आयोग ने दावा किया कि यह प्रक्रिया निष्पक्ष रही, राजनीतिक दबाव से मुक्त। हर नाम हटाने से पहले सत्यापन हुआ। जनप्रतिनिधियों को सूचना दी गई। फिर भी विपक्ष चिल्ला रहा है। तृणमूल का कहना है कि यह भाजपा की साजिश है। वोट बैंक कम करने का प्रयास। लेकिन आयोग के पास प्रमाण हैं। मृत्यु प्रमाण पत्र आधारित हटाए गए नाम। आधार कार्ड से जुटाई गई जानकारी। यह सफाई लोकतंत्र के लिए जरूरी थी। इस कदम के राजनीतिक निहितार्थ गहरे हैं। पश्चिम बंगाल में 23 और 29 अप्रैल को विधानसभा चुनाव के लिये मतदान होना है। पश्चिम बंगाल में तृणमूल का वर्चस्व है। ममता बनर्जी की सरकार पर घुसपैठियों को संरक्षण देने का आरोप। भाजपा इसे बड़ा मुद्दा बनाएगी। 91 लाख नाम कटने से तृणमूल का वोट बैंक प्रभावित होगा, खासकर मुस्लिम बहुल इलाकों में। आयोग का यह फैसला भाजपा के पक्ष में जाता दिखता है। सुप्रीम कोर्ट का हस्तक्षेप स्वागतयोग्य है। लेकिन सवाल उठता है कि इतना बड़ा सफाया पहले क्यों नहीं हुआ। चुनाव आयोग पर पहले आलोचना हुई कि वह निष्क्रिय है। अब सक्रियता की तारीफ हो रही। फिर भी चुनौतियां बाकी हैं। हटाए गए नामों वाले लोग क्या करेंगे। अपील का रास्ता खुला है। आयोग ने कहा कि वैध साबित करने पर नाम वापस आ सकते हैं। लेकिन समय कम है। चुनावी माहौल में यह विवाद और भड़केगा। राजनीतिक दल सड़कों पर उतरेंगे। शांति भंग होने का खतरा। सामाजिक प्रभाव भी कम नहीं। पश्चिम बंगाल में गरीबी और बेरोजगारी ज्यादा। कई परिवार वोटर कार्ड पर निर्भर। नाम कटने से राशन कार्ड प्रभावित हो सकता। सरकारी योजनाओं का लाभ रुक सकता। मृतकों के नाम हटना तो सही, लेकिन जीवितों का क्या। कुछ निर्दोष कट सकते हैं। जांच में चूक हो सकती। ग्रामीण इलाकों में जागरूकता कम।

## सूडोकु नवताल- 7758

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7757 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |

# उच्च शिक्षा और अनुसंधान की चुनौतियां

गिरीश्वर मिश्र

आज विकसित और प्रगतिशील देशों में शोध पर बड़ा बल दिया जाता है। वहाँ शिक्षा और शोध पर काफी खर्च होता है और शोध गुणवत्ता की कसौटी पर खरा उतरता है। ज्ञान, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में उन देशों की वैश्विक पहचान है। पड़ोसी देश चीन की शोध में प्रगति आशातीत रूप से उल्लेखनीय है जहाँ आज अनेक विश्वस्तरीय विश्वविद्यालय हैं। भारतीय संदर्भ में शोध की स्थिति आज दयनीय हो रही है हालांकि यहाँ तक्षशिला और नालंदा जैसे विश्वस्तरीय विश्वविद्यालय तब थे जब अन्यत्र इसकी कल्पना भी नहीं थी। आज हम शिक्षा और शोध में पिछड़ गए हैं। न बजट में प्रावधान है और न शिक्षा संचालन व्यवस्था ही संतोषजनक है।

शिक्षा में हमने इतने तरह के स्तरीकरण कर रखे हैं कि भारतीय शिक्षा की गुणवत्ता का आकलन कठिन है। आज कई तरह के निजी, केंद्रीय सरकार द्वारा संचालित, राज्य शासन द्वारा संचालित, अर्ध सरकारी, डीम्ड आदि अनेक किस्म के एक हजार से अधिक विश्वविद्यालय, उच्च शिक्षा के अनेक संस्थान और हजारों महाविद्यालयों का विशाल संजाल तो खड़ा है परंतु अध्यापकों और शिक्षा के लिए जरूरी संसाधनों का अधिकांश शिक्षा केंद्रों पर घोर अभाव है। सरकारी संस्थाओं की स्थिति यदि व्यवस्थागत पेचीदगी का शिकार होकर असंतोषजनक है तो निरंकुश निजी शिक्षा संस्थान व्यापार के तर्ज पर भारी शुल्क उगाही कर मुनाफा कमा रहे हैं। शोध की दृष्टि से विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विषय कई अर्थों में सार्वभौमिक होते हैं। उनके सिद्धांत बहुत हद तक ऐसी सामग्री से जुड़े होते हैं जो स्थिर होती हैं और उनको लेकर सामान्यीकरण की अधिक संभावना होती है। उनका ज्ञान बहुत हद तक संचयी प्रकृति का भी होता है। ज्ञान पाने वाला और ज्ञान की वस्तु में स्पष्ट भेद होता है- वैज्ञानिक चेतन प्राणी है और पदार्थों की दुनिया उससे भिन्न होती है। प्राकृतिक विज्ञानों के ज्ञान को पृथ्वी पर हर कहीं एक ही कसौटी पर मापा, जांचा और परखा जा सकता है (अन्तरिक्ष और दूसरे ग्रहों की बात जरूर भिन्न है )। दूसरी तरफ मानविकी और समाज विज्ञान का स्वभाव भिन्न है। इनके विषय समाज, संस्कृति, परंपरा, आदर्श और मूल्य जैसे मानवीय सरोकारों से घनिष्ठ रूप से जुड़े होते हैं और उनमें अध्येता और विषयवस्तु दोनों मनुष्य होते हैं।

पश्चिम में समाज विज्ञानों के पुरोधाओं ने प्राकृतिक विज्ञानों के तर्ज पर विज्ञान की ही विधि को अपने विषय में लागू किया । विज्ञान कहलाने के लोभ में मानव व्यवहार और मानव समाज को 'वस्तु' मान कर अध्ययन शुरू हुआ। यद्यपि सामाजिक विज्ञान परिस्थिति सापेक्ष्य ज्ञान ही दे पाते हैं और अध्ययन विषय भी देश काल के साथ बदलता रहता है। इसलिए अब गुणात्मक, आख्यानपरक और निर्वाचन की पद्धतियों की ओर झुकाव बढ़ रहा है। फिर भी व्यापकि स्वीकृति इंद्रियानुभविक विधि, मापन और सांख्यिकी के विश्लेषण की है। इनकी सहायता से एक सुगम परिपाटी चल पड़ी। अब विधि की जरूरतों को पूरा कर पीएचडी की उपाधि त्वरित गति से अर्जित होने लगी। शोध सिर्फ. शोध के लिए किया जाने लगा न कि ज्ञान वृद्धि या किसी समस्या के समाधान के लिए। मानविकी में शोध अधिकाधिक वर्णनात्मक होते गए और उसे भी कुछ ढर्रों पर चला दिया गया। शोध की मौलिकता, देशज ज्ञान से रिश्ता, सांस्कृतिक संदर्भ से जुड़ाव और उपयोगिता के सरोकार लगातार उपेक्षित होते गए।

भारत की देशज ज्ञान परंपरा विशाल है और उसमें शोध और अनुसंधान की व्यवस्था है। न्याय-शास्त्र 'प्रमाण' यानी अध्ययन विधि की ही चिंता करता है।

हमारे विश्वविद्यालयों में शोध का आरम्भ औपनिवेशिक भारत में अंग्रेजों द्वारा किया गया। यूरोप और अमेरिका के सिद्धांतों, विचारों और विधियों का प्रभुत्व ऐसा रहा कि भारतीय विश्वविद्यालयों में समाज विज्ञान के विभिन्न विषयों में विदेशी ज्ञान का वर्चस्व हो गया। आज भी अधिकांश विषयों की पाठ्य पुस्तकें और ज्ञान की सामग्री उसी तरह की है। भारतीय समाज उतना ही प्रासंगिक होता है जितना आंकड़ों को पाने के लिए जरूरी है। ऐसा ज्ञान न पश्चिमी देशों के काम का होता है न अपने देश के। ऐसे में दुहराव तथा पिश्टपेषण का बोलबाला हो रहा है। इस बात के पर्याप्त संकेत हैं कि भारतीय शोध कार्यों की गुणवत्ता अंतरराष्ट्रीय स्तर की तुलना में कमतर है। इन शोध कार्यों की उपयोगिता, प्रमाणिकता और ज्ञान में योगदान बड़ा ही सीमित है। इसलिए प्राध्यापक वर्ग, नीतिनिर्धारकों और शोध के उपभोक्ताओं की चिंता जायज है।

जनसंख्या बढ़ने के साथ शिक्षा संस्थानों की संख्या तो जरूर बढ़ी है परंतु उनकी गुणवत्ता में गिरावट चिंता का कारण है। संस्थानों की कार्य-संस्कृति पर राजनीति हावी है। शिक्षा केंद्र में अकादमिक कार्य, वैचारिक प्रयास और सृजनशीलता की जगह उत्सवप्रियता का अतिरेक है जिससे क्षणिक उत्तेजना और संतुष्टि तो मिलती है परंतु अध्ययन-अध्यापन हाशिये पर चला जा रहा है। शिक्षा संस्थानों की स्वायत्तता और विचार-विमर्श के वातावरण से विवेकवान समालोचक की दृष्टि लुप्त हो रही है। वार्ता, वाद-विवाद और शास्त्रार्थ की जगह अनुकीर्तन से ज्ञान में वृद्धि की आशा व्यर्थ है। तमाम दबावों के बीच हमारे विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षा संस्थानों से निकलने वाले शोध की मान्यताओं और प्रतिष्ठा के साथ पूरी तरह न्याय नहीं कर पा रहे हैं। शोधार्थियों की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि हो रही है पर उसी के साथ शोध से जुड़े नैतिक प्रश्न उलझते जा रहे हैं। साहित्य चोरी (प्लैग्रिज्म) की घटनाएँ बढ़ रही हैं, शोध निदेशकों द्वारा शोषण की घटनाएँ भी हो रही हैं। व्यवस्था की कमजोरी के चलते शोध कार्य में पारदर्शिता में घट रही है। शोध कार्य एक कृत्य (रिचुअल) का रूप लेता जा रहा है जिसमें कोल्हू के बैल की तरह बँधी-बंधाई लीक पर चलना ही शोध की पद्धति बनती जा रही है। जिज्ञासा, प्रश्नाकुलता और कल्पनाशीलता पिछड़ रही है। इसका कारण संसाधनों और सुविधाओं का अकाल तो है पर उसका समुचित वितरण न होना भी क्षोभ का कारण बन रहा है। यह भी एक बिडंबना है कि जिस भारत में ज्ञान को पवित्र और क्लेशों से मुक्ति दिलाने वाला कहा गया वहाँ आईआईटी जैसे उच्च संस्थानों में मानसिक रुग्णता और आत्महत्या के मामले बढ़ रहे हैं। अनुशासित जिज्ञासा से शोध का आरंभ होता है और ज्ञान के संधान के साथ यह यात्रा आगे बढ़ती है। कहा गया है- विद्या से विनय और विनय से पात्रता, फिर पात्रता से समृद्धि और तब सुख मिलता है। आज इस सूत्र को फिर से दुहराने और अपनाने की जरूरत है।

**(लेखक, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के पूर्व कुलपति हैं।)**

# युद्ध के माहौल में विश्व शांति का शंखनाद है विश्व णमोकार दिवस

ललित गर्ग

विश्व इतिहास के इस संक्रमणकाल में, जब मानवता युद्ध, हिंसा, आतंक, तनाव और असहिष्णुता के बोझ तले कराह रही है, ऐसे समय में 9 अप्रैल 2026 को मनाया जाने वाला विश्व णमोकार मंत्र दिवस एक अद्वितीय आध्यात्मिक ऊर्जा-विस्फोट के रूप में सामने आ रहा है। यह दिवस केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि दिव्य चेतना के जागरण का ऐसा अवसर है, जिसमें सामूहिक मंत्रोच्चारण से उत्पन्न होने वाली चमत्कारी और सिद्ध शक्तियां पूरे विश्व को आलोकित करने वाली हैं। ''एक विश्व, एक दिन, एक मंत्र'' -इस संकल्प के साथ प्रातः जब संपूर्ण पृथ्वी पर एक साथ णमोकार महामंत्र का उच्चारण होगा, तब यह केवल ध्वनि नहीं होगी, बल्कि एक दिव्य ऊर्जा तरंग का निर्माण होगा। आध्यात्मिक विज्ञान के अनुसार, जब लाखों-करोड़ों लोग एक ही समय पर एक ही पवित्र मंत्र का उच्चारण करते हैं, तो उससे उत्पन्न स्पंदन वातावरण को शुद्ध करते हैं, नकारात्मक ऊर्जा का क्षय करते हैं, सकारात्मक चेतना का तीव्र प्रसार करते हैं और शांति एवं अहिंसा का शंखनाद करते हैं। यह सामूहिक ऊर्जा ''संकल्प शक्ति'' के रूप में कार्य करती है, जो असंभव को संभव बनाने की क्षमता रखती है।

यह विलक्षण दिवस हजारों मंदिरों एवं अन्य स्थलों में जातीय बंधनों को तोड़कर सभी समुदाय, जाति, वर्ग के लोगों को सम्मिलित होने का अवसर देकर एक प्रेरणादीप बनेगा, जहां मैत्री के फूल खिलेंगे, शांति एवं सद्भावना की ज्योति रश्मियां जगमगायेगी। मानव ने ज्ञान-विज्ञान में आश्चर्यजनक प्रगति की है। परन्तु अपने और औरों के जीवन के प्रति सम्मान में कमी आई है। विचार-क्रान्तियां बहुत हुईं, किन्तु आचार-स्तर पर क्रान्तिकारी परिवर्तन कम हुए। शान्ति, अहिंसा और मानवाधिकारों की बातें संसार में बहुत हो रही हैं, किन्तु सम्यक्-आचरण, सम्यक्-चरित्र, सम्यक्-दृष्टि का अभाव अखरता है। सिद्ध एवं चमत्कारी णमोकार महामंत्र सम्यक्-आचरण को उद्घाटित करने वाला किसी धर्म विशेष का नहीं है, यह एक सार्वभौमिक, सार्वकालिक, सार्वदेशिक मंत्र है, जिसका उच्चारण कर व्यक्ति शुद्ध आचरण एवं स्वस्थ जीवनशैली को आकार देते हुए शांति, अहिंसा, अयुद्ध, सह-जीवन का साकार कर सकता है। ''णमोकार महामंत्र'' के सामूहिक उच्चारण के माध्यम से दुनिया भर के लोगों को एक सूत्र में पिरोने का प्रयास है।

यह आयोजन विश्व शांति, आत्मशांति, सद्भावना और आध्यात्मिक कल्याण को बढ़ावा देने के लिए जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन-जीतो संस्था के द्वारा कराया जा रहा है.। इस विराट आयोजन में 180 से अधिक देशों के लाखों श्रद्धालु भाग लेंगे। विश्वभर में 100 से अधिक मेगा इवेंट्स और 6000 से अधिक मंदिरों एवं स्थलों पर यह सामूहिक जाप होगा। दिल्ली के मुख्य समारोह में भारत के 14वें राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद एवं गृहमंत्री श्री अमित शाह की उपस्थिति इस आयोजन को वैश्विक पहचान प्रदान करेगी। इस आयोजन से उत्पन्न होने वाली चमत्कारी और सिद्ध शक्तियों का वर्णन केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि अनुभव का विषय भी है। यह मंत्र आत्मा के गहनतम स्तर को स्पर्श करता है, जहां से चेतना की शुद्ध धारा प्रवाहित होती है। ऐसा माना जाता है कि इस सामूहिक जाप के दौरान- मानसिक शांति और स्थिरता का अद्भुत अनुभव होता है, जिससे तनाव, भय और अवसाद स्वतः क्षीण होते हैं। आभामंडल की शुद्धि होती है, जिससे व्यक्ति की ऊर्जा सकारात्मक और प्रभावशाली बनती है। रोगों में राहत और स्वास्थ्य में सुधार के अनेक अनुभव सामने आते हैं, क्योंकि सकारात्मक कंपन शरीर की कोशिकाओं को संतुलित करते हैं। संकल्प सिद्धि की शक्ति बढ़ती है अर्थात जो शुभ संकल्प किए जाते हैं, वे पूर्ण होने की दिशा में तीव्र गति से अग्रसर होते हैं। कर्म निर्जरा (कर्मों का क्षय) की प्रक्रिया तेज होती है, जिससे आत्मा की शुद्धि और आध्यात्मिक उन्नति संभव होती है।

दुनिया में अनेक मंत्र हैं, किंतु दो मंत्र विशेष रूप से प्रभावशाली माने जाते हैं गायत्री मंत्र और णमोकार महामंत्र। णमोकार मंत्र न केवल जैन धर्म का मूल मंत्र है, बल्कि यह आत्मा की शुद्धि और चेतना के उत्कर्ष का सार्वभौमिक सूत्र है। इसकी शक्ति अनंत और अक्षय मानी जाती है। इसमें किसी व्यक्ति का नहीं, किंतु संपूर्ण रूप से विकसित और विकासमान विशुद्ध आत्मस्वरूप का ही दर्शन, स्मरण, चिंतन, ध्यान एवं अनुभव किया जाता है। लौकिक मंत्र आदि सिर्फ लौकिक लाभ पहुँचाते हैं, किंतु लोकोत्तर मंत्र लौकिक और लोकोत्तर दोनों कार्य सिद्ध करते हैं। इसलिए णमोकार मंत्र सर्वकार्य सिद्धिकारक लोकोत्तर मंत्र माना जाता है, सब पापों का नाश करने वाला है, यह अद्भुत शांति का कारक है। यह संसार में सबसे उत्तम मंगल को घटित करने वाला सिद्ध मंत्र है। णमोकार-स्मरण से अनेक लोगों के रोग, दरिद्रता, भय, तनाव, अशांति, विपत्तियाँ दूर होने की अनुभव सिद्ध घटनाएँ सुनी जाती हैं। मन चाहे काम आसानी से बन जाने के अनुभव भी सुने हैं।

णमोकार महामंत्र के जाप एवं साधना से उत्पन्न ऊर्जा एक पाथेय है जीवनशैली को बदलने का, पर्यावरण एवं प्रकृति के प्रति जागरूक होने का, शांति एवं अहिंसक जीवनशैली का, शरीर, मन, आत्मा एवं प्रकृति के प्रति सचेत रहने का। मूल्यों का सम्बन्ध तो ''जियो और जीने दो'' जैसे सरल श्रेष्ठ उद्घोष से है, जो णमोकार महामंत्र की सार्थक निष्पत्ति है। इस मंत्र के प्रथम पाँच पदों में 35 अक्षर और शेष दो पदों में 33 अक्षर हैं। इस तरह कुल 68 अक्षरों का यह महामंत्र समस्त कार्यों को सिद्ध करने वाला व कल्याणकारी अनादि सिद्ध मंत्र है। इसकी आराधना करने वाला स्वर्ग यानी मोक्ष-संसारबंधनों मुक्ति को प्राप्त कर लेता है। यह मन्त्र एक भावना है, एक इच्छा है, एक कामना है जो बार बार दोहराई जाती है ताकि वैसा हो जाए, इस दृष्टि में उन्नत विश्व संरचना, हिंसा एवं युद्ध मुक्ति के लिये यह कारगर है। सह-अस्तित्व के लिए अहिंसा अनिवार्य है और अहिंसा को फलित करने के लिये णमोकार महामंत्र अचूक उपक्रम है, अनुष्ठान है। दूसरों का अस्तित्व मिटाकर अपना अस्तित्व बचाए रखने की कोशिशें व्यर्थ और अन्ततः घातक होती हैं।

भगवान महावीर का संदेश कि ''सुख सबको प्रिय है, दुःख अप्रिय''-इस मंत्र की मूल भावना है। जब यह मंत्र करोड़ों कंठों से एक साथ गूंजता है, तो यह केवल शब्द नहीं रहता, बल्कि करुणा, अहिंसा और सह-अस्तित्व की वैश्विक घोषणा बन जाता है। आचार्य उमास्वाति की उक्ति ''परस्परोपग्रहो जीवानाम्'' इस सामूहिक साधना के माध्यम से जीवंत हो उठती है। गतवर्ष प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी अपने उद्बोधन में इस मंत्र को ''आंतरिक क्रांति का माध्यम'' बताया था। उन्होंने कहा कि यह मंत्र केवल जप नहीं, बल्कि जीवन को बदलने की शक्ति है-एक ऐसा साधन जो व्यक्ति को स्वयं से जोड़ता है और समाज को एक सूत्र में पिरोता है। आज जब विश्व युद्ध, हिंसा और आतंक के संकट से जूझ रहा है, तब यह आयोजन एक ''आध्यात्मिक ऊर्जा-संकल्प'' बन सकता है। यह वह क्षण होगा, जब मानवता अपनी सामूहिक चेतना से शांति का आह्वान करेगी और णमोकार मंत्र की दिव्य तरंगें विश्व को एक नई दिशा देंगी।

निश्चित तौर पर यह दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि वास्तविक परिवर्तन बाहरी नहीं, बल्कि आंतरिक होता है। यदि हम इस मंत्र की शक्ति को समझकर उसे अपने जीवन में उतारें, तो न केवल हमारा व्यक्तिगत जीवन, बल्कि सम्पूर्ण विश्व शांति, समरसता, अहिंसा, अयुद्ध और आनंद की दिशा में अग्रसर हो सकता है। यही इस मंत्र की चमत्कारी शक्ति है, यही इसकी सिद्धि है, और यही इसका वैश्विक संदेश है। णमोकार महामंत्र व्यक्ति में ह्यवसुधैव कुटुम्बकम्ह्ल की विराट भावना का संचार करती है। मनुष्य जाति युद्ध, हिंसा और आतंकवाद के भयंकर दुष्परिणाम भोग चुकी है, भोग रही है और किसी भी तरह के खतरे का भय हमेशा बना हुआ है। मनुष्य, मनुष्यता और दुनिया को बचाने के लिए णमोकार महामंत्र से बढ़कर कोई उपाय-आश्रय नहीं हो सकता। इस दृष्टि से विश्व णमोकार मंत्र दिवस सम्पूर्ण विश्व को आत्म-कल्याण से विश्व-कल्याण की ताकत और प्रासंगिकता से अवगत कराने का सशक्त माध्यम है। आत्मविशुद्धि और मुक्ति के साथ-साथ जीवन को सुखद, समृद्ध, निरोगी और प्रसन्न बनाने के लिए नियमित रूप से णमोकार महामंत्र का जाप करना चाहिए। णमोकार महामंत्र हमें जीवन की समस्याओं, कठिनाइयों, चिंताओं, बाधाओं से पार पहुंचाने में सबसे बड़ा आत्म-सहायक है। यह मंगल भावनाओं से भरा मंत्र जगत में मांगल्य की वृद्धि करता है। मांगल्य की भावना को बढ़ाता है। इस मंत्र के पीछे अनंत साधकों की साधना है। इसलिए इस मंत्र का नियमित जाप करने से सभी मनोरथ पूर्ण होते हैं।

# पवन खेड़ा के घर पहुंची असम पुलिस को नहीं मिले नेताजी

संजय सक्सेना

असम के मुख्यमत्री की पत्नी के पास तीन पासपोर्ट की बात कहकर विवाद खड़े करने वाले कांग्रेस नेता पवन खेड़ा से पूछतांछ के लिये असम पुलिस पवन खेड़ा के दिल्ली आवास पर पहुंच गई। वहां पता चला कि पवन आवास पर नहीं हैं। पवन के विवादास्पद बयान ने राजनीतिक हलकों में तूफान मचा दिया है। इससे असम का चुनाव भी प्रभावित हो सकता है। पवन खेड़ा से पूछताछ के लिए विशेष टीम भेजी गई है, जो इस मामले को गहराई से जांचने का इरादा रखती है। यह घटना न केवल असम की राजनीति को प्रभावित कर रही है, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी बहस छेड़ रही है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने हाल ही में एक सार्वजनिक बयान में दावा किया था कि असम के मुख्यमंत्रियों हिमंता बिस्वा सरमा की पत्नी के पास तीन पासपोर्ट हैं। उन्होंने इसे भ्रष्टाचार और अनियमितताओं का प्रतीक बताते हुए सरकार पर हमला बोला। इस बयान ने सोशल दुर्गा को हिला दिया और भाजपा समर्थकों ने तुरंत प्रतिक्रिया दी। असम सरकार ने इसे झूठा और अपमानजनक करार देते हुए कानूनी कार्रवाई की घोषणा कर दी। असम पुलिस की एक विशेष इकाई दिल्ली में पवन खेड़ा के आवास पर पहुंच गई है। वे उनसे औपचारिक पूछताछ करेंगे और उनके दावे के साक्ष्य मांगेंगे। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि यह जांच निष्पक्ष होगी और यदि कोई सबूत नहीं मिला तो उचित कदम उठाए जाएंगे।


बता दें इस घटना की जड़ें कुछ दिनों पहले की हैं। पवन खेड़ा ने एक संवादाता सम्मेलन में कहा था कि मुख्यमंत्रियों की पत्नी रिनिकी भुयां सरमा के पास भारतीय, कनाडाई और अमेरिकी पासपोर्ट हैं। उन्होंने दावा किया कि यह जानकारी आधिकारिक स्रोतों से प्राप्त हुई है। कांग्रेस पार्टी ने इसे असम सरकार के खिलाफ बड़ा मुद्दा बनाने की कोशिश की, लेकिन भाजपा ने इसे राजनीतिक साजिश करार दिया। मुख्यमंत्रियों हिमंता बिस्वा सरमा ने व्यक्तिगत रूप से खंडन किया और कहा कि यह बेबुनियाद आरोप है। उन्होंने पत्नी के पास केवल एक वैध भारतीय पासपोर्ट होने की पुष्टि की। सरमा ने कहा कि ऐसे झूठे बयानों से असम की जनता को गुमराह करने की साजिश रुकनी चाहिए। असम पुलिस की दिल्ली यात्रा सोमवार को शुरू हुई। विशेषज्ञ टीम में वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं, जो राष्ट्रीय राजधानी में स्थानीय पुलिस के सहयोग से काम करेंगे। ताजा खबरों के अनुसार, पुलिस ने पवन खेड़ा को नोटिस जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया है। यदि वे हाजिर नहीं होते तो कोर्ट से वारंट लेने का विकल्प खुला है। कांग्रेस नेता ने अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है, लेकिन उनके करीबी स्रोतों का कहना है कि वे पूरे साक्ष्य के साथ पुलिस के सामने पेश होंगे। इस बीच, दिल्ली पुलिस ने असम टीम को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया है।

यह मामला अब अदालत तक पहुंच सकता है। असम सरकार ने पहले ही मानहानि का मुकदमा दायर करने की बात कही है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह विवाद लोकसभा चुनावों से पहले भाजपा और कांग्रेस के बीच जंग को तेज कर देगा। असम में भाजपा की मजबूत पकड़ है, और ऐसे आरोप सरकार की छवि को धूमिल करने की कोशिश हैं। दूसरी ओर, कांग्रेस इसे सत्ता के दुरुपयोग के खिलाफ आवाज बता रही है। पवन खेड़ा, जो कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता हैं, पहले भी कई विवादास्पद बयानों के लिए चर्चा में रहे हैं। उनकी यह टिप्पणी पार्टी की रणनीति का हिस्सा मानी जा रही है।

असम पुलिस की कार्रवाई से राज्य की कानून व्यवस्था पर सकारात्मक संदेश जाता है। पुलिस महानिदेशक जीपी सिंह ने कहा कि झूठे आरोपों से जनता का भरोसा डगमगाता है, इसलिए जांच जरूरी है। टीम दिल्ली पहुंचते ही खोजबीन शुरू कर दी। वे पवन खेड़ा के सोशल संदेशों, बयानों के वीडियो और अन्य दस्तावेज इकट्ठा कर रही है। यदि दावा साबित झूठा पाया गया तो देशद्रोह या मानहानि के तहत कार्रवाई हो सकती है। ताजा अपडेट में पता चला है कि खेड़ा ने वकील के माध्यम से कहा है कि वे जांच में सहयोग करेंगे। इस प्रकरण ने असम की राजनीति को नई ऊंचाई दे दी है। मुख्यमंत्री सरमा ने कहा कि कांग्रेस असम के विकास को रोकना चाहती है। रिनिकी भुयां सरमा, जो स्वयं एक प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता हैं, ने चुप्पी तोड़ी और कहा कि उनके पास केवल भारतीय नागरिकता का प्रमाण-पत्र है। उन्होंने तीन पासपोर्ट वाले दावे को हास्यास्पद बताया। यह विवाद अब मीडिया में प्रमुखता से छाया हुआ है, और हर नया अपडेट जनता की रुचि बढ़ा रहा है ।विपक्षी दलों ने असम पुलिस की दिल्ली यात्रा पर सवाल उठाए हैं। वे इसे राजनीतिक बदले की कार्रवाई बता रहे हैं। आम आदमी पार्टी और अन्य ने कहा कि केंद्र सरकार का दबाव असम पुलिस पर है। लेकिन भाजपा ने इसे कानूनी प्रक्रिया का हिस्सा बताया। ताजा खबरों के अनुसार, पूछताछ आज शाम तक शुरू हो सकती है। पवन खेड़ा के समर्थक उनके आवास के बाहर जमा हो रहे हैं, जबकि पुलिस सतर्कता बरत रही है। यह घटना भारतीय राजनीति में आरोप-प्रत्यारोप की एक और मिसाल बन गई है ।बहरहाल, यह देखना दिलचस्प होगा कि पूछताछ के बाद क्या होता है। यदि साक्ष्य मिले तो बड़ा खुलासा हो सकता है, वरना कांग्रेस नेता को कानूनी परेशानी झेलनी पड़ सकती है। असम पुलिस की यह पहल राज्य सरकार की संकल्पशक्ति को दशार्ती है। जनता अब सच्चाई का इंतजार कर रही है।

## दैनिक पंचांग

**8 अप्रैल 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मीन में | मेष | 06.08 बजे से |
| चंद्र | धनु में | वृष | 07.48 बजे से |
| मंगल | मीन में | मिथुन | 09.47 बजे से |
| बुध | कुंभ में | कर्क | 12.00 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | सिंह | 14.16 बजे से |
| शुक्र | मेष में | कन्या | 16.28 बजे से |
| शनि | मीन में | तुला | 18.39 बजे से |
| राहु | कुंभ में | वृश्चिक | 20.53 ब.से |
| केतु | सिंह में | धनु | 23.09 बजे से |
| राहुकाल 12.00 से 1.30 बजे तक | | मकर | 01.15 बजे से |
| | | कुंभ | 03.01 बजे से |
| | | मीन | 04.34 बजे से |

**बुधवार** 2026 वर्ष का 98 वा दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** बसंत।
**विक्रम संवत्** 2083
**शक संवत्** 1948
**मास** चैत्र **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** षष्ठी 19.02 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** ज्येष्ठा 05.54 बजे को समाप्त।
**योग** वरीयान 17.10 बजे को समाप्त।
**करण** गर 05.49 बजे तदनन्तर वणिज 19.02 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 19.9 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 07° 07'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872673
**जूलियन दिन** 2461138.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** सव्वाल
**तारीख** 19

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | उद्वेग | 05.41 से 07.12 बजे तक |
| अमृत | 07.22 से 08.51 बजे तक | शुभ | 07.12 से 08.44 बजे तक |
| काल | 08.15 से 10.19 बजे तक | अमृत | 08.44 से 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.19 से 11.47 बजे तक | चर | 10.16 से 11.47 बजे तक |
| रोग | 11.47 से 01.16 बजे तक | रोग | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से 02.44 बजे तक | काल | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| चर | 02.44 से 04.12 बजे तक | लाभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.12 से 05.41 बजे तक | उद्वेग | 04.23 से 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

एक नजर

## अवैध गिट्टी परिवहन पर प्रशासन की कार्रवाई, ट्रक जब्त

**हिरणपुर** : जिले के हिरणपुर इलाके में अवैध खनन और गिट्टी के गैरकानूनी परिवहन के खिलाफ प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। अंचलाधिकारी हिरणपुर के नेतृत्व में चलाए गए छापेमारी अभियान के दौरान एक ट्रक को जब्त किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ट्रक संख्या जेएच10सीजी-4460 को हिरणपुर थाना क्षेत्र के मानसिंहपुर के पास रोका गया। जांच के दौरान ट्रक में गिट्टी/चिप्स लदा हुआ पाया गया, लेकिन चालक के पास कोई वैध माइनिंग चालान या आवश्यक कागजात मौजूद नहीं थे। इसके बाद प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए ट्रक को जब्त कर लिया। इस मामले में ट्रक चालक और मालिक के खिलाफ हिरणपुर थाना में कांड संख्या 19/26, दिनांक 07.04.2026 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। दर्ज मामले में बीएनएस की धारा 317(5)/3(5) के साथ-साथ एमएमडीआर एक्ट 1957 की धारा 4/21, जेएमएमसी नियम 2004 की धारा 54 तथा जेएमपीआई (एमटीएस) एक्ट 2017 की धारा 7/9/13 के तहत कार्रवाई की गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में अवैध खनन और गिट्टी के गैरकानूनी कारोबार के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस कार्रवाई के बाद अवैध कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया है।

## पारिवारिक विवाद मारपीट में बदला, महिला समेत कई घायल

**साहिबगंज**: जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के मुस्लिम टोला में पारिवारिक विवाद में कहा सुनी होते होते बात मारपीट में बदल गया। इस घटना में महिला सहित एक ही परिवार के कई लोग घायल हो गए। पीड़िता जहाना बीवी ने मोहम्मद साहिल और उसके परिवार पर मारपीट का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। शिकायत के अनुसार, जहाना बीवी अपने परिवार के साथ घर पर थीं, तभी आरोपी गाली-गलौज करने लगे और विरोध करने पर लाठी-डंडे से हमला कर दिया। इस दौरान महिला समेत कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़िता ने बताया कि किसी तरह जान बचाकर वे लोग थाना पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए सदर अस्पताल भेजा। जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी शशि सिंह ने बताया कि पीड़िता के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और पूरे मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस घटना से परिवार में तनाव का माहौल है और पीड़िता पुलिस से न्याय की उम्मीद कर रही हैं।

## गाय चराने को लेकर हिंसक झड़प, तीन नामजद, 20 अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज

**साहिबगंज**: मंडरो प्रखंड के मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र के कुमोदरी पहाड़ पर गाय चराने को लेकर विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। पीड़ित आशीष पहाड़िया ने तीन नामजद और 20 अज्ञात व्यक्तियों पर जान से मारने की नीयत से हमला करने का आरोप लगाते हुए मिर्जाचौकी थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। आवेदन मिलने पर थाना प्रभारी रूपेश कुमार यादव ने मिर्जाचौकी थाना कांड संख्या 29/26 दर्ज कर एएसआई विल्सन हांसदा को अनुसंधान की जिम्मेदारी सौंपी। एएसआई ने त्वरित कार्रवाई करते हुए स्थल पर पहुंचकर घटना से संबंधित जानकारी जुटाई। थाना प्रभारी ने कहा कि जांच पूरी होने के बाद आरोपियों पर कार्रवाई कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा जाएगा। इस घटना से क्षेत्र में तनाव का माहौल है और लोग पुलिस से सख्त कदम उठाने की उम्मीद कर रहे हैं।

# उपायुक्त कार्यालय में लगा जनता दरबार समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज** : उपायुक्त कार्यालय प्रकोष्ठ में अपर समाहर्ता गौतम भगत द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान अपर समाहर्ता ने जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों से मुलाकात कर उनके समस्याओं से अवगत हुए। इसके साथ ही अपर समाहर्ता द्वारा उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा।इसके साथ ही जनता दरबार के दौरान विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आए, जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकताओं की समस्याओं को सुनने के बाद अपर समाहर्ता ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए उसका समाधान जल्द से जल्द करें। साथ ही उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अपना प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें ताकि शिकायतों के निष्पादन में आसानी हो सके।

### जनता दरबार में समस्याओं के समाधान पर जोर, कांग्रेस की प्राथमिकताः बरकत खान



**साहिबगंज**: प्रत्येक मंगलवार की भांति बरहरवा प्रखण्ड परिसर स्थित विधायक कक्ष में कांग्रेस के ज़िला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान की उपस्थिति में जनता दरबार का आयोजन किया गया। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों ने जमीन से संबंधित,अबुवा आवास एवं पीएम आवास का भुगतान से संबंधित,ग्रीन राशन कार्ड बन्द हो जाने से संबंधित, पेयजल से संबंधित तथा अन्यान्य समस्या से अवगत कराया। बरकत खान ने लोगों की समस्याओं से अवगत होकर विभागीय अधिकारियों से वातार्लाप कर कुछ समस्याओं का तत्काल निराकरण कराया तथा बाकी समस्याओं का निदान यथाशीघ्र करवाने का आग्रह किया। जमीन विवाद से जुड़े समस्या को लेकर बरकत खान ने अंचलाधिकारी अनोज कुमार से उनके कार्यालय में मिलकर जल्द निदान कराने का आग्रह भी किया, अंचलाधिकारी ने विभागीय कर्मचारी को त्वरित कार्रवाई करने का आदेश दिया। मौके पर बिकास कुमार सिंह, रणजीत भंडारी सहित दर्जनों नगर एवं ग्रामीण लोग उपस्थित थें।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार का जागरूकता अभियान, स्वास्थ्य अधिकार पर जोर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज** : झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निदेर्शानुसार एवं माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज अखिल कुमार के कुशल मार्गदर्शन में आज जिले भर में पीएलवी न्याय मित्रों द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सघन जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर प्राधिकार के सचिव विश्वनाथ भगत ने बेहतर स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केवल बीमारी की अनुपस्थिति नहीं, बल्कि शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से पूर्ण स्वस्थ होने की अवस्था है। सचिव विश्वनाथ भगत ने विशेष रूप से स्वास्थ्य के अधिकार एवं उससे संबंधित विधिक प्रावधानों की जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक नागरिक को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ प्राप्त करने का अधिकार है। उन्होंने लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, नियमित योग करने, स्वच्छ पेयजल के उपयोग तथा संतुलित आहार लेने के प्रति जागरूक किया। उन्होंने यह बताया कि मानसिक स्वास्थ्य के प्रति समाज में व्याप्त भ्रांतियों को दूर करना आवश्यक है, ताकि प्रभावित व्यक्ति बिना किसी संकोच के सहायता प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य संबंधी सरकारी योजनाओं, मुफ्त चिकित्सा उपचार से जुड़े कानूनी प्रावधानों एवं विधिक सेवा संस्थानों की भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी गई।

## एमजीआर रेलवे ट्रैक से एक अधेड़ का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज** : बोरियो थाना क्षेत्र के पथरा ओवर ब्रिज के समीप ललमटिया-फरक्का एमजीआर रेलवे ट्रैक के किनारे से पुलिस ने मंगलवार सुबह एक अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद किया है। शव कि पहचान थाना क्षेत्र के बिचपुरा भेलाटुकर निवासी 48 वर्षीय बबलू बसिल बेसरा कि रूप में हुई है। घटना कि सूचना मिलते ही बोरियो थाना प्रभारी रोहित कुमार, एएसआई प्रभा शंकर दुबे दल-बल के साथ घटनास्थल पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए साहिबगंज सदर अस्पताल भेज दिया। मृतिका कि पत्नी मरिया गोलस्टी टुडू व पुत्र प्रेम ऐगस्टीन बेसरा ने बताया की उसके पिता संत पॉल मिशन स्कूल में मैनेजमेंट का काम करते थे। स्कूल में गुड़ फ्राईडे की तैयारी का जिम्मा उनके उपर था। जिसको लेकर शनिवार को वह घर निकले थे। वही घटनास्थल रेलवे ट्रैक के बगल से मृतक बबलू वसील बेसरा के शव के बगल से क्षतिग्रस्त मोबाइल पाया गया। उसके सर पर गहरे चोट के निशान थे। मृतक का शव अर्धनग्न अवस्था में था। इधर मृतक के बेटे प्रेम ऐगस्टीन बेसरा ने शव को देखते हुए हत्या कि आशंका जताई है। घटना की सूचना पाते ही घटनास्थल पर आसपास के सैकड़ो लोग जमा हो गए। मामले को लेकर थाना प्रभारी रोहित कुमार ने बताया की प्रथम दृश्य शौच करने के उपरान्त ट्रेन से झटका लगने से दुर्घटना कि आशंका है। आगे उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पायेगा। इधर पुलिस घटना के बाद हर बिंदु पर छानबीन कर रही है। घटना के बाद मृतक के परिजन का रो-रो कर बूरा हाल है।

## विधायक ने सबाजपुर व भवानीपुर पंचायत का किया दौरा, ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़** : पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र की माननीय विधायक निसात आलम ने मंगलवार, 7 अप्रैल 2026 को सदर प्रखंड अंतर्गत पंचायत सबाजपुर एवं भवानीपुर के विभिन्न गांवों का दौरा किया। दौरे के दौरान विधायक ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए क्षेत्र के समग्र विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करना उनकी प्राथमिकता है, ताकि आम लोगों को बेहतर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध हो सकें। इस अवसर पर विधायक ने ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। साथ ही संबंधित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने SIR (सर्वे/पंजीकरण संबंधित प्रक्रिया) को लेकर भी लोगों को जागरूक किया और कहा कि यदि नाम या अन्य विवरण में किसी प्रकार की त्रुटि हो, तो उसे समय रहते ठीक कराना आवश्यक है। उन्होंने लोगों से इस प्रक्रिया को गंभीरता से लेने की अपील की। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष कुमार सरकार, प्रखंड अध्यक्ष मानसारुल हक, विधायक प्रतिनिधि गुलाम अहमद उर्फ बकुल, जिला कोषाध्यक्ष असद हुसैन, प्रखंड पर्यवेक्षक अशोक दास, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष शाहीन परवेज, देबू विश्वास, बीएलए ट्रेनर सरफराज अहमद, मोरसलीम खान, युवा जिला अध्यक्ष बिलाल शेख, मिरजाहन विश्वास, रामविलास महतो, फरमान अली, जोहारूल इस्लाम, नजरुल हक, मुखिया जियाउर रहमान, मनसूर शेख, नईमुद्दीन शेख, नजरुल शेख सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अधूरी सड़क से बढ़ी परेशानी, हिरणपुर बाजार के दुकानदारों में नाराजगी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हिरणपुर** : जिले के हिरणपुर प्रखंड अंतर्गत बाजार की 3 नंबर गली इन दिनों स्थानीय लोगों और दुकानदारों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है। यहां तस्लीम रेडिमेड दुकान से लेकर अमीन दर्जी की दुकान तक ही पीसीसी सड़क का निर्माण कराया गया है, जबकि लगभग 65 से 70 फीट का हिस्सा अधूरा छोड़ दिया गया है। यह कार्य 15वें वित्त आयोग योजना संख्या 19/2022-23 के तहत किया गया है। अधूरी सड़क के कारण स्थानीय दुकानदारों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। उनका कहना है कि अधूरा निर्माण उनके लिए बड़ी समस्या बन गया है। विशेषकर बरसात के दिनों में गली का कूड़ा-कचरा और गंदा पानी बहकर सीधे दुकानों में घुस जाता है, जिससे सामान खराब हो रहा है और आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि पूरी गली में पक्की सड़क बना दी जाए तो जलजमाव और गंदगी की समस्या से काफी हद तक राहत मिल सकती है। दुकानदारों ने प्रशासन से जल्द से जल्द अधूरे निर्माण कार्य को पूरा कराने की मांग की है। दुकानदारों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो स्थिति और गंभीर हो सकती है।

# स्कूलों की बदहाल व्यवस्था पर विद्यार्थी परिषद ने सुविधाओं को लेकर प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**साहिबगंज** : तालझारी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की नगर इकाई तालझारी द्वारा क्षेत्र के विद्यालयों में व्याप्त मूलभूत समस्याओं को लेकर जोरदार पहल की गई। नगर मंत्री सौरभ गुप्ता के नेतृत्व में उपायुक्त एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी के नाम एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें छात्रों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के त्वरित समाधान की मांग की गई।

ज्ञापन में मुख्य रूप से विद्यालयों में कमरों की कमी, जर्जर भवन, पेयजल की अनुपलब्धता, चारदीवारी की कमी तथा शिक्षकों की कमी जैसे गंभीर मुद्दों को उठाया गया। परिषद ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं किया गया तो संगठन आंदोलन करने को बाध्य होगा।

**प्रमुख समस्याएं और मांगें :**

राजकीय बुनियादी मध्य विद्यालय तालझारी परिसर स्थित मॉडल स्कूल की छत से पानी रिसाव हो रहा है, जिससे बरसात के मौसम में छात्रों को भारी परेशानी होती है। भवन की स्थिति काफी जर्जर है, जिसे तत्काल दुरुस्त करने की मांग की गई। उत्क्रमित उच्च विद्यालय करणपुरातो में कमरों की भारी कमी है, जहां एक ही कमरे में दो कक्षाओं के छात्र बैठने को मजबूर हैं। राजकीय बुनियादी मध्य विद्यालय तालझारी में चारदीवारी नहीं होने से सुरक्षा को लेकर चिंता बनी हुई है। प्रो योगीचक जयरमपुर उच्च विद्यालय सरकंडा में भी कमरों की कमी की समस्या उठाई गई। साहिबगंज जिले के अनुदानित स्कूलों में पिछले चार वर्षों से छात्रवृत्ति एवं साइकिल योजना का लाभ छात्रों को नहीं मिल रहा है, जिसे शीघ्र उपलब्ध कराने की मांग की गई। उत्क्रमित उच्च विद्यालय कन्या तालझारी एवं संत जॉन मध्य विद्यालय में पेयजल की समस्या गंभीर बनी हुई है। उत्क्रमित उच्च विद्यालय मसकलैया में शिक्षकों की भारी कमी है।

परिषद ने स्पष्ट कहा कि छात्र हित सर्वोपरि है और यदि प्रशासन द्वारा जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो व्यापक आंदोलन किया जाएगा। मौके पर प्रदेश एसएफएस सह संयोजक गौरव कुमार सुमन, नगर सहमंत्री आशीष कुमार, लक्ष्मी कुमारी, एसएफएस प्रमुख सुहानी कुमारी, कार्यकारिणी सदस्य किशन कुमार, प्रेम कुमार, नंदू कुमार रजक सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

संक्षिप्त खबरें

## कालाजार एवं वेक्टर जनित रोग कार्यक्रमों की समीक्षा हेतु केंद्रीय टीम का पाकुड़ दौरा



**पाकुड़**: ज़िले में कालाजार (विसरल लीशमैनियासिस) की वर्तमान स्थिति, इंडोर रेसिडुअल स्प्रे की गुणवत्ता का आकलन एवं अन्य वेक्टर जनित रोग कार्यक्रमों की समीक्षा के उद्देश्य से केंद्रीय टीम द्वारा विस्तृत फील्ड विजिट किया गया। इस दौरे का नेतृत्व जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ अमित कुमार ने किया। उनके साथ डॉ. रजत रंजन, संबंधित प्रखंडों के चिकित्सा पदाधिकारी, डॉ. हसीब, श्री राज कुमार, सौमाश, राज कुमार (मलेरिया इंस्पेक्टर), अंकित कुमार एवं राजू अग्रवाल सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे। केंद्रीय टीम ने पाकुड़ सदर, हिरणपुर एवं लिट्टीपाड़ा प्रखंडों का भ्रमण करते हुए महादेवपुर, घाघरजनी एवं फूलपहाड़ी गांवों का दौरा किया। इस दौरान कालाजार के वर्तमान मामलों की स्थिति की समीक्षा की गई तथा फील्ड स्तर पर केस डिटेक्शन एवं सर्विलांस गतिविधियों का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के क्रम में इंडोर रेसिडुअल स्प्रे की गुणवत्ता का विशेष रूप से आकलन किया गया। केंद्रीय टीम ने पाया कि जिले में आईआर की गुणवत्ता अत्यंत अच्छी है तथा सभी निर्धारित मानकों का समुचित पालन किया जा रहा है। साथ ही कालाजार मरीजों के फॉलो-अप की प्रक्रिया भी संतोषजनक पाई गई। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी मरीजों की नियमित निगरानी एवं समुचित देखभाल हो रही है। इसके अतिरिक्त, जिले में वेक्टर जनित रोग कार्यक्रमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु चलाए जा रहे आईईसी (सूचना, शिक्षा एवं संचार) गतिविधियों की भी सराहना की गई। टीम ने पाया कि समुदाय में जागरूकता का स्तर बेहतर है और लोग इन कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं। अन्य वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करते हुए सर्विलांस, केस मैनेजमेंट एवं रोकथाम उपायों पर विशेष ध्यान दिया गया।स्वास्थ्यकर्मियों को फील्ड स्तर पर कार्यों में और सुधार, बेहतर समन्वय तथा कार्यक्रमों को अधिक प्रभावी बनाने हेतु आवश्यक दिशा- निर्देश दिए गए।

## ई-संजीवनी सेवा में पाकुड़ का उत्कृष्ट प्रदर्शन चार सीएचओ राज्य के टॉप-10 में शामिल

**पाकुड़** : जिला अंतर्गत ई-संजीवनी दूरचिकित्सा परामर्श सेवा में दिन-प्रतिदिन उत्कृष्ट कार्य किया जा रहा है। सुदृढ़ नेतृत्व एवं बेहतर समन्वय के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएचओ) द्वारा सराहनीय उपलब्धि हासिल की गई है। दूरस्थ एवं दुर्गम क्षेत्रों में भी लोगों को निरंतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे आमजन को घर के समीप ही गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा परामर्श मिल रहा है। पिछले वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य स्तर पर चयनित टॉप-10 सीएचओ में पाकुड़ जिले के 4 सीएचओ शामिल रहे। इनमें— एससी फतेहपुर, एससी धरमपुर, एससी रोलाग्राम, एससी सुरमा के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों ने निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया है।

## अपर समाहर्ता ने किया खाद्य गोदाम का निरीक्षण

**साहिबगंज**: जिले के बरहेट प्रखंड में अपर समाहर्ता गौतम भगत ने मंगलवार को प्रखंड खाद्य आपूर्ति गोदाम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बीडीओ अंशु कुमार पांडे शामिल रहे। वही निरीक्षण के दौरान एडीसी ने प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी रविशंकर प्रसाद से गोदाम के स्टॉक भंडारण की बारीकी से जानकारी ली। जहां सभी राशन कार्ड धारी को समय पर चावल वितरण करने का आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसके साथ-साथ नियमित रूप से जन वितरण प्रणाली दुकानदारों को समय पर चावल उठाव करने की बात कही। मौके पर जेई अब्दुल गफ्फार, साहिन इकबाल, एजीएम सहित अन्य मौजूद थे।

## पीएम श्री उच्च विद्यालय नगरपालिका कन्या साहिबगंज में सत्र (26-27) का हुआ शुभारंभ

**साहिबगंज**: पीएम श्री उत्क्रमित राजकीय उच्च विद्यालय नगरपालिका कन्या साहिबगंज में प्रोविजनल नामांकित वर्ग नवम, सत्र (2026-2027) के छात्राओं हेतु कक्षा का शुभारंभ कर दिया गया है। ज्ञातव्य है कि इसके पहले ही 01 अप्रैल 2026 (बुधवार) से वर्ग दशम,(सत्र 2026-2027) के छात्राओं का वर्ग संचालन प्रारंभ कर दिए गए हैं। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक मो फारूक हुसैन ने जानकारी दिया गया कि वर्ग आठवां व नवमा के परीक्षा परिणाम पूर्व कक्षा का संचालन से छात्राओं में वर्ग नवम व दशम के सभी विषयों के विषय वस्तु से संबंधित बेसिक आधारभूत जानकारी मिल सकेगा, साथ ही छात्राओं का लर्निंग गैप नहीं होगा व नियमित अध्यापन होगा।

## नौ अप्रैल से नौ दिवसीय 11 कुंडिय लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का होगा शुभारंभ



**साहिबगंज**: शहर के पूर्वांचल दुर्गा पूजा समिति साक्षरता चौक काटरगंज दुर्गा मंदिर परिसर में नौ अप्रैल को लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा उक्त बाते अयोध्या से चलकर आए अयोध्या दास जी महाराज ने प्रेस को बताया। मंगलवार को साक्षरता चौक काटरगंज यज्ञ मंडप में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया जिसमें उन्होंने कहा कि यज्ञ हमारे भारतीय संस्कृति की प्राचीन परंपरा रही है। अलग अलग कामना से यज्ञ कराते है। संसार के कल्याण मानव के उत्थान करने वाला यज्ञ सफल होता है। साक्षरता चौक काटरगंज दुर्गा मंदिर परिसर में नौ अप्रैल से 11 कुंडिय लक्ष्मी नारायण महायज्ञ नौ दिवसीय आयोजित किया जाएगा। काशी के डॉ हरेंद्र द्विवेदी के सानिध्य में ये महायज्ञ होगा। हमारे प्राकृतिक, संसारिक ओर देश व जिला का कल्याण हो, इसके लिए महायज्ञ का आयोजन किया गया है। अयोध्या काशी वृंदावन से साधु संत पुरोहित सब का आगमन जिला में होगा। समिति अध्यक्ष विमल यादव ने बताया कि नौ अप्रैल से 17 अप्रैल तक महायज्ञ होगा। नौ अप्रैल को सुबह 5100 कलश के साथ कलश यात्रा निकाला जाएगा। घोड़ा, रामगढ़ का बैंड बाजा कलश यात्रा में आकर्षक का केंद्र रहेगा। समिति के अध्यक्ष विमल यादव ने कहा कि नौ दिन भंडारा, सुबह नौ बजे से रात 11 बजे तक चलेगा। नौ दिनों तक अयोध्या के कलाकार की ओर से रासलीला ओर 72 प्रहर हरिकृतन किया जाएगा। नागा साधु संत महात्मा पहुंचेंगे। महायज्ञ में मनोरंजन की सुविधा रहेगी। भक्तों का सुरक्षा व्यवस्था रहेगा। मेला में बच्चों ओर श्रद्धालुओं के लिए तारा माची झूला, कई सारे दुकान सहित भव्य मेला का आयोजन किया जाएगा। समिति की ओर से महायज्ञ का तैयारी युद्ध स्तर से किया जा रहा है। यज्ञ मंडप का निर्माण सहित साधु संत के तप पूजन का जगह, दुकानों के लिए जगह, प्रतिमा के लिए ओर भंडारा के लिए ओर पूजन के लिए जगह बनाया जा रहा है। मौके पर धीरन यादव, आदित्य यादव, भोलानाथ पांडे सहित समिति सदस्य उपस्थित थे।

एक नजर

### विश्व स्वास्थ्य दिवस पर स्वास्थ्य विभाग ने किया पौधरोपण

**पश्चिमी सिंहभूम** : जिले में मंगलवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में सदर अस्पताल परिसर में पौधरोपण अभियान चलाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और कर्मचारी उत्साहपूर्वक शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान सिविल सर्जन, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, उपाधीक्षक और जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों ने मिलकर पौधे लगाए और पर्यावरण को सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। सभी ने इस बात पर जोर दिया कि बेहतर स्वास्थ्य के लिए स्वच्छ और संतुलित पर्यावरण बेहद जरूरी है। अधिकारियों ने कहा कि वर्तमान समय में तेजी से बदलते पर्यावरणीय हालात और बढ़ते प्रदूषण का सीधा असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। ऐसे में पौधारोपण जैसे प्रयास न केवल पर्यावरण को सुधारने में सहायक हैं, बल्कि लोगों के जीवन को भी स्वस्थ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि पेड़-पौधे वातावरण को शुद्ध करने के साथ-साथ जलवायु संतुलन बनाए रखने में अहम योगदान देते हैं। इसके अलावा, यह आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य सुनिश्चित करने का आधार भी बनते हैं। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित अधिकारियों और स्वास्थ्यकर्मियों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया। साथ ही आम नागरिकों से भी अपील की गई कि वे पर्यावरण संरक्षण को अपनी जिम्मेदारी समझें और अपने आसपास हरियाली बढ़ाने में सहयोग करें।

### राखा कॉपर कॉलोनी में 80 वर्षीय वृद्ध की धारदार हथियार से हत्या

**पूर्वी सिंहभूम** : पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका क्षेत्र अंतर्गत राखा कॉपर कॉलोनी में एक 80 वर्षीय वृद्ध की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान यूसील कर्मी के पिता रतन बहादुर श्रेष्ठ के रूप में हुई है। उनका खून से लथपथ शव मंगलवार सुबह पुराने नर्सरी स्कूल परिसर से बरामद किया गया। पुलिस औ परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार, रतन बहादुर श्रेष्ठ सोमवार रात किसी काम से जादूगोड़ा से राखा कॉलोनी आए थे, लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटे। परिजनों और स्थानीय लोगों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उनका कोई पता नहीं चल सका। मंगलवार सुबह स्थानीय लोगों ने नर्सरी स्कूल परिसर में एक वृद्ध व्यक्ति का शव देखा। शव पर गंभीर चोट के निशान थे और आसपास खून फैला हुआ था, जिससे हत्या की आशंका जताई गई। घटनास्थल से एक घायल महिला भी मिली, जिससे मामला और गंभीर हो गया है। स्थानीय लोगों ने तुरंत जादूगोड़ा थाना को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। मामले की जांच का नेतृत्व सब इंस्पेक्टर प्रीतम राज कर रहे हैं, जिन्होंने दल-बल के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने घायल महिला को अपने संरक्षण में लेकर उससे पूछताछ शुरू कर दी है, ताकि घटना के कारणों और हमलावरों के बारे में जानकारी मिल सके। वहीं, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। इस हत्या से स्थानीय लोगों में आक्रोश है। लोगों ने जल्द से जल्द आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस ने अज्ञात हमलावरों की तलाश में छापेमारी शुरू कर दी है और दावा किया है कि जल्द ही मामले का खुलासा कर आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# मनरेगा तकनीकी सहायक नियुक्ति में गड़बड़ी का आरोप, अभ्यर्थियों ने की उपायुक्त से जांच की मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम** : पूर्वी सिंहभूम जिले में मनरेगा के तहत तकनीकी सहायक (कनीय अभियंता समकक्ष) पदों पर हुई संविदा आधारित नियुक्ति को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

अभ्यर्थियों ने नियुक्ति प्रक्रिया में अनियमितता और पारदर्शिता की कमी का आरोप लगाते हुए उपायुक्त-सह-जिला कार्यक्रम समन्वयक को आवेदन सौंपकर पूरे मामले की जांच कराने तथा योग्यता के आधार पर नई मेधा सूची प्रकाशित करने की मांग की है।

यह मामला विज्ञापन संख्या 01/2023-24 से जुड़ा हुआ है, जिसके अंतर्गत महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत विभिन्न पदों पर नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे।

अभ्यर्थियों का कहना है कि विज्ञापन में स्पष्ट रूप से कंप्यूटर योग्यता जैसे पीजीडीसीए या कंप्यूटर डिप्लोमा को मान्यता प्राप्त संस्थान से होना अनिवार्य बताया गया था, लेकिन चयनित अभ्यर्थियों में कुछ के प्रमाणपत्र इस मानक के अनुरूप नहीं हैं।

आवेदनकताओं के अनुसार, कुछ अभ्यर्थियों के पीजीडीसीए प्रमाणपत्र उनके स्नातक की डिग्री से पहले के वर्ष के हैं, जबकि सामान्य रूप से यह पाठ्यक्रम स्नातक के बाद किया जाता है। इस प्रकार के मामलों से चयन प्रक्रिया की निष्पक्षता और पारदर्शिता पर सवाल उठ रहे हैं।

मंगलवार को अभ्यर्थियों ने यह भी आरोप लगाया है कि निर्धारित पदों की संख्या के बावजूद सभी पदों पर नियुक्ति नहीं की गई। सामान्य और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) श्रेणी में चयन को लेकर भी स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई है, जिससे अभ्यर्थियों में असंतोष बढ़ा है।

कुछ विशेष मामलों का उल्लेख करते हुए अभ्यर्थियों ने आवेदन संख्या 623228338149 से संबंधित अभ्यर्थी के शैक्षणिक विवरण पर सवाल उठाया है, जिसमें डिप्लोमा (सिविल) वर्ष 2013, बीटेक (सिविल) वर्ष 2017 और पीजीडीसीए वर्ष 2015 दशार्या गया है। अभ्यर्थियों का कहना है कि यह शैक्षणिक क्रम संदिग्ध प्रतीत होता है और इसकी गहन जांच आवश्यक है।

इसके अतिरिक्त, शिकायत में यह भी सामने आया है कि कुछ चयनित अभ्यर्थी पहले से ही अन्य सरकारी विभागों में कार्यरत थे और लाभ प्राप्त कर रहे थे, इसके बावजूद उन्होंने शपथ पत्र में इस तथ्य को छिपाकर आवेदन किया। यह शपथ पत्र की शर्तों का उल्लंघन माना जा रहा है, जिसमें स्पष्ट उल्लेख है कि गलत जानकारी पाए जाने पर नियुक्ति स्वतः निरस्त की जा सकती है और विधिक कार्रवाई भी संभव है।

शिकायत में जिन अभ्यर्थियों के नाम सामने आए हैं, उनमें शीतल महापात्र, अनुपम साहू और अभिजीत बेरा शामिल हैं। इनके आवेदन विवरण और कार्यस्थल से जुड़े तथ्यों की भी जांच की मांग की गई है।

आवेदनकर्ता प्रियंका डबलिन और सिद्धार्थ ग्लुश ने उपायुक्त से निष्पक्ष जांच कराते हुए केवल योग्य अभ्यर्थियों को ही नियुक्त करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित नहीं की गई, तो योग्य उम्मीदवारों के साथ अन्याय होगा।

## गांजा के साथ हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार, जांच में जुटी पुलिस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम** : सिदगोड़ा थाना पुलिस ने छापेमारी कर एक हिस्ट्रीशीटर अपराधी को गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान परसुडीह थाना क्षेत्र के मकदमपुर निवासी पिकू कर्मकार उर्फ पुसा (36) के रूप में हुई है।

मंगलवार को सिटी एसपी ने प्रेस वार्ता कर पूरे मामले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छह अप्रैल को पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि परसुडीह का एक युवक बारीडीह क्षेत्र में संदिग्ध रूप से घूम रहा है। सूचना के सत्यापन के लिए पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय-1 के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने बारीडीह गोलचक्कर के पास संदिग्ध की तलाश शुरू की। इसी दौरान काशाई रोड के पास आरोपित दिखाई दिया। पुलिस को देखते ही वह भागने लगा, लेकिन पुलिस टीम ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से कुल 3.71 ग्राम गांजा बरामद किया गया, जिसकी कीमत लगभग डेढ़ लाख रुपये बताई जा रही है।

पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपित पहले से ही आपराधिक प्रवृत्ति का है और दो बार जेल जा चुका है। एक मामला परसुडीह में चोरी से जुड़ा है, जबकि दूसरा एनडीपीएस एक्ट के तहत पंजाब के अमृतसर में दर्ज है। फिलहाल सिदगोड़ा थाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है और आगे की कार्रवाई जारी है।

## बाइक चोर गिरोह का सरगना गिरफ्तार, तीन बाइक बरामद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम** : कदमा थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए बाइक चोरी करने वाले गिरोह के मुख्य सरगना को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सोनू करुआ उर्फ लोलो के रूप में हुई है, जो भाटिया बस्ती गोस्वामी पथ का निवासी बताया जा रहा है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर चोरी की तीन बाइक भी बरामद की है।

मामले का खुलासा करते हुए डीएसपी मुख्यालय-2 मनोज ठाकुर ने मंगलवार को बताया कि सोमवार को कदमा-सोनारी लिंक रोड के पास वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान पुलिस की नजर एक संदिग्ध बाइक सवार पर पड़ी। जब उसे रोका गया और जांच की गई तो बाइक पर लगी नंबर प्लेट फर्जी पाई गई।

इसके बाद पुलिस ने तत्काल आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपी ने बाइक चोरी की कई घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से चोरी की तीन बाइक बरामद कर ली।

पुलिस के अनुसार, सोनू करुआ का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है और वह लंबे समय से बाइक चोरी की घटनाओं में सक्रिय था। फिलहाल पुलिस उससे गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में जानकारी जुटा रही है और आगे की कार्रवाई जारी है।

## सरकारी जमीन पर अतिक्रमण के खिलाफ चला बुलडोजर, अवैध निर्माण को किया ध्वस्त



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम** : पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका थाना क्षेत्र अंतर्गत तुड़ी मौजा में सरकारी जमीन पर किए गए अतिक्रमण के खिलाफ मंगलवार को प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए बुलडोजर चलाकर अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। यह कार्रवाई पोटका की अंचलाधिकारी निकिता बाला के निर्देश पर की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, तुड़ी मौजा में ठेकेदार रंजीत मिश्रा, जमशेदपुर रिसोर्सेज प्राइवेट लिमिटेड और मनोज कुमार सिंह द्वारा सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर निर्माण कार्य किया जा रहा था। मामले की जानकारी मिलने के बाद अंचलाधिकारी ने जेपीएलई के तहत केस दर्ज करते हुए संबंधित पक्षों को निर्धारित समय सीमा के भीतर अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया था।

हालांकि तय समय सीमा समाप्त होने के बावजूद किसी भी पक्ष ने अतिक्रमण नहीं हटाया। इसके बाद जिला प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए अतिक्रमण हटाने का निर्णय लिया। कार्रवाई के दौरान सीआई हेमंत कुमार और राजस्व कर्मचारी शांति राम षाड़ंगी को दंडाधिकारी के रूप में तैनात किया गया, वहीं भारी संख्या में पुलिस बल की मौजूदगी में पूरे क्षेत्र को खाली कराया गया। प्रशासनिक टीम ने मौके पर पहुंचकर रंजीत मिश्रा, मनोज कुमार सिंह और संबंधित कंपनी द्वारा किए गए अवैध निर्माण को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया। पूरी कार्रवाई शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराई गई।

अंचलाधिकारी निकिता बाला ने स्पष्ट कहा कि क्षेत्र में जहां कहीं भी अतिक्रमण की सूचना मिलेगी, वहां प्रशासन इसी तरह सख्त कार्रवाई करेगा। उन्होंने बताया कि सभी अतिक्रमणकारियों को पहले ही नोटिस देकर समय दिया गया था, लेकिन निर्देशों का पालन नहीं करने पर मजबूरन यह कार्रवाई करनी पड़ी।

## लोको पायलटों को अग्नि सुरक्षा का दिया गया विशेष प्रशिक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम** : रेल सिविल डिफेंस की ओर से मंगलवार को इलेक्ट्रिक लोको पायलट ट्रेनिंग सेंटर में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर प्रशिक्षणार्थी लोको पायलटों को आग लगने की स्थिति में त्वचा जलने के प्रकार, उसकी पहचान, प्राथमिक उपचार और मुआवजा मूल्यांकन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए रेल सिविल डिफेंस इंस्पेक्टर संतोष कुमार ने लोको पायलटों को अपने कर्तव्यों के प्रति राष्ट्रीय भावना के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया और आपदा की स्थिति में तत्परता से सेवा देने की शपथ दिलाई। इसके बाद उन्होंने आग से झुलसने की विभिन्न अवस्थाओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने समझाया कि फर्स्ट डिग्री बर्न में त्वचा की ऊपरी परत लाल हो जाती है, सेकंड डिग्री में त्वचा की ऊपरी व निचली परत प्रभावित होती है और फफोले के साथ तेज दर्द होता है। थर्ड डिग्री बर्न में त्वचा की सभी परतें नष्ट हो जाती हैं और नसों तक असर पहुंचता है, जबकि चौथी डिग्री बर्न में जलन हड्डियों तक पहुंच जाती है, जो अत्यंत गंभीर स्थिति मानी जाती है।

प्राथमिक उपचार के संबंध में बताया गया कि फर्स्ट डिग्री बर्न की स्थिति में प्रभावित हिस्से को 10 से 15 मिनट तक ठंडे पानी में रखना चाहिए। सेकंड डिग्री में छोटे छालों पर एंटीबायोटिक क्रीम लगाकर साफ पट्टी बांधनी चाहिए, जबकि थर्ड और चौथी डिग्री बर्न होने पर संक्रमण का खतरा अधिक होता है, इसलिए ऐसे मरीजों को तुरंत अस्पताल पहुंचाना आवश्यक है।

दूसरे सत्र में डेमोंस्ट्रेटर शंकर कुमार प्रसाद ने अग्निशमन उपकरणों के उपयोग, उनके संचालन के नियमों और सावधानियों की जानकारी दी।

# समय पर नहीं चलीं यात्री गाड़ियां तो रोकी जाएंगी मालगाड़ियां : सरयू राय

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**पूर्वी सिंहभूम** : विधायक सरयू राय ने ट्रेनों की लगातार लेटलतीफी के खिलाफ आयोजित धरना में रेल प्रशासन पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यदि यात्री ट्रेनों को समय पर नहीं चलाया गया तो जनता विवश होकर मालगाड़ियों को रोकने का आंदोलन करेगी। उन्होंने यह भी घोषणा किया कि जल्द ही 20-21 लोगों की एक समिति बनाई जाएगी, जो इस मुद्दे को संगठित रूप से उठाएगी और आवश्यकता पड़ने पर दिल्ली जाकर रेलवे बोर्ड के चेयरमैन और रेल मंत्री से मुलाकात करेगी।

उन्होंने कहा कि शुरूआत उन्होंने अकेले की थी, लेकिन यह मुद्दा आम जनता से जुड़ा होने के कारण कई संगठनों ने समर्थन दिया। अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन, चेंबर ऑफ कॉमर्स, आजसू, विश्व हिंदू परिषद, आदिवासी हो समाज, मुंडा समाज, उगता भारत संस्था और चित्रगुप्त कल्याण समिति सहित कई संगठनों ने इस आंदोलन में भागीदारी निभाई। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह राजनीतिक नहीं बल्कि जनहित का मुद्दा है, इसलिए सभी दलों और वर्गों को मिलकर इसे उठाना चाहिए।

सरयू राय ने कहा कि टाटानगर आने-जाने वाली यात्री ट्रेनें चार से पांच घंटे तक विलंब से चल रही हैं, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मजदूरों की रोजी-रोटी प्रभावित हो रही है और परिवारों को बीच रास्ते में घंटों इंतजार करना पड़ता है। उन्होंने आरोप लगाया कि रेलवे यात्री ट्रेनों को रोककर मालगाड़ियों को प्राथमिकता दे रहा है, जबकि थोड़ी देरी से माल पहुंचने पर व्यापारियों को ज्यादा नुकसान नहीं होता।

उन्होंने चक्रधरपुर रेल मंडल की उपेक्षा का भी आरोप लगाया और कहा कि अन्य मंडलों में जो कार्य पहले ही पूरे हो चुके हैं, वे यहां अभी शुरू हो रहे हैं। कार्यक्रम में शिवशंकर सिंह, सुबोध श्रीवास्तव, हेमंत पाठक, कन्हैया सिंह, मानव केडिया, अजय कुमार, पवन सिंह, अंजलि सिंह, प्रवीण सिंह, आफताब अहमद सिद्दिकी, अजय कुमार गुप्ता, गोमिया सुंडी, राजू सिंह और भास्कर मुखी सहित कई लोगों ने संबोधन किया।

संक्षिप्त खबरें

### हत्या के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**पूर्वी सिंहभूम** : सुंदरनगर थाना क्षेत्र में मारपीट के दौरान हुई हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मंगलवार को छापेमारी कर रेंगटाडीह निवासी बुधराय उर्फ अंदूल (20) को पकड़ लिया गया। थाना प्रभारी अजीत मुंडा ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है और मामले की जांच जारी है। उन्होंने यह भी बताया कि घटना के दौरान आरोपी को भी चोटें आई थीं, जिसका इलाज सदर अस्पताल में कराया गया है। घटना सोमवार की सुबह की है, जब आरोपी अंदूल शराब के नशे में कदमडीह स्थित परमेश्वर सिंह सरदार (40) के घर में घुस गया था। घर में घुसकर वह खटिया पर बैठ गया और मना करने पर हंगामा करने लगा। इस दौरान उसने परमेश्वर की मां पर पत्थर फेंका और घर में तोड़फोड़ की। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार, जब परमेश्वर को इस घटना की जानकारी मिली तो वह आरोपित के घर पहुंचा और उससे कारण पूछने लगा। इसी दौरान दोनों के बीच विवाद बढ़ गया और मारपीट शुरू हो गई। आरोप है कि मारपीट के दौरान अंदूल ने परमेश्वर की बुरी तरह पिटाई कर दी, जिससे उसकी मौत हो गई। इस हत्याकांड की जानकारी मृतक के परिजनों को काफी देर से हुई। जब उन्हें घटना का पता चला तो उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई शुरू करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक परमेश्वर सिंह सरदार सुंदरनगर थाना क्षेत्र के गोराडीह भूमिज टोला का निवासी था और अपने परिवार का मुखिया था। उसके परिवार में पत्नी, दो बच्चे और मां हैं। मामले में पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आपसी विवाद में हुई मारपीट का है, लेकिन सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है।

### ऑटो से 264 बोतल अवैध विदेशी शराब बरामद, चालक गिरफ्तार



**पूर्वी सिंहभूम** : जिला में अवैध शराब के खिलाफ उत्पाद विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए लगातार छापेमारी अभियान तेज कर दिया है। इसी कड़ी में सहायक आयुक्त उत्पाद के निर्देश पर 06 अप्रैल 2026 को उलीडीह स्थित डिमना रोड पर इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के पास विशेष कार्रवाई की गई। इस दौरान एक ऑटो ( जेएच 05 बीपी 9923) को संदेह के आधार पर रोका गया और उसकी तलाशी ली गई। तलाशी के क्रम में ऑटो से कुल 264 प्लास्टिक बोतलों में भरी अवैध विदेशी शराब बरामद की गई, जिसे अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा था। मौके पर ही ऑटो चालक अभिमन्यु कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में शराब तस्करी से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण सुराग भी मिले हैं, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई तेज कर दी गई है। गिरफ्तार चालक को मंगलवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। वहीं इस मामले में संलिप्त कुख्यात शराब कारोबारी नीरज गुप्ता सहित उसके अन्य सहयोगियों के खिलाफ भी उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। विभाग की ओर से उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। उत्पाद विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जिले में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण, बिक्री और परिवहन पर पूरी तरह रोक लगाने के उद्देश्य से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी और अवैध कारोबार में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

### शहीद की पत्नी को आवास निर्माण के लिए भूमि बंदोबस्ती की स्वीकृति



**पश्चिमी सिंहभूम** : देश की रक्षा करते हुए श्रीनगर में आतंकियों के साथ मुठभेड़ में वीरगति को प्राप्त हुए जवान सेलाय कुदादा के परिवार के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए झारखंड सरकार ने उनकी पत्नी बुधनी कुदादा को आवास निर्माण के लिए जमीन आवंटित करने की स्वीकृति दी है। राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग की ओर से पूर्व में जारी संकल्प के तहत यह कार्रवाई की गई है। मंगलवार को जिला उपायुक्त चंदन कुमार ने खूंटपानी अंचल के मौजा अंकोलकुटी स्थित गैरमजरूआ खास भूमि को आवास निर्माण के लिए बंदोबस्त करने की अनुमति प्रदान की। प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार, थाना संख्या-37 के अंतर्गत खाता संख्या-01, प्लॉट संख्या-351 की कुल 12.5 डिसमील भूमि शहीद की पत्नी बुधनी कुदादा के नाम स्वीकृत की गई है। इस जमीन पर अब वे अपना घर बना सकेंगी, जिससे उनके परिवार को स्थायी आवास की सुविधा मिल सकेगी। स्थानीय लोगों ने राज्य सरकार के इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि यह कदम न केवल शहीद परिवार को आर्थिक सहारा देगा, बल्कि समाज में उनके सम्मान को भी और सुदृढ़ करेगा। लोगों का मानना है कि इस तरह की पहल अन्य परिवारों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी और शहीदों के प्रति समाज में सम्मान की भावना को और मजबूत करेगी।

### होमगार्ड बहाली प्रक्रिया का डीसी और एसपी ने किया निरीक्षण

**चतरा** : जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 01 अप्रैल से चल रही होमगार्ड बहाली प्रक्रिया का उपायुक्त कीर्तिश्री ने मंगलवार को निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने बहाली प्रक्रिया के विभिन्न चरणों पंजीकरण, शारीरिक दक्षता परीक्षा और दस्तावेज सत्यापन का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने अभ्यर्थियों से बात कर उनकी समस्याएं, सुझाव और अनुभव भी सुने। मौके पर अभ्यर्थियों ने व्यवस्था को संतोषजनक बताते हुए सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। इसपर उपायुक्त ने संतोष व्यक्त किया। साथ ही प्राप्त सुझावों पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि बहाली प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, निष्पक्ष और व्यवस्थित तरीके से संपन्न होनी चाहिए। उन्होंने अभ्यर्थियों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए पेयजल, छाया, चिकित्सा सुविधा, शौचालय और विश्राम स्थल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त उन्होंने प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों को विधि-व्यवस्था बनाए रखने और अभ्यर्थियों के साथ संवेदनशील एवं सौहार्दपूर्ण व्यवहार करने को कहा। उपायुक्त ने कहा कि यह बहाली प्रक्रिया जिले के युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। इसलिए सभी संबंधित अधिकारी इसे जिम्मेदारी और सजगता के साथ सफल बनाएं। मौके पर पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, जिला नियोजन पदाधिकारी मन्नू कुमार सहित अन्य पदाधिकारी, दंडाधिकारी और पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

## संक्षिप्त डायरी

## बिहार में ट्रेन से कटकर बुजुर्ग की मौत, लखीसराय जाने के दौरान हुआ हादसा

**पटना (एजेंसी)** बिहार के बड़हिया में ट्रेन से कटकर एक युवक की मौत हो गई. मृतक की पहचान राम रतन झा के रूप में हुई है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची. बुजुर्ग के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया. फिलहाल, पुलिस घटना की जांच में जुटी है. बिहार में किऊल-मोकामा रेल खंड के बड़हिया रेलवे स्टेशन के पास मंगलवार को एक अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से 60 साल के बुजुर्ग की मौत हो गई. मृतक की पहचान बड़हिया प्रखंड के वीरुपुर निवासी राम रतन झा के रूप में की गई है. बताया जा रहा है कि वे किसी जरूरी काम से ट्रेन से लखीसराय जा रहे थे. इसी दौरान यह हादसा हो गया. मौके पर मौजूद लोगों ने क्या बताया? मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार, ट्रेन की चपेट में आने से शव बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गया था, जिससे पहचान करना मुश्किल हो रहा था. बाद में उनके पास से मिले बैंक पासबुक के आधार पर उनकी पहचान की गई. घटना की सूचना मिलते ही रेल पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, लखीसराय भेज दिया. जीआरपी थानाध्यक्ष ने घटना के बारे में क्या बताया इस घटना के संबंध में जीआरपी थानाध्यक्ष रामशंकर कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है. साथ ही यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि हादसा किन परिस्थितियों में हुआ. फिलहाल इस घटना से इलाके में शोक का माहौल है.

## बिहार में स्कूल से नशे में धुत होकर घर लौटा चौथी का छात्र

**पटना (एजेंसी)** बिहार में लागू शराबबंदी कानून पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं. बेगूसराय जिले से सामने आई इस घटना ने सभी को हैरान कर दिया, जहां चौथी कक्षा का एक छात्र स्कूल से नशे में धुत्त होकर घर पहुंच गया. बिहार में पूर्ण शराबबंदी लागू हुए पूरे 10 साल बीत चुके हैं, लेकिन बेगूसराय से आई एक खबर ने सुशासन के दावों की धज्जियां उड़ा दी हैं. जिले के सिसवा गांव में सोमवार को एक ऐसी घटना घटी जिसने न केवल शिक्षा व्यवस्था बल्कि पुलिसिया इकबाल पर भी सवालिया निशान लगा दिया है. प्राथमिक विद्यालय का एक 11 वर्षीय छात्र जब स्कूल से लड़खड़ाते हुए और नशे में धुत होकर घर पहुंचा, तो परिजनों के पैरों तले जमीन खिसक गई. स्कूल के टॉयलेट में शराब गोदाम बेगूसराय के बछवारा थाना क्षेत्र स्थित प्राथमिक विद्यालय सिसवा में चौथी कक्षा का छात्र मोहम्मद परवेज आलम का पुत्र सोमवार को रोज की तरह स्कूल गया था. स्कूल परिसर के पूर्वी भाग में एक जर्जर टॉयलेट है, जिसे तस्करों ने सुरक्षित गोदाम समझ बना दिया था. मासूम बच्चा जब वहां पहुंचा, तो उसने शराब की बोतलों से भरे कार्टून देखे. नासमझी में बच्चे ने बोतल खोलकर शराब पी ली. कुछ ही देर में शराब का असर हुआ और बच्चा नशे में झूमने लगा. जब वह गिरते-पड़ते अपने घर पहुंचा और उसकी मां रिजवाना खातून ने उसकी हालत देखी, तो कोहराम मच गया. बच्चे के मुंह से शराब की तेज दुर्गंध आ रही थी और उसकी स्थिति काफी गंभीर थी. पुलिस की छापेमारी परिजनों ने जब बच्चे के दोस्तों से पूछताछ की, तो स्कूल के शौचालय में शराब छिपे होने का राज खुला. आनन-फानन में परिजन स्कूल पहुंचे और प्रधानाध्यापक मोहम्मद मुशार्ली को इसकी जानकारी दी. जब हेडमास्टर और ग्रामीणों ने टॉयलेट का दरवाजा खोला, तो वहां विदेशी शराब की पेटियों का अंबार लगा था. सूचना मिलते ही बछवारा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और वहां से करीब 204 लीटर विदेशी शराब (23 कार्टून) जब्त की. जांच के घेरे में स्कूल प्रशासन और स्थानीय पुलिस इस घटना के बाद से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है. सवाल उठ रहे हैं कि आखिर स्कूल के वर्किंग आवर्स के दौरान तस्कर इतनी बड़ी खेप अंदर कैसे ले आए? क्या इसमें किसी स्थानीय मिलीभगत की संभावना है? फिलहाल पुलिस ने अज्ञात तस्करों के खिलाफ नामजद ऋक्षऋदर्ज कर ली है और मामले की गहराई से जांच की जा रही है. मासूम छात्र का प्राथमिक उपचार कराया गया है और अब उसकी हालत खतरे से बाहर है.

## पटना में गैस बुकिंग के बाद 10 दिन का इंतजार

**पटना (एजेंसी)** पटना में एलपीजी गैस की किल्लत अब गंभीर संकट का रूप लेती जा रही है. तेल कंपनियों के दावों के बावजूद बैकलॉग लगातार बढ़ रहा है. सिर्फ 6 दिनों में ही 21 हजार से ज्यादा सिलेंडरों का बैकलॉग बढ़ गया है, जिससे आम लोग परेशान हैं और सप्लाई सिस्टम पर भारी दबाव बन गया है. पटना में एलपीजी सप्लाई चेन को बुरी तरह बिखर गई है. आलम यह है कि महज छह दिनों के भीतर पटना में गैस का बैकलॉग 21 हजार से ज्यादा बढ़कर 1.63 लाख के पार पहुंच गया है.आम लोगों के लिए स्थिति यह हो गई है कि जो सिलेंडर पहले बुकिंग के दो-तीन दिनों में मिल जाता था, उसके लिए अब 10 दिनों से ज्यादा का इंतजार करना पड़ रहा है. गैस एजेंसियों के बाहर सुबह से ही लोगों की लंबी लाइनें प्रशासन की चुनौतियों को बयां कर रहे हैं. एक्शन मोड में मुख्य सचिव संकट की गंभीरता को देखते हुए मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने सोमवार को क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप (सीएमजी) की आपात बैठक बुलाई. मुख्य सचिव ने तेल कंपनियों के प्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों को दो-टूक शब्दों में निर्देश दिया है कि आमलोगों की परेशानी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और हर हाल में इस बैकलॉग को खत्म करना होगा. उन्होंने पीएनजी पाइपलाइन कार्यों की धीमी रफ्तार पर भी गहरी नाराजगी जाहिर की और कहा कि यदि मिशन मोड में काम नहीं हुआ और लक्ष्य पूरे नहीं हुए, तो दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी. सरकार का स्पष्ट मानना है कि सप्लाई चेन में आ रही बाधाओं को युद्ध के बहाने टाला नहीं जा सकता. सरकार भविष्य के संकट से निपटने के लिए पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) कनेक्शनों को बढ़ाने पर जोर दे रही है.

## पटना से उड़ेगा हेली टूरिज्म, अब मिनटों में घूमिए बिहार के 8 बड़े टूरिस्ट स्पॉट

**पटना (एजेंसी)** बिहार सरकार बहुत जल्द पटना से हेलीकॉप्टर के जरिए प्रमुख ऐतिहासिक, धार्मिक और प्राकृतिक स्थलों तक सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी. हेली टूरिज्म योजना के तहत 8 बड़े टूरिस्ट स्पॉट्स को जोड़ा जाएगा, जिससे कम समय में ज्यादा जगह घूमना संभव हो सकेगा. बिहार की धरती, जो अपने गौरवशाली इतिहास और आध्यात्मिक विरासत के लिए पूरी दुनिया में जानी जाती है, अब एक नए अवतार में पर्यटकों का स्वागत करने के लिए तैयार है. अगर आप भी घंटों के सफर और ट्रैफिक से बचकर बिहार की सांस्कृतिक विरासत को करीब से निहारना चाहते हैं, तो बिहार सरकार ने राज्य के आठ प्रमुख ऐतिहासिक और आध्यात्मिक स्थलों को जोड़ने के लिए ह्नहेली टूरिज्मह्न सेवा का खाका तैयार कर लिया है. नागरिक उड्डयन विभाग की इस पहल से अब पटना से बोधगया या नालंदा पहुंचना महज कुछ मिनटों का खेल होगा. किन-किन जगहों तक मिलेगी हवाई सुविधा? राज्य सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का मुख्य उद्देश्य पर्यटकों को कम समय में विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान करना है. इस सेवा के जरिए पटना को सीधे बोधगया, यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल नालंदा, राजगीर, वैशाली, पावापुरी, पटना साहिब, विक्रमशिला और वाल्मीकि टाइगर रिजर्व जैसे महत्वपूर्ण केंद्रों से जोड़ा जाएगा. विभाग ने इस सेवा के संचालन के लिए अनुभवी ऑपरेटरों से ह्नएक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट (एडक) की मांग की है, पांच साल का लंबा करार हेली टूरिज्म को स्थायित्व देने के लिए सरकार ने ठोस रणनीति बनाई है. चयनित ऑपरेटरों के साथ शुरूआती तौर पर पांच वर्षों का अनुबंध किया जाएगा

# बिहार में 'सम्राट' युग की आहट! 15 अप्रैल को गांधी मैदान में शपथ ग्रहण की तैयारी



**पटना (एजेंसी)** बिहार के अगले मुख्यमंत्री को लेकर बड़ा संकेत, सामने आया है. सम्राट चौधरी के नाम पर सहमति लगभग तय मानी जा रही है. 15 अप्रैल को शपथ समारोह की तैयारी, पीएम मोदी के शामिल होने की संभावना. बिहार के राजनीतिक गलियारे से महत्वपूर्ण खबर आ रही है. खबर ये कि बिहार के अगले मुख्यमंत्री के नाम पर मोहर लग गई है. हालांकि इसे ऐलान के बाद ही पुष्ट माना जाएगा. क्योंकि बीजेपी चौंकाने में माहिर है. मगर, प्रभात खबर डॉट कॉम को मिल रही जानकारी के अनुसार बिहार के अगले मुख्यमंत्री के नाम पर अब कोई कन्फ्यूजन नहीं है. नए सीएम के शपथ की तैयारी शुरू यहां तक तय हो गया है कि खरमास के बाद यानी 15 तारीख को पटना के गांधी मैदान में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाना है. बता दें कि प्रभात खबर डॉट कॉम ये पहले भी बता चुका है कि 18 तारीख से पहले बिहार को नया मुख्यमंत्री मिल जाना है. जिसके लिए तैयारी भी शुरू हो गई. नरेंद्र मोदी भी हो सकते हैं शामिल अब तक जो जानकारी आ रही है उसके अनुसार बीजेपी का मुख्यमंत्री बनना तय है. शपथ ग्रहण समारोह को बीजेपी व्यापक रूप देने की तैयारी में है. ताकि इस आयोजन के जरिए पूरे प्रदेश को संदेश दे सके. इसलिए इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भी शामिल होने की संभावना है. तैयारी इसी बात को ध्यान में रखकर की जा रही है. ताकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इस कार्यक्रम में हिस्सा ले सकें. कंफ्यूजन खत्म? बीजेपी के करीबी सूत्रों से मिली जानकारी में यह स्पष्ट कहा जा रहा है कि नीतीश कुमार सम्राट चौधरी के नाम पर मोहर लगा दी है. यह बात उस बातचीत के हवाले से कही जा रही है कि नीतीश कुमार और भाजपा के एक वरिष्ठ नेता के बीच इस पर इशारों में चर्चा हुई. नीतीश कुमार ने पूछा कि बीजेपी अपनी ओर से किस चेहरे पर विचार कर रही है! इस पर भाजपा के एक वरिष्ठ नेता से कहा, जो आप सोच हैं. इशारों में हुई इस बातचीत के अनुसार अब यह कयास लगाए जा रहे हैं कि वह नाम सम्राट चौधरी का हो सकता है. क्यों लग रहे पुख्ता कयास ऐसा इसलिए क्योंकि बीजेपी सम्राट चौधरी के नाम को लगातार प्रोजेक्ट कर रही है. इतना ही नहीं सीएम नीतीश भी सम्राट चौधरी को प्रोजेक्ट करते नजर आए हैं. वहीं, तीसरी ओर भारतीय जनता पार्टी के करीबी नेताओं का यह भी मानना है कि सम्राट चौधरी नीतीश कुमार के साथ अच छी बाउंडेशन बना चुके हैं. नीतीश भी सम्राट चौधरी के साथ सहज हो गए हैं. बीजेपी न तो नीतीश कुमार के खिलाफ जाना चाहेगी और न ही उन्हें चौंकाना चाहेगी. ऐसे में इस बात का पुख्ता प्रमाण मिल रहे हैं कि बीजेपी की ओर से सम्राट चौधरी को ही मुख्यमंत्री बनाने पर सहमति बन गई है. बिहार से स्टार प्रचारक केवल सम्राट इधर, गौर करने वाली बात ये भी है कि बिहार भाजपा की ओर से केवल एक ही नाम बंगाल में स्टार प्रचारक बनाया गया है. वह सम्राट चौधरी का नाम है. इसके अलावा मंगल पांडे (Mangal Pandey) बंगाल के प्रभारी हैं और नितिन नवीन (NitinNabin) राष्ट्रीय अध्यक्ष. ऐसे में इन दोनों नामों का स्टार प्रचारकों में होना अनिवार्य है. मगर, सम्राट चौधरी के नाम को शामिल करना महत्वपूर्ण माना जा रहा है.

## गर्मी छुट्टियों में दानापुर से पुणे और मुंबई जाना हुआ आसान, रेलवे ने शुरू की समर स्पेशल ट्रेनें

**पटना (एजेंसी)** समर वेकेशन में यात्रियों की बढ़ती भीड़ को संभालने के लिए रेलवे ने खास तैयारी की है. दानापुर से पुणे और मुंबई, साथ ही समस्तीपुर से मुंबई के लिए समर स्पेशल ट्रेन शुरू किया जा रहा है. इससे बिहार के हजारों यात्रियों को कन्फर्म टिकट और आरामदायक सफर में बड़ी राहत मिलेगी गर्मी की छुट्टियों के दौरान ट्रेनों में होने वाली भारी भीड़ और लंबी वेटिंग लिस्ट को देखते हुए पूर्व मध्य रेलवे (एडफ) ने दानापुर और समस्तीपुर से महाराष्ट्र के प्रमुख शहरों के लिए समर स्पेशल ट्रेनों के चलाने का ऐलान किया है. रेलवे ने दानापुर से पुणे और मुंबई (लोकमान्य तिलक टर्मिनल) के लिए प्रतिदिन विशेष ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है, जो जुलाई के मध्य तक सेवा में रहेंगी. दानापुर से पुणे और मुंबई के लिए अब डेली सर्विस पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र के अनुसार, यात्रियों की अतिरिक्त सुविधा के लिए पुणे-दानापुर स्पेशल (ट्रेन संख्या 01449) 15 जुलाई तक प्रतिदिन पुणे से दोपहर 3:30 बजे रवाना होगी और तीसरे दिन तड़के दानापुर पहुंचेगी. दानापुर से हडपसर (पुणे) के लिए स्पेशल ट्रेन (01450) 17 जुलाई तक रोजाना सुबह 5:00 बजे खुलेगी. इसी तरह, मुंबई जाने वालों के लिए लोकमान्य तिलक टर्मिनल से दानापुर के बीच (ट्रेन संख्या 01143/01144) भी प्रतिदिन विशेष ट्रेनें चलाई जा रही हैं. दानापुर से यह ट्रेन रात 9:30 बजे रवाना होगी, जिससे कामकाजी लोगों को काफी सुविधा मिलेगी. समस्तीपुर के यात्रियों को भी मिला मुंबई का तोहफा सिर्फ पटना या दानापुर ही नहीं, बल्कि समस्तीपुर और उत्तर बिहार के यात्रियों के लिए भी राहत भरी खबर है. लोकमान्य तिलक-समस्तीपुर स्पेशल (ट्रेन संख्या 01043) 21 अप्रैल से 14 जुलाई तक प्रत्येक मंगलवार को मुंबई से रवाना होगी. वापसी में समस्तीपुर-लोकमान्य तिलक स्पेशल (01044) 23 अप्रैल से 16 जुलाई तक हर गुरुवार को सुबह 3:00 बजे समस्तीपुर से खुलेगी. साप्ताहिक होने के बावजूद इस ट्रेन से मिथिलांचल और आसपास के जिलों के यात्रियों को मुंबई पहुंचने में काफी सहूलियत होगी. इन स्पेशल ट्रेनों के चलने से न केवल नियमित ट्रेनों पर दबाव कम होगा, बल्कि बिहार के उन प्रवासियों को भी घर आने-जाने में आसानी होगी जो मुंबई और पुणे जैसे महानगरों में नौकरी या पढ़ाई करते हैं.

## राजगीर जाकर रोपवे का मजा लेने की कर रहे प्लानिंग, तो रुक जाइए

**पटना (एजेंसी)** राजगीर जाकर रोपवे का मजा लेने की प्लानिंग कर रहे लोगों के लिए जरूरी खबर है. रोपवे पर 12 दिनों के लिए ब्रेक लग गया है. हर रोज काफी संख्या में लोग यहां घूमने के लिए पहुंचते हैं. इसके अलावा राजगीर में जल्द ही मलमास मेले का भी आयोजन होने वाला है. राजगीर के रोपवे का मजा 8 अप्रैल से 20 अप्रैल तक टूरिस्ट नहीं ले सकेंगे. रत्नागिरी पर्वत पर स्थित रोपवे भारत का सबसे पुराना और प्रसिद्ध माना जाता है. रोपवे के जरिए लोग खूबसूरत वादियों का आनंद ले पाते हैं. हर रोज काफी संख्या में लोग राजगीर घूमने के लिए पहुंचते हैं. ग्लाज ब्रिज, जू सफारी, तालकटोरा झील के अलावा यहां कई टूरिस्टों के लिए फेमस जगहें हैं. इस वजह से रोपवे पर लगा ब्रेक जानकारी के मुताबिक, तकनीकी मेंटेनेंस और सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए इसे 12 दिनों के लिए बंद कर दिया गया है. अब से कुछ ही दिनों में राजगीर में मलमास मेले का भी आयोजन होने वाला है, जिसमें सिर्फ देश ही नहीं बल्कि दूसरे देशों से भी श्रद्धालु यहां घूमने पहुंचते हैं. श्रद्धालुओं और टूरिस्टों की भारी उमड़ने की संभावना को देखते हुए रोपवे की सुरक्षा अनिवार्य है और इसी वजह से कुछ दिनों के लिए ब्रेक लगा दिया गया है. प्रबंधक ने क्या दी जानकारी? यहां के प्रबंधक की ओर से बताया गया कि किसी भी तरह की अनहोनी को रोकने और तकनीकी खराबी को देखते हुए मेंटेनेंस का काम जरूरी होता है. 12 दिनों के बीच मेंटेनेंस का काम पूरा कर लिए जाने के बाद 21 अप्रैल से टूरिस्ट फिर से रोपवे का मजा ले सकते हैं. विश्व शांति स्तूप तक रोपवे के जरिए पहुंचना बेहद आसान है. लेकिन रोपवे पर ब्रेक लगने से टूरिस्ट पहाड़ के रास्ते शांति स्तूप तक पहुंच सकते हैं. पटना-राजगीर के बीच रेगुलर ट्रेन इससे पहले रेलवे की ओर से भी राजगीर जाने वाले यात्रियों के लिए राहत भरा फैसला लिया गया था

## डिप्टी सीएम विजय सिन्हा आज DCLR के साथ करेंगे बैठक, इन मुद्दों पर होगी चर्चा



**पटना (एजेंसी)** बिहार में राजस्व कर्मचारियों की हड़ताल जारी है. इस बीच आज डिप्टी सीएम विजय सिन्हा डीसीएलआर के साथ बैठक करेंगे. मुख्य रूप से राज्य में जमीन से जुड़े मामलों के निपटारे को लेकर इस बैठक में चर्चा की जा सकती है. राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की ओर से मंगलवार (7 अप्रैल) को राज्य के सभी भूमि सुधार उपसमाहताओं (डीसीएलआर) की बैठक आयोजित की गई है. यह बैठक पटना के पुराने सचिवालय में होगी. इस दौरान दाखिल-खारिज, अपील वाद, राजस्व वसूली और लैंड बैंक से जुड़े काम को लेकर डिटेल समीक्षा होगी. डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने क्या कहा? उपमुख्यमंत्री सह राजस्व मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि, जमीन संबंधी मामलों में पारदर्शिता और तेजी लाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है. उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि लंबित मामलों का जल्द ही निष्पादन सुनिश्चित किया जाए ताकि आम लोगों को अनावश्यक परेशानी न हो. दो सेशन में पूरी होगी बैठक जानकारी के मुताबिक, बैठक के पहले सेशन में प्रधान सचिव सीके अनिल विभागीय कार्यों की समीक्षा करेंगे. इसमें 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक दाखिल-खारिज, बीएलडीआर और मापी अपील वादों के निष्पादन की प्रगति का आकलन किया जाएगा. साथ ही राजस्व वसूली, लैंड बैंक के लिए चिह्नित जमीन के वेरिफिकेशन और अंचल स्तर पर निरीक्षण की स्थिति पर भी चर्चा होगी. दूसरे सेशन में डीसीएलआर के लिए कोर्ट केस ऑर्डर लिखने का टेस्ट और ट्रेनिंग आयोजित किया जाएगा, ताकि न्यायिक कार्यों की गुणवत्ता और दक्षता में सुधार हो सके. अधिकारियों को लैपटॉप, डोंगल और केस से जुड़े डॉक्यूमेंट्स के साथ उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है. इन सभी लोगों को भी दी जा रही ट्रेनिंग डिप्टी सीएम विजय सिन्हा की ओर से यह भी कहा गया कि हड़ताल के कारण जिन नए लोगों को चार्ज दिया गया है उन्हें भी ट्रेनिंग दी जा रही है. जमीन से जुड़ा कोई भी काम बाधित ना हो, इसके लिए तैयारी की जा रही है. समीक्षा और ट्रेनिंग से राजस्व से जुड़े अधिकारियों की वर्किंग कैपेसिटी बढ़ेगी और समस्याओं के समाधान में भी तेजी आएगी.

## राजेंद्र नगर टर्मिनल के नीचे इंजीनियरिंग का कमाल, रेलवे पटरियों के नीचे बिना रुके चल रही विशाल TBM मशीनें



**पटना (एजेंसी)** पटना मेट्रो का निर्माण अब सिर्फ एक प्रोजेक्ट नहीं, बल्कि इंजीनियरिंग का शानदार उदाहरण बनता जा रहा है. शहर के सबसे व्यस्त इलाकों में से एक राजेंद्र नगर टर्मिनल के नीचे बिना किसी रुकावट के सुरंग निर्माण जारी है. टनल बोरिंग मशीनें दिन-रात काम कर रही हैं और ऊपर से गुजरती ट्रेनों के बावजूद निर्माण में कोई बाधा नहीं आ रही. पटना मेट्रो प्रोजेक्ट के तहत राजेंद्र नगर टर्मिनल के नीचे चल रहा निर्माण कार्य आधुनिक इंजीनियरिंग का एक ऐसा अद्भुत उदाहरण पेश कर रहा है. शहर के सबसे व्यस्त रेलवे स्टेशनों में से एक, राजेंद्र नगर टर्मिनल की पटरियों के ठीक नीचे विशालकाय टनल बोरिंग मशीनें दिन-रात खुदाई कर रही हैं. सबसे खास बात यह है कि ऊपर ट्रेनों की आवाजाही पर इसका रत्ती भर भी असर नहीं पड़ रहा है. यह प्रोजेक्ट न केवल पटना की परिवहन व्यवस्था को बदलेगा, बल्कि यह साबित कर रहा है कि सही तकनीक और सटीक योजना से किसी भी भौगोलिक चुनौती को जीता जा सकता है. बिना रुके बन रही सुरंग राजेंद्र नगर रेलवे स्टेशन के नीचे सुरंग बनाना किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं है. यहां जमीन के ऊपर भारी रेल यातायात का दबाव है, पूरे निर्माण स्थल पर रियल-टाइम मॉनिटरिंग सिस्टम लगाया गया है, जो जमीन के भीतर होने वाली हलचल की पल-पल की जानकारी कंट्रोल रूम को भेजता है. सुरक्षा टीम का मुख्य लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि ऊपर चल रही ट्रेनों के परिचालन में शून्य डिस्टर्बेंस हो और आसपास की इमारतों की संरचनात्मक स्थिरता पर कोई आंच न आए. जाममुक्त पटना का सपना होगा सच पटना मेट्रो का यह भूमिगत खंड केवल एक इंजीनियरिंग उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह शहर को ट्रैफिक जाम से मुक्ति दिलाने की दिशा में एक बड़ा कदम है. यह प्रोजेक्ट दिखाता है कि कैसे तकनीक और प्लानिंग के जरिए सबसे जटिल चुनौतियों को भी आसानी से पार किया जा सकता है. आने वाले समय में यह मेट्रो नेटवर्क पटना के ट्रैफिक सिस्टम को पूरी तरह बदल देगा.

## बिहार में सरकारी कर्मचारियों को प्रतियोगी परीक्षा के लिए मिलेगा सिर्फ एक मौका



**पटना (एजेंसी)** बिहार सरकार नगर विकास एवं आवास विभाग ने सरकारी कर्मचारियों के लिए आदेश जारी किया है. अब उन्हें प्रतियोगी परीक्षा में बैठने के लिए सिर्फ एक ही मौका मिलेगा. इससे ज्यादा बार अगर परीक्षा देनी है तो उन्हें नौकरी से इस्तीफा देना पड़ेगा. बिहार के सरकारी कर्मचारियों को प्रतियोगी परीक्षा देने के लिए अब बस एक मौका ही मिलेगा. नगर विकास एवं आवास विभाग की ओर से आदेश जारी किया गया है. बिहार सरकार की तरफ से जारी आदेश के मुताबिक, अगर कोई सरकारी कर्मचारी एक बार से ज्यादा प्रतियोगी परीक्षा देना चाहते हैं तो उन्हें नौकरी से इस्तीफा देना पड़ेगा. लेटर में और क्या दिया गया आदेश? बिहार सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग की ओर से जारी लेटर में इसकी वजह भी बताई गई है. लेटर में यह जिक्र किया गया है कि बार-बार प्रतियोगी परीक्षा में शामिल होने के लिए कर्मचारी परमिशन मांगते हैं. ऐसी स्थिति में सरकारी कर्मचारी की ओर से परीक्षा की तैयारी करने और बार-बार परीक्षा में शामिल होने की वजह से विभाग का समय बर्बाद होता है. इसके साथ ही विभाग के काम में बाधा भी आती है. आगे यह भी जिक्र किया गया कि यह कहीं ना कहीं लोकहित के खिलाफ भी है. ऐसे में नगर विकास एवं आवास विभाग के पदाधिकारियों और कर्मचारियों को उनके वर्तमान पद के वेतन स्तर से उच्चतर वेतन स्तर के पद के लिए ही किसी प्रतियोगिता परीक्षा में भाग लेने का परमिशन दिया जाएगा और वह भी सिर्फ एक बार ही अवसर मिलेगा. परीक्षा से पहले देना होगा इस्तीफा नगर विकास एवं आवास विभाग की तरफ से क्लियर कर दिया गया है कि अगर सरकारी कर्मचारी बार-बार परीक्षा देना चाहते हैं तो उन्हें इस्तीफा देना पड़ेगा. परीक्षा देने से पहले ही उन्हें अपने पद से इस्तीफा देना होगा. यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा. इससे पहले क्या था नियम? जानकारी के मुताबिक, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में 12 दिसंबर 2022 को राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि राज्य सरकार के सरकारी कर्मचारी अपने पूरे सेवा काल के दौरान बिहार लोक सेवा आयोग, बिहार तकनीकी सेवा आयोग और बिहार कर्मचारी चयन आयोग की ओर से आयोजित प्रतियोगी परीक्षाओं में अधिकतम पांच बार ही शामिल हो सकेंगे.

## बिहार में अब क्ढर अफसरों के काम पर रखी जाएगी नजर, होगी डिजिटल




**पटना (एजेंसी)** : बिहार में अब आईपीएस अफसरों के काम पर सरकार की नजर रहेगी. उनके काम की डिजिटल मॉनीटरिंग होगी. आइगॉट कर्मयोगी पोर्टल पर अधिकारियों को पूरी जानकारी अपडेट करनी होगी. इस नई व्यवस्था से योग्य अधिकारियों को आगे बढ़ने का मौका मिल सकेगा. बिहार में आईपीएस अधिकारियों के कामकाज पर अब सरकार की सीधी डिजिटल निगरानी (ऑनलाइन मॉनीटरिंग) होगी. केंद्र के निर्देश के बाद बिहार में आइगॉट कर्मयोगी पोर्टल के जरिए ट्रेनिंग और आकलन को अनिवार्य कर दिया गया है. नई व्यवस्था के तहत हर अधिकारी को अपने सेवाकाल के अनुसार तय कोर्स पूरा करना होगा और खुद की पूरी जानकारी पोर्टल पर अपडेट करनी होगी. अधिकारियों को देनी पड़ेगी ये जानकारियां जानकारी के मुताबिक, इसमें सर्विस डिस्क्रिप्शन, कैडर, ट्रेनिंग की स्थिति और जॉब परफॉर्मेंस जैसी जानकारी शामिल रहेगी. इससे सरकार को हर अधिकारी की गतिविधि और क्षमता की सीधी जानकारी मिलती रहेगी. केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के साथ-साथ स्पेशल पोस्टिंग और प्रोमोशन में भी अब काम और रिकॉर्ड महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा. इससे योग्य अधिकारियों को आगे बढ़ने का बेहतर मौका मिलेगा. इसका सबसे बड़ा असर वार्षिक गोपनीय प्रतिवेदन बेहतर काम करने का बढ़ेगा दबाव अगर कोई अधिकारी समय पर कोर्स पूरा नहीं करता या प्रोफाइल अपडेट नहीं करता, तो उसका मूल्यांकन प्रभावित होगा. यानी अब लापरवाही की गुंजाइश कम हो जाएगी और अधिकारियों पर बेहतर काम करने का दबाव बढ़ेगा. डिजिटल निगरानी से सरकार को यह भी आसानी होगी कि किस अधिकारी को किस जिम्मेदारी पर तैनात करना है. जानकारी के मुताबिक, पोस्टिंग और प्रोमोशन में भी अब रिकॉर्ड बेस्ड निर्णय लिए जाएंगे. सरकार का मानना है कि इस व्यवस्था से प्रशासन में पारदर्शिता बढ़ेगी, कामकाज तेज होगा और अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी. नई व्यवस्था से क्या हो सकेगा नया बदलाव? बिहार में अब हर आईपीएस अधिकारी का पूरा रिकॉर्ड ऑनलाइन (डिजिटल प्रोफाइल) रहेगा. इससे सरकार को हर समय उनकी स्थिति की जानकारी मिलेगी. कोर्स पूरा करना अनिवार्य होगा, नहीं करने पर एपीएआर प्रभावित होगा. इससे अफसर समय पर ट्रेनिंग लेने के लिए बाध्य होंगे. इसके अलावा मूल्यांकन अब कागज के बजाय ऑनलाइन (डिजिटल सिस्टम) होगा, जिससे पारदर्शिता बढ़ेगी और गड़बड़ी कम होगी. पोस्टिंग और प्रोमोशन में भी अब काम और रिकॉर्ड को आधार बनाया जाएगा. इससे योग्य अधिकारियों को आगे बढ़ने का बेहतर अवसर मिलेगा.



# लाभदायक व्यवसाय है भारत में पोल्ट्री फार्मिंग

**भारत में पोल्ट्री फार्मिंग के लिए मुख्य और सबसे महत्वपूर्ण बात एक उपयुक्त भूमि का चयन करना है। और यह इस व्यवसाय का सबसे महंगा हिस्सा है। वाणिज्यिक पोल्ट्री उत्पादन स्थापित करने के लिए, यदि आपके पास अपनी खुद की भूमि है तो बेहतर होगा।**

विश्व स्तर पर, भारत अंडा उत्पादन में दुनिया में तीसरे और चिकन मांस उत्पादन में दुनिया में पांचवें स्थान पर है। यद्यपि उत्पादन मुख्य रूप से व्यावसायिक साधनों के माध्यम से प्राप्त किया जाता है, लेकिन ग्रामीण पोल्ट्री क्षेत्र भी भारतीय पोल्ट्री उद्योग में महत्वपूर्ण योगदान देता है। कोई भी व्यक्ति पोल्ट्री का बिजनेस शुरू कर सकता है। हालांकि पोल्ट्री बिजनेस को शुरू करने से पहले उचित योजना और प्रबंधन की आवश्यकता होती है। तो चलिए जानते हैं कि कैसे शुरू करें पोल्ट्री का व्यवसाय

## उपयुक्त स्थान चुनना

भारत में पोल्ट्री फार्मिंग के लिए मुख्य और सबसे महत्वपूर्ण बात एक उपयुक्त भूमि का चयन करना है। और यह इस व्यवसाय का सबसे महंगा हिस्सा है। वाणिज्यिक पोल्ट्री उत्पादन स्थापित करने के लिए, यदि आपके पास अपनी खुद की भूमि है तो बेहतर होगा। भूमि का क्षेत्र उन पक्षियों की संख्या पर निर्भर करता है जिन्हें आप पालना चाहते हैं। पोल्ट्री फार्मिंग के लिए जगह चुनते समय कुछ बातों का खास ध्यान रखें। मसलन, ग्रामीण क्षेत्रों में पोल्ट्री फार्मिंग करें क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि और श्रम अपेक्षाकृत सस्ते हैं। शोर मुक्त और शांत जगह का चयन करें। कोशिश करें कि जगह प्रदूषण मुक्त हो। साथ ही भूमि का चयन करते समय पर्याप्त मात्रा में ताजे और साफ पानी का एक बड़ा स्रोत सुनिश्चित करें। इतना ही नहीं, उस स्थान से शहर में परिवहन व्यवस्था पर भी ध्यान दें और अगर आपके द्वारा चुने गए स्थान के पास ही मार्केट हो तो काफी अच्छा रहेगा। इससे आपका परिवहन का व्यय काफी हद तक बच जाएगा।

## वित्त व्यवस्था करना

जमीन खरीदने से लेकर मुर्गी पालन तक आपको काफी खर्चा करना पड़ेगा। इसलिए पहले आप वित्त व्यवस्था की ओर ध्यान दें। अगर आपके पास जमा पूंजी है, तो ठीक है, अन्यथा आप बैंक लोन के बारे में भी विचार कर सकते हैं। वर्तमान में बैंक पोल्ट्री फार्मिंग के लिए लोन प्रदान करते हैं।

## मुर्गियों का चयन

पोल्ट्री फार्मिंग में सबसे मुख्य कदम होता है मुर्गियों का चयन करना। दरअसल, आपको पहले यह सुनिश्चित करना होगा कि मुर्गी पालन के जरिए आप किस तरह आमदनी करना चाहते हैं। मसलन, आप अंडे बेचना चाहते हैं या मीट। अगर आप अंडे उत्पादन करके उन्हें बेचना चाहते हैं तो इसके लिए द्यथभद्ग्न मुर्गी का चयन करें। वहीं अगर आप मीट बेचकर पैसे कमाने के इच्छुक हैं तो मुर्गियों को पालना अच्छा रहेगा।

## मुर्गी के लिए घर तैयार करना

इसके बाद बारी आती है मुर्गियों के लिए घर तैयार करने की। हालांकि यह जमीन खरीदने जैसा महंगा भी नहीं है। पोल्ट्री पक्षियों के लिए एक अच्छा घर बनाने के कई तरीके हैं। हमेशा यह सुनिश्चित करें कि घर या पिंजरे पर्याप्त और विशाल हो ताकि पक्षियों को उसमें किसी तरह की परेशानी ना हो। उनके पिंजरे में उचित वेंटिलेशन सिस्टम बनाएं। घर के अंदर पर्याप्त मात्रा में ताजी हवा और प्रकाश का प्रवाह सुनिश्चित करें। यदि आप बड़े पैमाने पर व्यावसायिक उत्पादन करना चाहते हैं तो कई घर बनाएं और एक घर से दूसरे घर की दूरी कम से कम 40 फीट रखें। घर को हमेशा साफ और ताजा रखें। और चूजों को खेत में लाने से पहले अच्छी तरह साफ कर लें। इसके अलावा घर के अंदर एक उपयुक्त जल निकासी व्यवस्था बनाएं। यह आपको घर को आसानी से साफ करने में मदद करेगा।

## भोजन

अगर आप चाहते हैं कि आपका बिजनेस अच्छा चले तो आपको मुर्गियों का सही तरह से ख्याल रखना होगा। अच्छे और उच्च गुणवत्ता वाले पौष्टिक भोजन कमर्शियल पोल्ट्री उत्पादन के लिए जरूरी है। भारत में कई पोल्ट्री फीड उत्पादक कंपनियां उपलब्ध हैं। वे सभी प्रकार के पोल्ट्री पक्षियों के लिए फीड का उत्पादन करते हैं। आप अपने पक्षियों के लिए उन भोजन का उपयोग आसानी से कर सकते हैं। विभिन्न प्रकार के पोल्ट्री रोगों के कारण हजारों किसान भारी नुकसान का सामना करते हैं। इसलिए, हमेशा अपने पक्षियों की अच्छी देखभाल करें और उन्हें पौष्टिक भोजन और स्वच्छ पानी प्रदान करें। उनका समय पर टीकाकरण करें और कुछ सामान्य और आवश्यक दवाओं का भंडारण करके रखें।

## मार्केटिंग

पोल्ट्री फार्मिंग बिजनेस का आखिरी और सबसे मुख्य स्टेप है मार्केट की तलाश करना। इसके लिए आप सबसे पहले अपने लोकल मार्केट में कस्टमर ढूंढे। विभिन्न दुकानों पर आपके अंडे और मीट बिक सकते हैं। अगर आपको अपने काम के लिए बाजार अपने आसपास ही मिल जाता है तो इससे आपका परिवहन खर्च बच जाएगा और आपकी आमदनी अधिक होगी।





# एग्रीकल्चर में भी हैं कॅरियर की अपार संभावनाएं

**एग्रीकल्चर फील्ड में प्रोफेशनली कदम रखने के लिए आपको इस क्षेत्र से संबंधित कोर्स करना होगा। इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए छात्र विभिन्न तरह के कोर्स कर सकते हैं। इस क्षेत्र में सर्टिफिकेट कोर्स से लेकर आप डिप्लोमा, बैचलर व मास्टर कोर्स कर सकते हैं।**

आमतौर पर युवा मानते हैं कि कृषि के क्षेत्र में कॅरियर का कोई स्कोप नहीं है। जबकि वास्तव में ऐसा नहीं है। कृषि सबसे बड़े उद्योगों में से एक है और देश भर में रोजगार का एक अच्छा स्रोत है। भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि की भी अहम भूमिका है और इसलिए इस क्षेत्र में करियर की कई संभावनाएं देखी जा सकती हैं। एग्रीकल्चर साइंस एक मल्टीडिसिप्लनरी फील्ड है, जिसमें विभिन्न प्रकार के वैज्ञानिक, तकनीकी और व्यावसायिक विषय शामिल हैं। यह कृषि-खाद्य उद्योग और गुणवत्तापूर्ण भोजन के कुशल उत्पादन को बढ़ावा देता है। कृषि क्षेत्र में बागवानी, खेत प्रबंधन, व्यवसाय और उद्योग शामिल हैं जो कृषि उत्पादों की खरीद और प्रक्रिया करते हैं, कृषि मशीनरी, बैंकिंग गतिविधियों का निर्माण करते हैं, गुणवत्ता और कृषि उत्पादों की मात्रा में सुधार के लिए रिसर्च आदि करते हैं। अगर आप भी खेती से जुड़ी बारीकियों को जानना चाहते हैं और बेहतर उत्पादन के जरिए देश की सेवा करना चाहते हैं तो एग्रीकल्चर में कॅरियर बना सकते हैं। तो चलिए जानते हैं विस्तार से इसके बारे में

## कोर्स व योग्यता

एग्रीकल्चर फील्ड में प्रोफेशनली कदम रखने के लिए आपको इस क्षेत्र से संबंधित कोर्स करना होगा। इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए छात्र विभिन्न तरह के कोर्स कर सकते हैं। इस क्षेत्र में सर्टिफिकेट कोर्स से लेकर आप डिप्लोमा, बैचलर व मास्टर कोर्स कर सकते हैं। इतना ही नहीं, आप एग्रीकल्चर के विभिन्न क्षेत्रों जैसे कृषिविज्ञान, बागवानी, फ्लोरीकल्चर, कृषि अर्थशास्त्र, फॉरेस्टी, एग्रीकल्चर जेनेटिक्स, हीड्रोपोनिक्स, वीड साइंस, कृषि एंटोमोलॉजी, कृषि माइक्रोबायोलॉजी, सॉइल साइंस और कृषि रसायन आदि में स्पेशलाइजेशन भी कर सकते हैं। इस क्षेत्र में बैचलर कोर्स में दाखिला लेने के लिए छात्रों को किसी भी मान्यता प्राप्त स्कूल या बोर्ड से जीव विज्ञान, गणित और भौतिकी विषयों के साथ 12वीं में पास होना अनिवार्य है।

## एडमिशन

छात्र राष्ट्रीय, राज्य और विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजित प्रवेश परीक्षा के माध्यम से कृषि पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवार अपनी 12वीं की शिक्षा पूरी करने के बाद इस कोर्स के लिए आवेदन कर सकते हैं। हालांकि कुछ कॉलेज योग्यता परीक्षा की मेरिट सूची के आधार पर प्रवेश भी देते हैं।

## कॅरियर स्कोप

वर्तमान में, कृषि क्षेत्र में प्रशिक्षित पेशेवर की मांग अधिक है। कृषि क्षेत्र में कोर्स करने के बाद, आप सरकारी के साथ-साथ निजी संगठनों में भी नौकरी के लिए आवेदन कर सकते हैं। कृषि स्नातक उम्मीदवारों के लिए नौकरी के विभिन्न अवसर उपलब्ध हैं। एग्रीकल्चर की पढ़ाई करने के बाद आप बागवानी, डेयरी और पोल्ट्री फार्मिंग में नौकरी के अवसर प्रदान करते हैं। इस क्षेत्र में स्वरोजगार के अवसर भी उपलब्ध हैं। इस क्षेत्र में स्नातक पूरा करने और कुछ अनुभव के बाद, आप अपना खुद का व्यवसाय शुरू कर सकते हैं जैसे कृषि फर्म, कृषि उत्पाद की दुकान, कृषि उद्योग, आदि। एग्रीकल्चर में स्नातकोत्तर की डिग्री पूरी करने के बाद, आप पर्यवेक्षक, वितरक, शोधकर्ता और इंजीनियर के रूप में काम कर सकते हैं।

## वेतन और पे-स्केल

एग्रीकल्चर क्षेत्र स्मार्ट और मेहनती लोगों को एक अच्छा वेतन पैकेज देता है। भारत में कई सरकारी और निजी उद्योग कृषि इच्छुक लोगों को अच्छे वेतन पैकेज प्रदान करते हैं। बीएससी (कृषि) स्नातक के रूप में, आप आसानी से भारत में प्रति वर्ष लगभग 3 से 4 लाख कमा सकते हैं।

## प्रमुख संस्थान

- भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली
- पंजाब एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी, कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, लुधियाना
- अमृतसर कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, अमृतसर
- देश भगत यूनिवर्सिटी, पंजाब
- इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, कृषि विद्यालय, नई दिल्ली



# महिलाओं की हर समस्या का उपचार करती हैं स्गायनेकोलॉजिस्ट

**स्त्री रोग विशेषज्ञ को विन्रम होना चाहिए। साथ ही उनका कम्युनिकेशन स्किल भी अच्छा होना चाहिए, ताकि वह रोगी की छोटी सी छोटी समस्या को सुनकर उसका समाधान कर सकें। कई बार महिलाएं झिझक के कारण अपनी समस्या के बारे में बात नहीं करतीं, ऐसे में आपके पास आकर उन्हें कंफर्टेबल फील हों।**

जब भी व्यक्ति को किसी तरह की स्वास्थ्य समस्या होती है तो वह डॉक्टर के पास ही जाता है। लेकिन शरीर की विभिन्न तरह की स्वास्थ्य समस्याओं के लिए आज के समय में एक अलग डॉक्टर होता है, जो उस क्षेत्र का विशेषज्ञ होता है। वह व्यक्ति की परिस्थिति का गहराई से अध्ययन करके उसका एकदम सही उपचार करता है। ऐसी ही एक शाखा है गायनेकोलॉजी। गायनेकोलॉजिस्ट को स्त्री रोग विशेषज्ञ भी कहा जाता है, जो महिलाओं की विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं का उपचार करती हैं। तो चलिए जानते हैं किस तरह बनें स्त्री रोग विशेषज्ञ

## क्या होता है काम

स्त्री रोग विशेषज्ञ महिला अंगों और प्रजनन प्रणाली के स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों से संबंधित चिकित्सा विज्ञान की शाखा में विशेषज्ञ हैं। पेशेवरों के रूप में, स्त्री रोग विशेषज्ञ महिलाओं के स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करते हैं, महिलाओं के लिए एक प्राथमिक चिकित्सक और अन्य चिकित्सकों के परामर्शदाता के रूप में कार्य करते हैं। उन्हें प्रजनन प्रणाली में रोगों और विकारों के निदान और उपचार के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। स्त्री रोग विशेषज्ञ गर्भावस्था, यौन स्वास्थ्य और बांझपन या प्रजनन कैंसर जैसी गंभीर प्रजनन समस्याओं के उपचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। स्त्री रोग विशेषज्ञ का काम महिला जननांग, मूत्र और मलाशय के अंगों से संबंधित बीमारी और मुद्दों की पहचान करना है, रोगी को ठीक करना है और यदि आवश्यक हो, तो विकार को ठीक करने या रोगग्रस्त अंग को हटाने के लिए आवश्यक चिकित्सा सहायता या सर्जरी करते हैं।

**योग्यता** - स्त्री रोग विशेषज्ञ बनने के लिए, उम्मीदवारों को एमडी (डॉक्टर ऑफ मेडिसिन)/ एमएस (मास्टर ऑफ सर्जरी)/ डीएनबी (डिप्लोमेट ऑफ मेडिसिन) या स्त्री रोग (डीजीओ) में डिप्लोमा कोर्स करना पड़ता है। इसके अलावा करीबन साढ़े चार साल का एमबीबीएस प्रोग्राम और एक साल की इंटर्निशप करने के बाद आप गायनेकोलॉजी में पोस्टग्रेजुएट कर सकते हैं। पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम्स (एमडी/एमएस/डीएनबी) आमतौर पर 3 साल की अवधि के होते हैं। स्त्री रोग (डीजीओ) पाठ्यक्रम में डिप्लोमा 2 वर्ष की अवधि का है। पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम के लिए चयन प्रवेश परीक्षा के माध्यम से होता है। निजी मेडिकल कॉलेजों के मामले में संस्थानों द्वारा व्यक्तिगत रूप से प्रवेश परीक्षाएं आयोजित की जाती हैं।

**व्यक्तिगत गुण** - स्त्री रोग विशेषज्ञ को विन्रम होना चाहिए। साथ ही उनका कम्युनिकेशन स्किल भी अच्छा होना चाहिए, ताकि वह रोगी की छोटी सी छोटी समस्या को सुनकर उसका समाधान कर सकें। कई बार महिलाएं झिझक के कारण अपनी समस्या के बारे में बात नहीं करतीं, ऐसे में आपके पास आकर उन्हें कंफर्टेबल फील हों। इसके अलावा उनमें मजबूत नैतिकता, सेवा मानसिकता, आत्म-प्रेरित और जल्दी से निर्णय लेने में सक्षम होना चाहिए। इन सभी गुणों के अलावा स्त्री रोग विशेषज्ञ के पास अच्छी याददाश्त और याद रखने की क्षमता होनी चाहिए। एक स्त्रीरोग विशेषज्ञ में जिम्मेदारी की भावना होनी चाहिए, क्योंकि रोगी का जीवन पूरी तरह से उस पर निर्भर करता है।

**आमदनी** - स्त्री रोग विशेषज्ञ का वेतन उनकी शैक्षिक डिग्री, वर्क एक्सपीरियंस, रोजगार के स्थान पर निर्भर करता है। एक फ्रेशर का वेतन 15000 से 30000 रूपए प्रतिमाह हो सकता है। वहीं चार-पांच वर्षों के अनुभव के बाद आपकी सैलरी 40000 से 80000 रूपए प्रतिमाह हो सकती है। सीनियर लेवल पर यह सैलरी 100000 से 200000 प्रतिमाह हो सकती है।

## कॅरियर की संभावनाएं

स्त्री रोग विशेषज्ञ के पास जॉब की कोई कमी नहीं होती। आप सरकारी अस्पतालों से लेकर निजी अस्पतालों, क्लीनिक, आदि में काम कर सकते हैं। इसके अलावा आप मेडिकल स्कूल या संस्थान में बतौर गायनेकोलोजी लेक्चरर के रूप में काम कर सकते हैं। इतना ही नहीं, आप खुद का क्लीनिक भी खोल सकते हैं।



# अर्जेंटीना दौरे पर जाएगी भारतीय महिला हॉकी टीम, खेलेगी चार मैचों की सीरीज



एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारतीय सीनियर महिला हॉकी टीम इस महीने चार मैचों की सीरीज के लिए अर्जेंटीना दौरे पर जाएगी। यह सीरीज 13 से 17 अप्रैल के बीच ब्यूनस आयर्स स्थित सिनार्ड में खेली जाएगी। इस सीरीज में भारत अपने घरेलू मैदान पर मजबूत दक्षिण अमेरिकी टीम अर्जेंटीना से भिड़ेगा, जिससे मुकाबला बेहद रोमांचक होने की उम्मीद है। मैच 13, 14, 16 और 17 अप्रैल को खेले जाएंगे, जिनका समय स्थानीय समयानुसार सुबह 11:00 बजे (भारतीय समयानुसार शाम 6:30 बजे) रहेगा। भारत और अर्जेंटीना के बीच पिछले कुछ वर्षों में कड़े मुकाबले देखने को मिले हैं, जिसमें पिछले साल जून में एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के दौरान 2-2 से ड्रॉ मुकाबला भी शामिल है, जिसका फैसला शूटआउट से हुआ था। यह दौरा भारत के लिए उच्च स्तर की अंतरराष्ट्रीय टीम के खिलाफ महत्वपूर्ण मैच अभ्यास का अवसर प्रदान करेगा और हॉकी इंडिया की रणनीतिक योजना के अनुरूप टीम को 2026 के एफआईएच हॉकी विश्व कप (बेल्जियम और नीदरलैंड) और इस साल होने वाले एशियाई खेलों से पहले लय हासिल करने में मदद करेगा। यह सीरीज भारत के लिए काफी अहम तैयारी साबित होगी, जिसमें टीम को चार तेज-तर्रार मैच खेलने का मौका मिलेगा। साथ ही, कोचिंग स्टाफ को खिलाड़ियों के विभिन्न संयोजन और रणनीतियों को आजमाने का अवसर भी मिलेगा, क्योंकि टीम अपने कैलेंडर के महत्वपूर्ण दौर में प्रवेश कर रही है। दौरे को लेकर भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच श्योर्ड मारिन ने कहा, हम 24 खिलाड़ियों के दल के साथ अर्जेंटीना जा रहे हैं और यह एक सोचा-समझा फैसला है। इस दौरे का मकसद ज्यादा खिलाड़ियों को उच्च स्तर पर प्रदर्शन का मौका देना है। अर्जेंटीना दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक है और वहां का माहौल हमें बताएगा कि हर खिलाड़ी किस स्तर पर खड़ा है। हम देखना चाहते हैं कि दबाव के समय कौन खिलाड़ी आगे आता है। उन्होंने आगे कहा, इस टीम में जगह बनाने के लिए सबसे पहले एक टीम खिलाड़ी होना जरूरी है। व्यक्तिगत क्षमता महत्वपूर्ण है, लेकिन यदि आप टीम के साथ तालमेल नहीं बैठा सकते और एक-दूसरे के लिए काम नहीं कर सकते, तो इस टीम में जगह बनाना मुश्किल होगा।

# असफलताओं से मिलती है आगे और ज्यादा मेहनत करने की सीख : देवदत्त पडिक्कल



एजेंसी

**बेंगलुरु :** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल शानदार फॉर्म में नजर आ रहे हैं। उन्होंने टीम की शुरूआती दोनों जीत में अहम भूमिका निभाई है। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 29 गेंदों में 50 रन और सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 26 गेंदों में 61 रन की पारी खेलकर उन्होंने अपने बेहतरीन फॉर्म का परिचय दिया है। पडिक्कल का यह प्रदर्शन केवल रन बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उनके खेल में आए बदलाव और मानसिक मजबूती को भी दशार्ता है। आईपीएल में अपने शुरूआती दौर में तकनीकी रूप से मजबूत बल्लेबाज के रूप में पहचान बनाने वाले पडिक्कल ने समय के साथ अपने खेल में बदलाव किया है। अपने कठिन दौर को याद करते हुए पडिक्कल ने कहा, ह्लजब चीजें मेरे अनुसार नहीं हुईं तो मेरे पास कोई जवाब नहीं था, लेकिन उसी दौर ने मुझे बेहतर बनने की प्रेरणा दी। कई बार असफलताएं ही आपको याद दिलाती हैं कि आपको और कड़ी मेहनत करने की जरूरत है। पडिक्कल की 2025 में आरसीबी में वापसी उनके करियर का अहम मोड़ साबित हुई। टीम के बल्लेबाजी कोच दिनेश कार्तिक ने बताया कि पडिक्कल टीम के लिए खेलने को लेकर बेहद उत्साहित थे। कार्तिक ने कहा, पहली बातचीत में ही उन्होंने कहा था कि वह आरसीबी के अलावा किसी और टीम के लिए खेलने की कल्पना भी नहीं कर सकते। वह शुरू से ही टीम के लिए कुछ खास करने के मिशन के साथ आए थे। आरसीबी में दोबारा मौका मिलने के बाद पडिक्कल ने अपने खेल में बदलाव करने का फैसला किया। खासकर टी20 क्रिकेट में तेजी से रन बनाने की क्षमता पर उन्होंने काफी काम किया। पडिक्कल ने कहा, मैंने तय किया कि मुझे अपने खेल में बदलाव करना होगा और परिणाम की चिंता किए बिना उस पर काम करना होगा। यह आसान नहीं था, क्योंकि मैं एक खास तरीके से खेलते हुए बड़ा हुआ हूं, लेकिन मुझे अपने कंफर्ट जोन से बाहर आना जरूरी लगा। उन्होंने 2025 सीजन में 10 मैचों में 150 के स्ट्राइक रेट से 247 रन बनाए थे। आईपीएल 2026 में पडिक्कल का यह विकास अब प्रदर्शन में साफ नजर आ रहा है। जहां सीएसके के खिलाफ उनकी पारी में संतुलित आक्रामकता दिखी, वहीं एसआरएच के खिलाफ उन्होंने और तेज अंदाज में बल्लेबाजी की।

# भारतीय अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम रूस में खेलेगी तीन मैत्री मैच



एजेंसी

**नई दिल्ली ;** भारत की अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम रूस के सोची में 11, 14 और 17 अप्रैल 2026 को मेजबान टीम के खिलाफ तीन मैत्री मैच खेलेगी। मुख्य कोच पामेला कोंटी ने इस दौरे के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। सभी मुकाबले सोची के मात्सेस्टा फुटबॉल सेंटर में खेले जाएंगे और भारतीय समयानुसार दोपहर 2:30 बजे शुरू होंगे। यंग टाइग्रेसेस, जो एएफसी अंडर-17 महिला एशियन कप चीन 2026 की तैयारियों में जुटी हैं, 6 अप्रैल की रात सोची पहुंची। पिछले महीने टीम ने यांगून का दौरा किया था, जहां उसने मेजबान टीम के खिलाफ दो मैत्री मैच खेले और दोनों में जीत दर्ज की (2-0 और 3-2)। इसके बाद टीम ने बेंगलुरु में अपना प्रशिक्षण शिविर जारी रखा। एशियन कप में, जो सूझोउ में खेला जाएगा, भारत को ग्रुप बी में ऑस्ट्रेलिया (2 मई), जापान (5 मई) और लेबनान (8 मई) के खिलाफ मुकाबले खेलने हैं।

# कप्तान के तौर पर ईशान किशन जबरदस्त रहे हैं, वह सलाह भी मांगते हैं : हेनरिक क्लासेन



एजेंसी

**नई दिल्ली :** सनराइजर्स हैदराबाद के बड़े-बड़े शॉट लगाने वाले बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन ने कप्तान ईशान किशन की जमकर तारीफ की है। उन्होंने किशन को एक बेहतरीन कप्तान बताया और कहा कि जिस तरह से टीम इस युवा विकेटकीपर-बल्लेबाज का साथ देती है, वह 'बस जबरदस्त' है। इसके अलावा फैसले लेने में उनकी शांति और टीम में मौजूद अनुभवी खिलाड़ियों पर भरोसा करने की उनकी इच्छा भी काबिले-तारीफ है। किशन को एसआरएच का अंतरिम कप्तान बनाया गया था क्योंकि नियमित कप्तान पैट कमिंस कमर की चोट से उबरने की वजह से शुरूआती मैचों के लिए उपलब्ध नहीं थे। उनकी कप्तानी में एसआरएच ने एक मैच जीता है, जबकि दो मैच हारे हैं और पॉइंट्स टेबल पर 5वें स्थान पर है। क्लासेन ने कहा, 'देखिए, मुझे लगता है कि अब तक वह बहुत बढ़िया रहे हैं। वह ऐसे इंसान हैं जो सलाह मांगते हैं। जैसा कि मैंने कहा, हमारे ड्रेसिंग रूम में बहुत अनुभव है। इसलिए वह उस अनुभव का फायदा भी उठाते हैं। लेकिन उनके फैसले लेने का तरीका, जिस तरह से वह गेंदबाजों को बदलते हैं और जिस तरह से टीम उनकी बात सुनती है, वह अब तक बस जबरदस्त रहा है। उन्होंने कहा, 'तो जैसा कि मैंने कहा कि टीम बहुत अच्छे हाथों में है और अच्छी बात यह है कि वह बिल्कुल भी घमंडी इंसान नहीं हैं, जिससे चीजें काफी आसान हो जाती हैं। उनकी कप्तानी में खेलना सच में बहुत मजेदार होता है। इसलिए बीच-बीच में काफी मजाक-मस्ती होती रहती है ताकि माहौल ज्यादा गंभीर न हो जाए, क्योंकि मुझे लगता है कि यह माहौल कभी-कभी खेलने के लिए काफी मुश्किल हो सकता है। क्लासेने ने कहा, 'मुझे लगता है कि वह बहुत बढ़िया रहे हैं और घरेलू क्रिकेट में भी उन्हें काफी सफलता मिली है। मुझे लगता है कि उनकी घरेलू टीम ने एक टूनार्मेंट जीता था (झारखंड ने उनकी कप्तानी में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी जीती थी)। तो इस मामले में उनके पास काफी अनुभव है। लेकिन अब तक, मुझे उनकी कप्तानी में सच में बहुत मजा आया है और वह अब तक जबरदस्त रहे हैं।'

# ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज क्रिकेटर डेविड वॉर्नर गिरफ्तार, पीएसएल से छुट्टी पर लौटे थे घर



एजेंसी

**नई दिल्ली :** ऑस्ट्रेलिया के ओपनिंग बैटर डेविड वॉर्नर पर मंगलवार को सिडनी के मारूब्रा में हुई एक घटना के बाद शराब पीकर गाड़ी चलाने का आरोप लगाया गया है। ऑस्ट्रेलियाई मीडिया ने बताया है कि 39 साल के वॉर्नर को न्यू साउथ वेल्स पुलिस ने एक रैंडम ब्रेथ टेस्ट के दौरान रोका था। रिपोर्टों से पता चलता है कि वॉर्नर ने टेस्टिंग साइट पर पहुंचने से ठीक पहले अपनी गाड़ी रोकने और पार्क करने की कोशिश की जिससे पुलिस अधिकारी रुकी हुई गाड़ी के पास गए। सड़क किनारे किए गए टेस्ट के बाद यह पाया गया कि उन्होंने तय सीमा से ज्यादा शराब पी रखी थी। पुलिस स्टेशन में वॉर्नर के खून में अल्कोहल का स्तर 0.104 पाया गया, जो ऑस्ट्रेलिया में कानूनी सीमा से दोगुने से भी ज्यादा है। इसके बाद उन पर आरोप लगाए गए, उन्हें गिरफ्तार किया गया और मारूब्रा पुलिस स्टेशन ले जाया गया। ऑस्ट्रेलिया के इस पूर्व बैटर को अगले महीने कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया गया है। पुलिस के बयान में कहा गया, 'आज (रविवार 5 अप्रैल 2026) शाम करीब 5:30 बजे, पुलिस मारूब्रा की मालाबार रोड पर खड़े होकर रैंडम ब्रेथ टेस्ट कर रही थी। एक वैन को कथित तौर पर टेस्टिंग साइट से कुछ पहले रुकते और पार्क होते देखा गया। ट्रैफिक और हाईवे पेट्रोल कमांड के अधिकारियों ने गाड़ी के पास जाकर ड्राइवर (एक 39 साल के व्यक्ति) का सड़क किनारे टेस्ट किया जिसका नतीजा पॉजिटिव आया।'वॉर्नर को सिडनी के मारूब्रा पुलिस स्टेशन ले जाया गया। उन्हें अगले महीने कोर्ट में पेश होने के लिए कहा गया है। उन्हें गिरफ्तार करके मारूब्रा पुलिस स्टेशन ले जाया गया, जहां कथित तौर पर दूसरे टेस्ट में उनके खून में अल्कोहल का स्तर 0.104 पाया गया। उस व्यक्ति को मध्यम-श्रेणी के पीसीए (खून में अल्कोहल का स्तर) के साथ गाड़ी चलाने के आरोप में कोर्ट में पेश होने का नोटिस दिया गया है, उन्हें गुरुवार 7 मई 2026 को डाउनिंग सेंटर लोकल कोर्ट में पेश होना होगा।' इस घटना ने ढरछ में कराची किंग्स के लिए उनके कैंपेन पर सवाल खड़े हो गए हैं। वार्नर जो अपनी फ्रेंचाइजी कराची किंग्स के कप्तान हैं, को मैचों के बीच अपने परिवार से मिलने के लिए टूर्नामेंट से कुछ समय की निजी छुट्टी दी गई थी।

# फीफा वर्ल्ड कप 2026: सोफी स्टेडियम के कर्मचारियों की चेतावनी, मांगें न मानी गईं तो हड़ताल संभव




एजेंसी

**लॉस एंजेलिस :** फीफा वर्ल्ड कप 2026 से पहले लॉस एंजेलिस स्थित सोफी स्टेडियम में काम करने वाले करीब 2,000 फूड सर्विस कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करने वाले यूनियन ने बड़ा कदम उठाया है। यूनियन ने मांग की है कि टूर्नामेंट के दौरान अमेरिकी इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एन्फोर्समेंट (आईसीई) को वर्ल्ड कप संचालन से दूर रखा जाए, अन्यथा कर्मचारी हड़ताल पर जा सकते हैं। यूनाइट हियर लोकल 11, जो इस स्टेडियम में कुक, सर्वर और बारटेंडर का प्रतिनिधित्व करता है, ने सोमवार को कहा कि वर्ल्ड कप नजदीक आने के बावजूद कर्मचारियों के पास अब तक कोई श्रम अनुबंध नहीं है। यूनियन ने फीफा और स्टेडियम के मालिक क्रोंके स्पोर्ट्स एंड एंटरटेनमेंट के सामने तीन प्रमुख मांगें रखी हैं। इनमें आईसीई और बॉर्डर पेट्रोल की किसी भी भूमिका को लेकर सार्वजनिक आश्वासन, यूनियन कर्मचारियों की नौकरी और कार्य परिस्थितियों की सुरक्षा, तथा हॉस्पिटैलिटी कर्मचारियों के लिए किफायती आवास का समर्थन शामिल है। अमेरिकी होमलैंड सिक्योरिटी विभाग के कार्यवाहक निदेशक टॉड लायंस ने हाल ही में कहा था कि वर्ल्ड कप में आईसीई महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस बयान पर यूनियन ने चिंता जताते हुए कहा कि इससे लॉस एंजेलिस में कामगारों और दर्शकों की सुरक्षा प्रभावित हो सकती है। इस मुद्दे पर फीफा की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है, जबकि सोफी स्टेडियम प्रबंधन ने भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। यूनियन ने यह भी मांग की है कि टूर्नामेंट के दौरान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ऑटोमेशन का उपयोग कर कर्मचारियों की नौकरियां समाप्त न की जाएं। इसके अलावा यूनियन ने लॉस एंजेलिस, विशेषकर इंग्लवुड क्षेत्र में बढ़ती आवास लागत को लेकर भी चिंता जताई है और वर्कफोर्स हाउसिंग फंड, शॉर्ट-टर्म रेंटल पर नियंत्रण तथा किफायती आवास और प्रवासी परिवारों की सुरक्षा के लिए कर उपायों की मांग की है। यूनियन के सह-अध्यक्ष कर्ट पीटरसन ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि फीफा और उसके कॉर्पोरेट प्रायोजक इस आयोजन से अरबों डॉलर कमाएंगे, लेकिन आयोजन को सफल बनाने वाले कर्मचारियों की अनदेखी कर रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### देवबलहारी व सुहानी ने जीती विवेक मैराथन दौड़ प्रतियोगिता



**बिजनौर :** उत्तर प्रदेश के जनपद बिजनौर के विवेक विश्वविद्यालय द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस पर मंगलवार को मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें पुरुष वर्ग मे देव बलहारी तथा महिला वर्ग में सुहानी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर पुरुष वर्ग में सनी कुमार तथा महिला वर्ग में सानिया रही तथा तृतीय स्थान पर पुरुष वर्ग में अभिषेक एवं महिला वर्ग मे मेघा रहीं। इसके अलावा प्रथम 40 प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया। मैराथन मे प्रथम पुरस्कार ग्यारह हजार रुपये द्वितीय पुरस्कार 5100 रुपये तथा तृतीय पुरस्कार 2100 रुपये महिला व पुरुष दोनों वर्गो को अलग अलग दिये गये। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। मैराथन का शुभारम्भ प्रात: 7 बजे नेहरु स्टेडियम से मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी बिजनौर डा कौशलेन्द्र, जिला क्रीडा अधिकारी राजकुमार, विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अमित गोयल, प्रति कुलाधिपति दीपक मित्तल, कुलपति एन.के.गुप्ता, सीईओ अनिल शर्मा द्वारा हरी झंडी दिखाकर शुभारम्भ किया । पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि चंदवाहिनी चौधरी ने छात्र/छात्राओं को संबोधित किया।

### फीफा वर्ल्ड कप 2026 से पहले कोलंबिया को राहत: जेम्स रोड्रिगेज ट्रेनिंग पर लौटे



**लॉस एंजेलिस/मिनेसोटा :** कोलंबिया के स्टार फुटबॉलर जेम्स रोड्रिगेज से जुड़ी स्वास्थ्य चिंताओं के बीच राहत भरी खबर सामने आई है। गंभीर डिहाइड्रेशन के चलते अस्पताल में भर्ती रहने के बाद वह अब अपने क्लब मिनेसोटा यूनाइटेड के साथ ट्रेनिंग पर लौट आए हैं। 34 वर्षीय रोड्रिगेज पिछले सप्ताह तीन दिन तक अस्पताल में भर्ती रहे थे। उन्हें 29 मार्च को फ्रांस के खिलाफ खेले गए मैच के बाद तबीयत बिगड़ने पर अस्पताल ले जाया गया था, जहां जांच में गंभीर डिहाइड्रेशन की पुष्टि हुई। शुरूआत में अमेरिकी मीडिया में उनकी स्थिति को लेकर गंभीर बीमारी (रैबडोमायोलिसिस) की आशंका जताई गई थी, लेकिन मिनेसोटा यूनाइटेड ने इन खबरों का खंडन किया। क्लब ने स्पष्ट किया कि मेडिकल जांच में ऐसी किसी गंभीर बीमारी के कोई प्रमाण नहीं मिले हैं। क्लब के अनुसार, अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद रोड्रिगेज घर पर आराम कर रहे थे और अब उन्होंने ह्लनियंत्रित ट्रेनिंग सत्रह्व के साथ मैदान पर वापसी की है। उनकी पूर्ण रूप से टीम ट्रेनिंग में वापसी क्लब के मेडिकल स्टाफ की निगरानी और उनकी शारीरिक स्थिति के अनुसार होगी। गौरतलब है कि जेम्स रोड्रिगेज फीफा वर्ल्ड कप 2026 में कोलंबिया टीम के अहम खिलाड़ी हैं। ऐसे में उनकी फिटनेस टीम के लिए बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

### पूर्व वाडा अध्यक्ष क्रेग रीडी का 84 वर्ष की आयु में निधन

**नई दिल्ली :** विश्व एंटी-डोपिंग एजेंसी (वाडा) के पूर्व अध्यक्ष क्रेग रीडी का 84 वर्ष की आयु में निधन हो गया। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने सोमवार को उनके निधन की पुष्टि की, हालांकि मौत के कारण का खुलासा नहीं किया गया है। क्रेग रीडी खेल प्रशासन में एक प्रभावशाली व्यक्तित्व रहे और उन्होंने ओलंपिक आंदोलन तथा डोपिंग के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वह 2013 में वाडा के अध्यक्ष बने थे और अपने कार्यकाल के दौरान रूस के डोपिंग विवाद को लेकर उनके रुख ने काफी सुर्खियां बटोरी थीं। रीडी ने 2012 लंदन ओलंपिक की मेजबानी हासिल करने की बोली में अहम भूमिका निभाई थी। इसके अलावा उन्होंने बैडमिंटन को 1992 बार्सिलोना ओलंपिक खेलों में शामिल कराने में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष सेबेस्टियन कोए ने रीडी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें अपना मार्गदर्शक, सलाहकार और करीबी मित्र बताया। उन्होंने कहा कि रीडी ओलंपिक खेलों के गहन ज्ञान और अनुभव के धनी थे, जिसे उन्होंने हमेशा साझा किया। रीडी का कार्यकाल 2016 रियो ओलंपिक से पहले रूस के राज्य प्रायोजित डोपिंग घोटाले के कारण काफी चुनौतीपूर्ण रहा। वाडा की ओर से रूस की पूरी टीम को प्रतिबंधित करने की सिफारिश की गई थी, लेकिन आईओसी और उसके अध्यक्ष थॉमस बाक ने इसका विरोध किया। अंतत: फैसला खेल महासंघों पर छोड़ दिया गया कि वे रूसी खिलाड़ियों की भागीदारी पर निर्णय लें। आईओसी की वर्तमान अध्यक्ष कर्स्टी कोवेंट्री ने रीडी को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि खेलों की स्वच्छता और खिलाड़ियों के विकास में उनका योगदान आने वाली पीढ़ियों तक याद रखा जाएगा। उन्होंने उन्हें खेलों की ईमानदारी का सच्चा संरक्षक बताया। स्कॉटलैंड के रीडी को 2006 में नाइट की उपाधि से सम्मानित किया गया था। वह 1994 में आईओसी के सदस्य बने और 2021 में मानद सदस्य बनाए गए। आईओसी ने घोषणा की है कि स्विट्जरलैंड के लॉजेन स्थित मुख्यालय में उनके सम्मान में तीन दिनों तक झंडा आधा झुका रहेगा।

### सचिवालय सुपर लीग में डेंजर और बुल्स की शानदार जीत

**नई दिल्ली :** सचिवालय सुपर लीग 2026 में आज खेले गए मुकाबलों में सचिवालय डेंजर और सचिवालय बुल्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। दिन का पहला मैच सचिवालय डेंजर और सचिवालय विंग्स के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए डेंजर की टीम ने 7 विकेट के नुकसान पर 182 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से नूर मोहम्मद ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 116 रनों की शानदार पारी खेली। विंग्स की ओर से सुंदर सिंह ने 4 विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सचिवालय विंग्स की टीम 151 रन ही बना सकी। संजय जोशी ने 63 रन बनाकर संघर्ष किया, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। डेंजर की ओर से मोहम्मद फाजिल ने 3 विकेट लेकर अहम भूमिका निभाई। इस तरह सचिवालय डेंजर ने यह मुकाबला 31 रनों से जीत लिया। शानदार शतक के लिए नूर मोहम्मद को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दिन के दूसरे मैच में सचिवालय बुल्स का सामना सचिवालय सुपर किंग्स से हुआ। पहले बल्लेबाजी करते हुए बुल्स की टीम ने 7 विकेट के नुकसान पर 165 रन बनाए। महेश धर्मशक्तू ने सर्वाधिक 33 रन का योगदान दिया, जबकि सुपर किंग्स की ओर से नरेश ने 3 विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी सुपर किंग्स की पूरी टीम 111 रनों पर सिमट गई। राहुल ने 29 रन बनाए, लेकिन टीम को जीत तक नहीं पहुंचा सके। बुल्स की ओर से विक्की ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट झटके।

एक नजर

## दिल्ली-एनसीआर में बरसा पानी, मौसम हुआ सुहाना

**नयी दिल्ली:** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में आज सुबह बरसात होने से मौसम सुहावना हो गया। कुछ स्थानों पर तो अभी भी बूंदाबांदी हो रही रही है। आसमान पर बादलों का डेरा है। हवा में ठंडक है। भारत मौसम विज्ञान विभाग दिल्ली-एनसीआर में आज और कल पश्चिमी विक्षोभ के कारण हल्की बारिश और तेज हवाओं का पूवार्नुमान जता चुका है। दिल्ली-एनसीआर प्रमुख महानगरीय क्षेत्र है। इसमें दिल्ली के साथ हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के पड़ोसी जिले शामिल हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने मौसम में आए इस बदलाव के लिए कारक नए पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता को बताया है। विभाग ने आज और कल हलकी बरसात के बीच 30 से 50 किलीमीटर प्रति घंटे तक की रफ्तार से हवा चलने की उम्मीद जताई है। विभाग ने कहा कि तापमान में भी तीन से पांच डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आ सकती है। इस दौरान मौसम खुशगवार बना रहेगा।

## रेलवे ने एआई-डिजिटल तकनीक से यात्री सुरक्षा एवं सुविधा को बनाया और बेहतर

**नयी दिल्ली:** रेल मंत्रालय ने वर्ष 2025-26 के दौरान यात्रियों की सुरक्षा, बेहतर संचार और सुविधाजनक यात्रा अनुभव के लिए कई नई तकनीकी पहलें शुरू की हैं। इन पहलों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस , आधुनिक संचार प्रणाली और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर का व्यापक उपयोग किया गया है। रेल मंत्रालय के अनुसार, रेलवे ने 1,405 स्टेशनों पर रियल टाइम ट्रेन अनाउंसमेंट सिस्टम लागू किया है, जिससे यात्रियों को ट्रेनों से जुड़ी जानकारी समय पर मिल रही है। यह सिस्टम नेशनल ट्रेन इंक्वायरी सिस्टम से जुड़ा हुआ है, जिससे घोषणाएं स्वतः होती हैं। यात्रियों की सुरक्षा के लिए 1,874 स्टेशनों पर एआई आधारित हाई-टेक वीडियो सर्विलांस सिस्टम लगाया गया है। यह सिस्टम घुसपैठ और संदिग्ध गतिविधियों की पहचान करने में सक्षम है और फेस रिकग्निशन तकनीक से निगरानी को और मजबूत बनाता है। संचार व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए 1,396 स्टेशनों पर आधुनिक टेलीकॉम नेटवर्क आईपी एमपीएलएस तकनीक के जरिए स्थापित किया गया है। इससे रेलवे के विभिन्न ऑपरेशन्स जैसे टिकटिंग, ट्रेन कंट्रोल और वीडियो मॉनिटरिंग में तेजी और दक्षता आई है। इसके अलावा, कठिन इलाकों में स्थित रेल सुरंगों में टनल कम्युनिकेशन सिस्टम लगाया जा रहा है, जिससे सुरंग के अंदर और कंट्रोल रूम के बीच लगातार संपर्क बना रहता है।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस पर 'होलीस्टिक हीलिंग' अभियान की शुरूआत

**नयी दिल्ली :** विश्व स्वास्थ्य दिवस के मौके पर मंगलवार को हमदर्द लैबोरेटरीज ने देश में 'होलीस्टिक हीलिंग' अभियान की शुरूआत की है। इसका उद्देश्य निवारक वेलनेस और समग्र देखभाल को बढ़ावा देना है, जिसमें शोध, शिक्षा और समुदाय सहभागिता को साथ लाया गया है। होलीस्टिक हीलिंग का विचार बीमारी के मूल कारणों को संबोधित करने और शरीर, मन और पर्यावरण के संतुलन को स्थापित करने के लिए बेहतर स्वास्थ्य प्राप्त करने पर केंद्रित है। इस मौके पर हमदर्द लैबोरेटरीज के चेयरमैन अब्दुल मजीद ने बताया कि देश में मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय संबंधी बीमारियां और जीवनशैली से जुड़े रोग जैसे गैर-संक्रामक रोग एक बड़ी सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती बन गए हैं। ऐसे में, होलीस्टिक हीलिंग निवारण, जल्दी हस्तक्षेप और दीर्घकालिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है।

# केंद्र सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लक्ष्य की ओर कर रही तेजी से कार्य : शिवराज

एजेंसी

**जयपुर :** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कृषि भारत की रीढ़ है तथा किसान इस देश की आत्मा हैं। केंद्र सरकार किसानों की आय बढ़ाने, उनके जीवन स्तर में सुधार करते हुए कृषि में आत्मनिर्भर बनने के लक्ष्य की ओर तेजी से कार्य कर रही है। उन्होंने राजस्थान में कृषि क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों की तारीफ करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में कृषि का रोडमैप तैयार किया गया है। चौहान ने अन्य राज्यों को भी इस नवाचार का अनुसरण करने का संदेश दिया। चौहान मंगलवार को जयपुर में आयोजित पश्चिमी क्षेत्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश की भौगोलिक विविधताओं को ध्यान में रखते हुए



प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में क्षेत्रीय कृषि सम्मेलनों के आयोजन का निर्णय लिया गया है। इसी क्रम में पहला क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन का शुभारंभ राजस्थान से किया गया है। उन्होंने खेती से जुड़े इस महत्वपूर्ण सम्मेलन का राजस्थान में आयोजन होने पर धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि सम्मेलन में गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, गोवा तथा राजस्थान राज्य शामिल है तथा इस सम्मेलन में कृषि क्षेत्र की आवश्यकताओं, चुनौतियों और संभावनाओं को समझने का एक मंच मिलेगा। साथ ही, सम्मेलन से राज्यों के बीच आपसी समन्वय व नवाचारों को भी साझा कर कृषि क्षेत्र को नई दिशा मिलेगी। केंद्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने कृषि क्षेत्र के लिए तीन प्रमुख लक्ष्य निर्धारित किए हैं। पहला, देश की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना जिससे आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को गति मिले। दूसरे लक्ष्य के तहत किसानों की आय बढ़ाने और उनके जीवन स्तर में सुधार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। साथ ही, तीसरे लक्ष्य के रूप में खाद्य सुरक्षा के साथ-साथ पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया है। इसके लिए उत्पादन वृद्धि, कृषि का विविधीकरण और एकीकृत कृषि प्रणाली जैसी पहलों के माध्यम से पोषणयुक्त आहार उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। चौहान ने कहा कि सभी राज्य मिशन मोड पर कार्य करते हुए फार्मर आईडी के तहत 100 प्रतिशत किसानों का पंजीकरण करवाए जिससे किसानों को योजनाओं का लाभ शीघ्रता से मिल सके। प्राकृतिक आपदाओं द्वारा उत्पन्न जोखिमों से किसानों को बचाने के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना संचालित की जा रही है। उन्होंने कहा कि फसलों को हुए नुकसान का शीघ्र आकलन करें, जिससे किसानों को बीमा योजना का लाभ त्वरित मिल सके। केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि राजस्थान में कृषि के संभावनाओं को देखते हुए कृषि के रोडमैप बनाने की पहल की गई है। अन्य राज्य भी इससे प्रेरणा लेकर कृषि का रोडमैप बनाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा आगामी समय में ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट (ग्राम) का भी आयोजन किया जाएगा। जिसमें भी केंद्र सरकार विशेषज्ञों, अधिकारी तथा वैज्ञानिकों की टीम भेजेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मानना है कि किसान देश की नींव हैं और देश का विकास गांव की पगडंडियों, खेत-खलियानों से होगा।

## ममता ने केंद्रीय फंड को पार्टी के काम के लिए इस्तेमाल किया : धर्मेंद्र प्रधान

एजेंसी

**कोलकाता :** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि केंद्र सरकार द्वारा शिक्षा और कल्याण योजनाओं के लिए दिए गए धन का दुरुपयोग किया है। उन्होंने राज्य की शिक्षा व्यवस्था में गिरावट का भी दावा किया। धर्मेंद्र प्रधान ने कालीघाट मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि मध्यान्ह भोजन, पाठ्य पुस्तकों और स्कूल ड्रेस के लिए दिए गए केंद्रीय धन को कथित रूप से पार्टी गतिविधियों में लगाया गया। उन्होंने कहा, "बंगाल की शिक्षा व्यवस्था को बर्बाद कर दिया गया है।" प्रधान ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के



नेतृत्व वाली वर्तमान सरकार के साथ-साथ वाम मोर्चा के लंबे शासनकाल को भी इसके लिए जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद और रवींद्रनाथ टैगोर जैसी महान हस्तियों की विरासत वाले राज्य की स्थिति अब चिंताजनक हो गई है। हालांकि तृणमूल कांग्रेस ने इन आरोपों को निराधार बताया। पार्टी का कहना है कि केंद्र सरकार ने विभिन्न जनकल्याण योजनाओं के तहत

## आईआईएसईआर में दाखिले का मौका, आईएटी के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 13 अप्रैल

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** यदि आप विज्ञान में आगे पढ़ाई करना चाहते हैं और अच्छे संस्थान की तलाश में हैं, तो यह खबर आपके काम की है। आईआईएसईआर में दाखिले के लिए आईएटी 2026 का फॉर्म भरने की आखिरी तारीख 13 अप्रैल है, यानि अब ज्यादा समय नहीं बचा है। आईआईएसईआर एप्टीट्यूड टेस्ट के जरिए देश के बड़े विज्ञान संस्थानों, आईआईएसईआर बेरहामपुर, भोपाल, कोलकाता, मोहाली, पुणे, तिरुवनंतपुरम और तिरुपति में दाखिला मिलता है। यहाँ पढ़ाई के साथ-साथ रिसर्च करने का भी शानदार मौका मिलता है, जिससे आगे का रास्ता मजबूत होता है।

**आईएटी 2026 की महत्वपूर्ण तिथियां**

- 13 अप्रैल, 2026ः एप्लीकेशन पोर्टल बंद होने की तिथि
- 16-18 अप्रैल, 2026ः एप्लीकेशन फॉर्म में सुधार की समय अवधि
- 24 मई, 2026ः एग्जाम हॉल टिकट जारी होगा
- 7 जून, 2026ः आईआईएसईआर एप्टीट्यूड टेस्ट 2026- परीक्षा तिथि इस बार खास बात यह है कि इस परीक्षा का दायरा बढ़ा दिया गया है। अब एक ही परीक्षा से कुछ और बड़े संस्थानों में भी पढ़ने का मौका मिल सकता है, जिससे छात्रों के पास ज्यादा विकल्प रहेंगे। परीक्षा 7 जून, 2026 को सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगी। इसमें कुल 60 सवाल होंगे और परीक्षा कंप्यूटर के जरिए ली जाएगी। प्रत्येक विषय- जीवविज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित और भौतिक विज्ञान के 15 प्रश्न होंगे। परीक्षा कुल 180 मिनट की होगी। सभी प्रश्न बहुविकल्पीय होंगे। प्रत्येक प्रश्न का सिर्फ एक सही उत्तर होगा।
- प्रत्येक सही उत्तर के लिए 4 अंक दिए जाएँगे
- प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 1 अंक कटेगा
- अनुत्तरित प्रश्नों के लिए 0 अंक दिया जाएगा
- इस तरह आईएटी का अधिकतम अंक 240 होगा

फॉर्म भरने के लिए आप / पर जा सकते हैं।

# आधुनिक विकास को परंपराओं और नैतिक मूल्यों के साथ जोड़ना जरूरीः उपराष्ट्रपति

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने मंगलवार को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के 39वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि वैज्ञानिक प्रगति और आधुनिक विकास को नैतिक मूल्यों और भारतीय परंपराओं के साथ संतुलित करना आवश्यक है, ताकि समावेशी और जिम्मेदार समाज का निर्माण किया जा सके। इस अवसर पर 3.2 लाख से अधिक विद्यार्थियों को डिग्री, डिप्लोमा और प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। उपराष्ट्रपति ने डिजीलॉकर के माध्यम से प्रमाणपत्र जारी किए और इग्नू एलुमनाई पोर्टल का भी शुभारंभ किया। उपराष्ट्रपति ने कहा कि आधुनिक तकनीक, विशेषकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, शिक्षा और समाज के विकास में महत्वपूर्ण



भूमिका निभा सकती है, लेकिन इसका उपयोग जिम्मेदारी और जवाबदेही के साथ होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसके नैतिक मूल्य हैं और विकास की दिशा में आगे बढ़ते समय परंपराओं को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि वैज्ञानिक उन्नति को नैतिकता के मार्गदर्शन में आगे बढ़ाना समय की मांग है। उपराष्ट्रपति ने इग्नू की भूमिका की सराहना करते हुए इसे देश में समावेशी और सुलभ उच्च शिक्षा का मजबूत स्तंभ बताया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ने दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से लाखों विद्यार्थियों तक शिक्षा पहुंचाकर सामाजिक समानता और अवसरों का विस्तार किया है। उन्होंने बताया कि इग्नू में 14 लाख से अधिक शिक्षार्थी हैं, जिनमें बड़ी संख्या महिलाओं और ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले छात्रों की है। यह विश्वविद्यालय शिक्षा के लोकतंत्रीकरण का सशक्त उदाहरण है। कोविड-19 महामारी के दौरान इग्नू ने स्वयं और ई-ज्ञानकोष जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से शिक्षा को निर्बाध जारी रखा। उन्होंने नई शिक्षा नीति के तहत चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम और मल्टीपल एग्जिट विकल्पों को शिक्षा प्रणाली में लचीलापन लाने वाला कदम बताया। कार्यक्रम में दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू, इग्नू की कुलपति प्रो. उमा कंजीलाल सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## सनातन आस्था का अपमान करने के मामले में खरगे के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

**गुवाहाटी :** भारतीय जनता पार्टी की असम इकाई ने कांग्रेस पर सनातन सभ्यता और धार्मिक आस्थाओं का अपमान करने का आरोप लगाते हुए इसकी कड़ी निंदा की है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता रंजीब शर्मा ने मंगलवार को गुवाहाटी स्थित बशिष्ठ थाना में इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कराई। पार्टी की ओर से जारी बयान में कहा गया कि वोट बैंक की राजनीति के लिए कांग्रेस ने अपने स्तर को गिराते हुए पवित्र प्रतीकों को निशाना बनाया है। भाजपा के अनुसार, 6 अप्रैल को श्रीभूमि जिले के नीलामबाजार में आयोजित एक चुनावी सभा के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की टिप्पणियां हिंदू धर्म और परंपराओं का सीधा अपमान हैं। भाजपा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेतृत्व संविधान की बात करता है, लेकिन उसके कार्य सभी धर्मों के सम्मान की मूल भावना के विपरीत हैं।

# पांच किलो वाले एलपीजी सिलेंडर का सप्लाई कोटा हुआ दोगुना, प्रवासी मजदूरों और छात्रों को मिलेगी राहत

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** पश्चिम एशिया में जारी जंग के कारण देश में रसोई गैस की सप्लाई में हो रही परेशानी के बीच केंद्र सरकार ने 5 किलोग्राम वाले छोटे एलपीजी गैस सिलेंडर के सप्लाई कोटे को दोगुना करने का ऐलान किया है। 5 किलो वाले फ्री ट्रेड एलपीजी सिलेंडर के कोटा को बढ़ाए जाने का फायदा उन लोगों को मिलेगा, जो गांव से रोजी-रोटी की तलाश में या पढ़ने के लिए शहरों में आते हैं और खाना बनाने के लिए बिना कनेक्शन वाले इन छोटे सिलेंडर का उपयोग करते हैं। पेट्रोलियम मंत्रालय की ओर से जारी नोटिफिकेशन के अनुसार 5 किलोग्राम




वाले छोटे गैस सिलेंडर के कोटे को दोगुना करने के लिए पिछले महीने दो और तीन तारीख यानी दो और तीन मार्च को ओपन मार्केट में सप्लाई किए गए छोटे सिलेंडर की संख्या को आधार माना जाएगा। मंत्रालय की ओर से स्पष्ट किया गया है कि 5 किलोग्राम वाले छोटे एफटीएल सिलेंडर राज्य के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभागों को उपलब्ध कराए जाएंगे और इनकी सप्लाई सिर्फ प्रवासियों के लिए होगी। इन छोटे सिलेंडर के लिए स्थाई गैस कनेक्शन लेने की जरूरत नहीं होती है। दूर दराज के गांव से शहरों में पढ़ने के लिए या काम करने के लिए आए छात्र और प्रवासी मजदूर अपने स्थाई पता का प्रमाण देने की जगह सिर्फ मान्य पहचान पत्र दिखाकर सिलेंडर ले सकते हैं। इसके अलावा अस्थाई तौर शहर में रहने के वाले लोग यानी जिनके पास स्थाई पता नहीं होता है, वे भी इस सिलेंडर को मान्य पहचान पत्र दिखा कर ले सकते हैं। इसीलिए शहर में रहने वाले प्रवासी मजदूर या प्रवासी छात्रों के लिए 5 किलोग्राम का यह गैस सिलेंडर काफी उपयोगी साबित होता है। पश्चिम एशिया में जंग की शुरूआत के बाद से ही केंद्र सरकार पेट्रोलियम उत्पादों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की कोशिश में जुटी है। पेट्रोलियम मंत्रालय की ओर से पहले भी बयान जारी कर स्पष्ट किया जा चुका है कि मौजूदा वैश्विक हालात के बीच पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए हर संभव कोशिश की जा रही है।

संक्षिप्त खबरें

## संघ प्रमुख डॉ भागवत ने वृंदावन में संत मलूक दासजी महाराज के 452वें जयंती महोत्सव का किया शुभारंभ



**मथुरा:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत ने मंगलवार को वृंदावन के मलूकपीठ आश्रम में आयोजित संत मलूक दासजी महाराज के 452वें जयंती महोत्सव का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया ।उन्होंन संत शिरोमणि मलूकदास महाराज की समाधि पर पूजा-अर्चना भी की और यहां की दिव्य रज को अपने माथे से लगाया ।उन्होंने एकता का संदेश भी दिया। आरएसएस के सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत के मलूकपीठ आश्रम पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। समारोह में पूजा अर्चना करने के बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सर संघचालक डॉ मोहन भागवत ने मंच से संतों संग एकता का संदेश दिया। इस आयोजन की विशेष बताते हुए इसके महत्व को रेखांकित किया। इस अवसर पर प्रख्यात योग गुरु स्वामी बाबा रामदेव भी उपस्थित रहे और उन्होंने भी सभी संतों को नमन किया। इस धार्मिक समारोह में गीतामनीषी ज्ञानानंद महाराज ने संत शिरोमणि मलूकदास महाराज के व्यक्तित्व व कृतित्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संत शिरोमणि मलूकदास महाराज दिव्य संत थे। गीतामनीषी ज्ञानांद महाराज उन्होंने संघ प्रमुख का मलूकपीठ आश्रम में प्रथम बार आगमन पर स्वागत किया। इस अवसर पर मलूकपीठाधीश्वर आचार्य राजेंद्रदास महाराज ने आरएसएस प्रमुख डॉ भागवत को ठाकुर जी की छवि भेंट की। मंगलवार को डॉ भागवत के आगमन को लेकर मलूक पीठ परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं और चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात है। जयंती समारोह के इन कार्यक्रमों में आज शाम को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी शामिल होंगे। उनके दौरे को लेकर स्थानीय प्रशासन और संगठन पूरी तरह सतर्क है।

## भारत की स्वास्थ्य प्रणाली पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक चिकित्सा के समन्वय का उदाहरण : नड्डा

**नयी दिल्ली :** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्यमंत्री जेपी नड्डा ने देशभर में लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और संतुलित जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया। मंगलवार को एक्स पर साझा किए अपने संदेश में नड्डा ने कहा कि भारत की स्वास्थ्य प्रणाली



को पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक चिकित्सा के समन्वय का उदाहरण है, जो न केवल देश बल्कि वैश्विक स्तर पर भी लोगों के जीवन को बेहतर बनाने में योगदान दे रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में स्वास्थ्य क्षेत्र में कई बड़े बदलाव हुए हैं। आयुष्मान भारत योजना और प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना जैसी पहल ने गरीब और जरूरतमंद लोगों के लिए इलाज को अधिक सुलभ और किफायती बनाया है। इन योजनाओं के माध्यम से देश के लाखों लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल रहा है। जेपी नड्डा ने इस अवसर पर डॉक्टरों, नर्सों और सभी फ्रंटलाइन स्वास्थ्यकर्मियों के योगदान को भी सराहा। उन्होंने कहा कि उनकी मेहनत और समर्पण से ही देश की स्वास्थ्य व्यवस्था मजबूत बनी हुई है। उन्होंने आह्वान किया कि सरकार और समाज के सभी वर्गों से मिलकर एक स्वस्थ और सशक्त भारत के निर्माण के लिए आगे आना चाहिए । उल्लखनीय है कि विश्व स्वास्थ्य दिवस हर साल 7 अप्रैल को मनाया जाता है। यह दिन विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना की वर्षगांठ के रूप में मनाया जाता है, जिसकी शुरूआत 1948 में हुई थी। इस दिन का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और दुनिया भर में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ावा देना है।

## नेपाल सरकार ने पेट्रोलियम उत्पादों पर टैक्स में दी 50 फीसदी छूट




**काठमांडू:** नेपाल सरकार ने पेट्रोलियम उत्पादों—पेट्रोल, डीजल और केरोसिन के आयात पर लगाए जाने वाले कस्टम ड्यूटी और पूवार्धार विकास कर में 50 प्रतिशत छूट देने का निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह के नेतृत्व में मंगलवार को हुई मंत्रिपरिषद की बैठक ने यह फैसला लिया गया। नेपाल आयल निगम को पिछले 15 दिनों में लगभग 11.72 अरब रुपये का नुकसान हुआ है। मंत्रिपरिषद की बैठक के बाद नेपाल के संघीय मामिला तथा सामान्य प्रशासन मंत्री प्रतिभा रावल ने बताया कि ईंधन खपत कम करने के लिए सरकार कई उपायों पर विचार कर रही है, जिनमें शनिवार के अलावा रविवार को भी सार्वजनिक अवकाश देने का फैसला किया जा चुका है। इसके अलावा सवारी साधनों पर 'ऑड-इवनह्ल प्रणाली लागू करने की संभावना तथा इलेक्ट्रिक वाहनों और एथनोल के उपयोग को बढ़ावा देना शामिल है। इससे पहले 2 अप्रैल को नेपाल आयल निगम ने पेट्रोल और डीजल की कीमत में प्रति लीटर 15 रुपये की बढ़ोतरी की थी। यह वृद्धि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में लगातार हो रही बढ़ोतरी के कारण की गई थी। संशोधित दरों के अनुसार काठमांडू में पेट्रोल की कीमत 202 रुपये प्रति लीटर निर्धारित की गई है, जबकि डीजल और केरोसिन 172 रुपये प्रति लीटर की दर से बेचे जा रहे हैं।

## गंगा में नाव पर सवार होकर बीयर पीने वाला युवक गिरफ्तार

**वाराणसी:** उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में गंगा नदी में बजड़े (बड़ी नाव) पर सवार होकर बीयर पीते युवक का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद एक्शन में आई पुलिस ने आरोपित युवक को अस्सीघाट के समीप से मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवक की पहचान नगवां निवासी नाव डेकोरेटर अर्जुन राजभर (25 वर्ष) के रूप में हुई है। एसीपी भेलूपुर गौरव कुमार ने इसकी पुष्टि की। बताया जा रहा कि पकड़े जाने के बाद युवक अपनी गलती को स्वीकार कर माफी भी मांगता रहा। पूछताछ में गिरफ्तार आरोपित ने पुलिस को बताया कि रविवार शाम को वह वाराणसी से अदलपुरा बड़ी शीतला माता के जाने वाले बधावा यात्रा में शामिल हुआ था। अर्जुन क अनुसार वह शाम को घर से निकला था और रात में अदलहाट पहुंच गया था। रास्ते में उसने साथियों के साथ नाव के अंदर बीयर पीने के बाद डीजे पर डांस किया था। इस मामले में नाविक प्रेम साहनी ने भेलूपुर थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। मां गंगा निषादराज सेवा न्यास ने भी दशाश्वमेध एसीपी को पत्रक सौंप कर आरोपित को गिरफ्तार करने की मांग की थी।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातु, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
**संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 7903538992, 9570107019, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**